15 YEARS

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 15 | अंकः 01 | मूल्यः ₹ 3.00/- पेज : 12 | मंगलवार | 10 अक्टूबर, 2023


## संपादक की कलम से...

## बेमिसाल चौदह साल

प्रिय पाठकगण,
नमस्कार।

यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि आज आपके लोकप्रिय समाचार-पत्र जन एक्सप्रेस का स्थापना दिवस है। आज के ही दिन अर्थात 10 अक्टूबर को ही वर्ष 2009 में हमने जन एक्सप्रेस की नींव रखी। अब जन एक्सप्रेस अपनी किशोरावस्था में प्रवेश कर चुका है एवं आज अपना पन्द्रहवाँ स्थापना दिवस मना रहा है। गत चौदह वर्षो में आप सभी ने जो अपना स्नेह एवं प्यार दिखाया, उसके लिए जन एक्सप्रेस टीम की तरफ से आपसभी का हृदयतल से आभार। जन-जन से मिले इस स्नेह ने ही हमें एक्सप्रेस बनाने में सफलता प्रदान की है।

चौदह साल के इस सफर में असंख्य स्मृतियाँ हैं, जो हमेशा हमें आगे बढ़ने को प्रेरित करती रहेंगी। आज लाखों पाठक जन एक्सप्रेस को हमारी प्रकाशित प्रतियों, ऐप्प, ई-पेपर के माध्यम से पढ़ते हैं। यूट्यूब व फेसबुक के माध्यम से भी जन एक्सप्रेस की खबरों को देखते हैं। मुख्यतः सामयिक घटनायें, राजनीति, खेल-कूद, व्यक्तित्व, विज्ञापन, धर्म, आध्यात्म, शिक्षा, रोज़गार, न्याय इत्यादि खबरों से भरपूर आपके इस समाचार-पत्र ने इन चौदह वर्षों में अद्वितीय मिसाल कायम की है। जन एक्सप्रेस रूपी इस वृक्ष की छांव में हमारी सभ्यता व संस्कृति नित पल्लवित-पुष्पित हो रही है। हम जन-जन के साथ खड़े होकर उनकी समस्याओं के समाधान का नित नया रास्ता बनाते रहे हैं, उनके संघर्षों में सहभागी बन रहे हैं। हमने हमेशा ही निष्पक्ष पत्रकारिता की है। कभी मूल्यों से समझौता न तो किया है और न ही करेंगे। हमने भ्रष्टाचार, अपराध, अन्याय, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध हमेशा आवाज उठाई है और उठाते रहेंगे। अपनी निडर पत्रकारिता के दम पर पूर्व की तरह ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के द्वारा किये जाने वाले देशहित कार्यों का समर्थन करेंगे तो अनैतिक कार्यों का विरोध भी करेंगे। सत्ता पक्ष व विपक्ष को जन-जन की मूलभूत समस्याओं से अवगत भी कराते रहेंगे।

जन एक्सप्रेस के चौदह वर्षो का यह सफर चुनौतियों से भरा पड़ा है। इसमें अत्यन्त हर्ष के साथ-साथ विषाद भी शामिल हैं। खट्टी-मीठी, कसैली तमाम यादें शामिल हैं। परन्तु एक बात शाश्वत सत्य है, इसमें हमेशा ही आगे बढ़ने की जिद है। ऐसी जिद जो पथ के सारे अवरोधों को खुद-ब-खुद कमजोर कर देती है। आज स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जन एक्सप्रेस अपने वसुधैव कुटुम्बकम एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के संकल्प को पुनः दोहराता है। जन एक्सप्रेस आप सभी के प्यार व आशीर्वाद हेतु सदैव अपेक्षा करता है। आपके विचार व सुझाव ही जन एक्सप्रेस की शक्ति हैं, हम निरन्तर आपके विचारों व सुझावों का विनम्र स्वागत करते हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जन एक्सप्रेस को आपसभी का स्नेह व आशीर्वाद हमेशा प्राप्त होता रहेगा।

-अरुण कुमार त्रिपाठी

# 5 राज्यों में चुनाव की घोषणा

## सत्ता का संग्रामः 60 लाख मतदाता पहली बार करेंगे वोट, 3 दिसंबर को आएंगे नतीजे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सोमवार को मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। इन राज्यों में चुनावी प्रक्रिया 27 दिन चलेगी। सबसे पहले मिजोरम में 7 नवंबर को मतदान होगा। इसके बाद मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा। छत्तीसगढ़ में 2 चरणों में 7 नवंबर और 17 नवंबर को वोटिंग होगी। फिर 23 नवंबर को राजस्थान और 30 नवंबर को तेलंगाना में वोट डाले जाएंगे। सभी 5 राज्यों में एक साथ 3 दिसंबर को रिजल्ट आएंगे। मध्यप्रदेश में अभी बीजेपी सत्ता में है, तो राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। तेलंगाना में केसीआर की पार्टी बीआरएस की तो वहीं, मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है।

### चुनाव प्रचार के लिए मिलेंगे सिर्फ 45 दिन

राजस्थान में राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार के लिए इस चुनाव में सिर्फ 45 दिन मिलेंगे। 2018 में 6 अक्टूबर को आचार संहिता लागू हुई थी और 7 दिसंबर को वोटिंग हुई थी। इस हिसाब से 2018 में प्रत्याशियों को प्रचार के लिए 62 दिन मिले थे, लेकिन 9 अक्टूबर को आचार संहिता लगी है और 23 नवंबर को वोटिंग होने के कारण सिर्फ 45 दिन ही मिल रहे हैं।

### पांचों राज्यों में पिछली बार 11 दिसंबर को आया था रिजल्ट

2018 में राजस्थान में 7 दिसंबर, मध्यप्रदेश में 28 नवंबर, तेलंगाना में 7 दिसंबर, मिजोरम में 18 नवंबर को एक फेज में वोटिंग हुई थी। वहीं छत्तीसगढ़ में दो फेज में 12 और 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। रिजल्ट 11 दिसंबर को एनाउंस किया गया था।

### कहां कब होंगे चुनाव

मिजोरम
07 नवंबर

छत्तीसगढ़
07 और 17 नवंबर

मध्य प्रदेश
17 नवंबर

राजस्थान
23 नवंबर


तेलंगाना
30 नवंबर

मतगणना
03 दिसंबर



### पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटें

पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटें हैं। मध्य प्रदेश में इस वक्त भाजपा की सरकार है। वहीं, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस शासन में है। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव वाली भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस की सरकार है। मिजोरम में जोरमथंगा की मिजो नेशनल फ्रंट सत्ताधारी पार्टी है।




मतदाताओं को पता होना चाहिए मुफ्त घोषणायें कैसे होंगी पूरीः मुख्य चुनाव आयुक्त

### 8192 पोलिंग बूथों पर महिलाएं कमान संभालेंगी

1. 5 राज्यों की 679 विधानसभा सीटों के लिए 1.77 लाख पोलिंग स्टेशन बनाए हैं।
2. 17734 मॉडल बूथ, 621 पोलिंग बूथों को दिव्यांग कर्मचारी मैनेज करेंगे।
3. 8192 पोलिंग बूथों पर महिलाएं कमान संभालेंगी। 1.01 लाख पोलिंग बूथ पर वेबकास्टिंग होगी।
4. आदिवासियों के स्पेशल बूथ होंगे। 2 किलोमीटर के अंदर पोलिंग बूथ होंगे।
5. सी विजिल ऐप से चुनावी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। लोग ऐप के जरिए शिकायत कर सकेंगे।

### मध्यप्रदेशः दिवाली के 5 दिन बाद मतदान

मध्यप्रदेश में दिवाली के 5 दिन बाद मतदान होगा। प्रदेश की सभी 230 सीटों पर एक ही फेज में 17 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इसके 16 दिन बाद 3 दिसंबर को नतीजे आएंगे। यानी मध्यप्रदेश में आज से 55वें दिन ये तस्वीर साफ हो जाएगी कि किसकी सरकार बनेगी। एमपी में चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही प्रदेश में चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। 21 अक्टूबर को नोटिफिकेशन जारी होगा। 30 अक्टूबर तक नामांकन हो सकेंगे। नामांकन की जांच 31 अक्टूबर को होगी। 2 नवंबर नाम वापसी की आखिरी तारीख है।

### राजस्थानः वोटिंग के 10 दिन बाद रिजल्ट

राजस्थान में विधानसभा चुनावों का ऐलान हो गया है। प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में वोटिंग होगी। 23 नवंबर को मतदान होगा और 10 दिन बाद 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम आ जाएंगे, यानी अगले 55 दिन में नई सरकार पर तस्वीर साफ हो जाएगी। चुनावों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आचार संहिता लागू हो गई है। जिस दिन राजस्थान में वोटिंग है, उस दिन देवउठनी एकादशी है। देवउठनी एकादशी को सबसे बड़ा अबूझ सावा माना जाता है, माना जा रहा है कि इससे वोटिंग प्रतिशत पर असर पड़ेगा, क्योंकि इस दिन राजस्थान में लगभग 1 लाख शादियां होंगी।

### छत्तीसगढ़ः 7 और 17 नवंबर को वोटिंग

चुनाव आयोग ने सोमवार को छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में चुनाव तारीखों का ऐलान कर दिया है। छत्तीसगढ़ में 2 चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण में 7 नवंबर और दूसरे चरण में 17 नवंबर को मतदान होगा। नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे। ऐसे में आज से 55 दिन बाद प्रदेश को नई सरकार मिलेगी। पहले चरण में 20 सीटों पर वोटिंग होगी, जिसमें बस्तर संभाग की 12 और राजनांदगांव लोकसभा की 8 विधानसभा सीटें शामिल हैं। वहीं दूसरे चरण में बाकी 70 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण की 13 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं। इनमें बस्तर संभाग की जगदलपुर सीट के अलावा सभी 11 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।

### तेलंगाना में 1,821 उम्मीदवार मैदान में

राज्य में पिछले चुनाव सात दिसंबर 2018 को हुए थे। इस चुनाव के लिए कुल 1,821 उम्मीदवार मैदान में थे। राज्य में प्रति निर्वाचन क्षेत्र में औसतन 15 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 2,05,99,739 थी। इनमें से 1,03,28,078 पुरुष, 1,02,71,470 महिलाएं और 191 थर्ड जेंडर्स ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। पुरुषों के लिए मतदान 72.90 प्रतिशत, महिलाओं के लिए 73.86 प्रतिशत और कुल मतदान 73.37 प्रतिशत रहा।

### मिजोरम में 209 उम्मीदवार मैदान में

राज्य में पिछले चुनाव 28 नवंबर 2018 को हुए थे। इस चुनाव के लिए कुल 209 उम्मीदवार मैदान में थे। राज्य में प्रति निर्वाचन क्षेत्र में औसतन पांच प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 6,20,008 थी। इनमें से 2,99,746 पुरुष और 3,20,262 महिलाओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। पुरुषों के लिए मतदान 78.92 प्रतिशत, महिलाओं के लिए 81.09 प्रतिशत और कुल मतदान 80.03 प्रतिशत रहा। मतदान केंद्रों की संख्या 1,170 थी।

“पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए 679 विधानसभा क्षेत्रों में 1.77 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। 17,734 मॉडल मतदान केंद्र होंगे, 621 मतदान केंद्रों का प्रबंधन पीडब्लूडी कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा, और 8,192 केंद्रों पर महिलाएं कमान संभालेंगी।

-राजीव कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त

### माफिया अतीक अहमद के बेटे बाल गृह से रिहा, सीडब्ल्यूसी ने बुआ को सुपुर्द करने का दिया आदेश

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

माफिया अतीक अहमद के चौथे बेटों को सोमवार को बाल संप्रेषण गृह से रिहा कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बाल कल्याण समिति ने एहजम को रिहा करने का आदेश जारी किया। देर शाम एहजम और उसके छोटे भाई को उनकी बुआ शाहीन परवीन को सुपुर्द कर दिया गया। रिहाई की प्रक्रिया सुबह से ही चल रही थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बाल कल्याण समिति ने यह निर्णय लिया है। इसी साल एहजम चार अक्तूबर को 18 साल का हो चुका है और ऐसे में नियमानुसार उसे बाल संप्रेषण गृह में नहीं रखा जा सकता। बता दें कि उसकी बुआ शाहीन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर दोनों बच्चों को उन्हें सौंपने की मांग की गई थी। मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से बाल कल्याण समिति को विचार कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 10 अक्तूबर को होनी है। सोमवार को देर शाम उनको बाल संरक्षण गृह से रिहा करते हुए उसे उसकी बुआ को सुपुर्द कर दिया गया।

### आस्ट्रेलिया टीम पहुंची लखनऊ

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। क्रिकेट विश्वकप के तहत 12 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम लखनऊ पहुंच गई। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम रविवार दिन में ही लखनऊ पहुंच गई थी। ऑस्ट्रेलिया टीम का आज एयरपोर्ट पर पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। यहीं से टीम के खिलाड़ी सीधे अपने होटल की ओर रवाना हो गए। ऑस्ट्रेलिया टीम का अभ्यास सत्र मंगलवार को शाम को 6:00 बजे से 9:00 तक नियत किया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम से रविवार को मिली हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में अगले दो मैच खेलेंगी. टीम के लिए अगले दोनों मुकाबले खासे महत्वपूर्ण होंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम जबरदस्त फॉर्म में है और श्रीलंका भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं है।


मंडी परिषद के एक कर्मचारी मंजीत ने ही नोटरी प्रमाणित कराकर लाल डायरी को कोर्ट और आला अधिकारियों तक भेजा

# मंडी परिषद में 'लाल डायरी' ने खोला करोड़ों के भ्रष्टाचार का पिटारा

- मंडी परिषद केभ्रष्टाचार का पूरा ब्यौरा दर्ज है लाल डायरी में, किस अधिकारी को कितना कमीशन दिया यह भी दर्ज
- उपनिदेशक निर्माण सहित चार पर गिरी गाज, भ्रष्टाचार का मास्टरमाइंड एक उपनिदेशक निर्माण महेंद्र कुमार शिकंजे से बाहर
- सूत्रों के अनुसार महेंद्र कुमार को बचाने में जुटे हैं मंडी निदेशक व अन्य उच्च अधिकारी

जन एक्सप्रेस/डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद में एक बार फिर करोड़ों के भ्रष्टाचार का पिटारा खुला है। 50 करोड़ से अधिक के भ्रष्टाचार का यह पिटारा खोला है मंडी परिषद के ही एक कर्मचारी मंजीत ने। उसने 'लाल डायरी' में भ्रष्टाचार का तमाम ब्यौरा दर्ज कर उस डायरी को नोटरी प्रमाणित कराकर आला अधिकारियों और कोर्ट को भेजा है। सूत्रों के अनुसार इस लाल डायरी में सब दर्ज है कि किस मद में, किस अधिकारी को कब और कितना कमीशन दिया गया है। लाल डायरी के अनुसार मंडी निदेशक समेत सभी अधिकारियों को करोड़ों रुपए बतौर कमीशन दिए गए हैं। लाल डायरी सामने आते ही उप निदेशक निर्माण सहित चार पर निलंबन की कार्रवाई हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार भ्रष्टाचार के मास्टरमाइंड एक उपनिदेशक निर्माण महेंद्र कुमार को बचाने में निदेशक अंजनी कुमार समेत पूरा अमला जुटा हुआ है।



### किसने बनाई है लाल डायरी

दरअसल मंडी परिषद में भ्रष्टाचार का लेखा-जोखा रखने वाली 'लाल डायरी' उपनिदेशक निर्माण महेंद्र कुमार के दाहिने हाथ मंजीत सिंह ने तैयार की है। मंजीत पर ही सभी अधिकारियों को कमीशन पहुंचाने और व्यवस्थित करने का जिम्मा रहता था। उसने खुद यह डायरी सिलसिलेवार वर्ष के हिसाब से अधिकारियों को कमीशन व अन्य मद में हुए खर्च के विवरण के साथ दर्ज की है।





### क्यों सार्वजनिक की 'लाल डायरी'

मंडी परिषद में जब भ्रष्टाचार की कलई खुलने लगी तो सबसे पहला नाम महेंद्र कुमार के साथ इलाहाबाद में तैनात मंजीत कुमार का आया। मंजीत ही भ्रष्टाचार की रकम का हिसाब करता था। जब मंजीत ने खुद को चारों तरफ से घिरते हुए देखा तब उसने सोचा कि भ्रष्टाचार की दलदल में सभी का नाम सार्वजनिक कर दिया जाए, ताकि वह अकेला न फंसे। इसलिए उसने अपने पास तैयार लाल डायरी को नोटरी प्रमाणित कराकर सार्वजनिक कर दिया।

### महेंद्र कुमार और मंजीत का क्या है कनेक्शन

दरअसल मंजीत इलाहाबाद में तैनाती के दौरान महेंद्र कुमार का खासम खास रहा है। महेंद्र कुमार का डीडीसी इलाहाबाद से डीडीसी झांसी के रूप में ट्रांसफर हो गया। इसके बाद महेंद्र कुमार ने मंजीत को भी अपने पास झांसी बुला लिया। लेकिन मंजीत का जाल बट्टा इलाहाबाद में इस कदर फैला हुआ था कि महेंद्र कुमार की शह पर मंजीत बिना निदेशक या अपर निदेशक के आदेश के इलाहाबाद में भी काम संभालता था। क्योंकि मंजीत ही भ्रष्टाचार का अकाउंटेंट था, इसलिए मुख्यालय से लेकर प्रदेश भर में उसकी मौजूदगी पर कोई आपत्ति नहीं उठाता था।

### मंडी परिषद में क्या है महेंद्र कुमार का रुतबा

उपनिदेशक निर्माण महेंद्र कुमार मंडी निदेशक अंजनी कुमार के चहेते और कृपा पात्र हैं। यही कारण है कि भ्रष्टाचार का मास्टरमाइंड होने के बावजूद निदेशक अंजनी कुमार, चीफ इंजीनियर और निदेशक की ओर से मामले में बैठाई गई जांच समिति उन्हें बचाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। यही नहीं, निदेशक को महेंद्र कुमार से अधिक काबिल मंडी परिषद में कोई नहीं दिख रहा। इसीलिए, महेंद्र कुमार को उपनिदेशक निर्माण मुरादाबाद, मेरठ डिवीजन और संयुक्त निदेशक निर्माण बरेली जोन तीन का अतिरिक्त कार्यभार भी दिया हुआ है।

### बालासोर ट्रेन हादसे में 28 शव लावारिस, आज अंतिम संस्कार किया जाएगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर

ओडिशा के बालासोर में ट्रिपल टेन एक्सीडेंट को चार महीने हो चुके हैं। इस हादसे में 297 लोगों की मौत हुई थी। जिसमें 269 शवों को उनके घरवाले ले गए। अभी 28 शव ऐसे हैं जिन्हें लेने कोई नहीं आया। अब इन लावारिस शवों के दाह संस्कार का जिम्मा भुवनेश्वर नगर निगम को सौंपा जा रहा है। बीएमसी के अधिकारियों ने 28 अज्ञात शवों को डिस्पोज ऑफ करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नगर निगम ने इन शवों को वैज्ञानिक तरीके से डिस्पोज ऑफ करने के लिए एक एसओपी जारी की है। बीएमसी मेयर सुलोचना दास ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, शवों को सीबीआई अधिकारियों की मौजूदगी में निगम को सौंप दिया जाएगा। हम मंगलवार को दाह संस्कार की योजना बना रहे हैं।

### जिला पंचायत के चालक पर कुल्हाड़ी से हमला, गंभीर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भदोखर क्षेत्र में जिला पंचायत के एक चालक पर कुछ लोगों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर रूप से घायल चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना गुलाबकला मजरे बेलाभेला निवासी रामसजीवन के साथ हुई। जिला पंचायत में वाहन चालक रामसजीवन छह अक्तूबर को ड्यूटी के बाद बाइक से घर जा रहा था। उसके साथ गांव का भगवती भी था। पलिया गांव के पास रेलवे क्रासिंग पर कुछ लोगों ने रामसजीवन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। यह देख उसका साथी भगवती भाग निकला। रामसजीवन के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो हमलावर भाग निकले।


जन एक्सप्रेस के 15वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

डा. ओम प्रकाश त्रिपाठी होम्योपैथिक हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जिला परिषद मार्केट (निकट विकास भवन) सुलतानपुर
फोन- 05362-241086, 9415457302, 9451556075

विशेषताएं : एलर्जी, सफेद दाग, समस्त चर्मरोग, जले कटे का दाग व स्कार, गठिया, सायटिका, गिल्टी, गांठे, बच्चेदानी की गांठ, गैस्ट्रिक व अल्सर, गुर्दे की पथरी, मिर्गी व हिस्टीरिया, मानसिक रोग, स्त्री रोग संबंधित समस्त बीमारियां एवं अन्य असाधय व जटिल बीमारियों का विशेष इलाज



डा. शैलेन्द्र त्रिपाठी
एम.डी.(होम्योपैथिक) मो. 9415457302
पूर्व राष्ट्रीय अधयक्ष
होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन
पूर्व उपाधयक्ष होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड (उप मंत्री)-उत्तर प्रदेश
पूर्व सदस्य केन्द्रीय होम्यो परिषद भारत
सदस्य एवं परीक्षक होम्योपैथिक संकाय, आगरा विश्वविद्यालय
पूर्व प्रत्याशी बसपा 187 विधानसभा इसौली, सुलतानपुर



डा. ओम प्रकाश त्रिपाठी
बी.एम.एस., पूर्व चिकित्साधिकारी
पूर्व सदस्य विधान परिषद,
उ. प्र. प्रदेश महासचिव-बसपा, उ.प्र.

डा. शिवेन्द्र त्रिपाठी
बी.एच.एम.एस.

डा. पल्लवी त्रिपाठी
बी.एच.एम.एस.

डा. प्रियंका त्रिपाठी
बी.एच.एम.एस.

# फर्जी आख्या लगाने वाले लेखपालों के खिलाफ करें कार्यवाही : डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में सोमवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना व राजस्व वादों का विशेष अभियान चलाकर निस्तारण कराएं जाने के सम्बन्ध में बैठक जिलाधिकारी कक्ष में हुई।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लंबित दावा के सम्बन्ध में उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जो लंबित दावे हैं, उसका स्थलीय जांच कराकर व समितियां को फाइल भेज कर पुनः सत्यापित कराकर जल्द से जल्द निस्तारण कराए। उन्होंने सम्बन्धित लेखपालों से कहा कि जो बटाईदार है, उस क्लेम में जांच आख्या भी प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि इसमें जांच आंख्या आती है, रिपोर्ट के अनुसार इसका निस्तारण कराएं।

इसके बाद राजस्व वादों का विशेष अभियान के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए हैं कि देवरिया, कानपुर देहात, कौशांबी में जो भूमि सम्बन्धी घटना हुई है, पुनः दुर्घटना न होने पाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की अपेक्षा के अनुसार कार्यवाही करें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, लेखपाल तथा सभी राजस्व विभाग के कर्मचारियों से कहा कि समय से निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व थाना प्रभारी जो भूमि सम्बन्धी विवाद है, उसका निस्तारण कराएं। किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने से पहले उसका निस्तारण हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस व प्रशासन मिलकर जो भी धाराएं हैं, सभी उप जिलाधिकारी व थाना प्रभारी इसको सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि वादों का निस्तारण शीघ्रता से हो, धारा 24 के लंबित प्रकरणों का निस्तारण जल्द से जल्द हो। धारा 33 के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार और तहसीलदार विवाद का निस्तारण कराए। धारा 34 के अंतर्गत उन्होंने कहा कि मऊ और राजापुर में प्रकरण जो लंबित हैं, उसका निस्तारण जल्द से जल्द कराएं। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए, इसमें शत प्रतिशत निस्तारण होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रकरणों को देरी करने में स्टाफ के कर्मचारियों का भी हाथ होता है, सम्बन्धित पर कार्रवाई सुनिश्चित कराए। धारा 106 के अंतर्गत उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि लेखपालों द्वारा कितने मुकदमे बनाए गए हैं, इसकी भी लिस्ट रखें, जो नहीं कर रहा है उनके वेतन को रोक दें। जिलाधिकारी ने कहा कि मीर जुमला की फाइल को ज्यादा समय तक न चलाएं, उसका निस्तारण करें। धारा 80 के अंतर्गत उन्होंने कहा कि जो उद्योग, प्लांट आदि लगाने के लिए मैटर आते हैं, उसका निस्तारण कराए। उन्होंने कहा कि परेशान करने वाले अधिकारियों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वामित्व योजना के अंतर्गत उन्होंने कहा कि सभी तहसीलदार फाइल जमा कराए नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। कहा कि फर्जी आख्या लगाने वाले लेखपालों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि 5 दिन न्यायालय अवश्य चलना चाहिए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी मानिकपुर रामजन्म यादव, मऊ राकेश पाठक, कर्वी सौरव यादव, अपर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे।

## होनहार छात्र को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट** निपुण भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक स्कूल में एक सर्वश्रेष्ठ छात्र का चयन कर नीति आयोग के निर्देशन में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना है। इसी निर्देश के क्रम में प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम पुरवा चित्रकूट में विद्यालय के होनहार छात्र राजू यादव का चयन कर सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी सम्मान प्रधानाध्यापक अभिषेक केशरवानी द्वारा तिलक कर किया गया तथा मेडल और ट्राफी सम्मान के रूप में दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे गांधी सम्मान से अलंकृत शिक्षा मित्र सर्वेश यादव ने कहा कि विभाग के ऐसे कार्यक्रमों से निश्चित ही छात्रों का मनोबल बढ़ेगा और बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होगा। इस मौके पर शत्रुघन सोनी, दीपशिखा सिंह, अनीता सिंह, सरीफुन निशा, शारदा प्रसाद यादव, शनि, मेहँदी हसन, खुशी, अनुराधा आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने मनाया बसपा संस्थापक कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट** कौंग्रेस कार्यालय में सोमवार को काशीराम की 17वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस को (दलित गौरव संवाद स्वाभिमान के वास्ते संविधान के रास्ते) प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कौंग्रेस के शीर्ष पदाधिकारी की उपस्थिति में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, संगठन मंत्री अनिल यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, बृजलाल खाबरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चित्रकूट की बेटी पगड़ी धारी निर्मला भारती, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अपनी टीम के साथ पहुंच कर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## पांच दिवसीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड का हुआ समापन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था द्वारा गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कॉलिज कर्वी में चलाए जा रहे तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का समापन हो गया। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्काउट गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत बताते हुए उनमें विषम परिस्थितियों के लिए अपने आप को तैयार रखने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

# क्षय रोगियों को डीएम ने वितरित किए पोषण किट



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में सोमवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा गोद लिए गए 100 नये क्षय रोगियों में से 50 क्षय रोगियों को कलेक्टरेट सभागार में निक्षय पोषण किट वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प 2025 तक टीवी मुक्त भारत का सपना हम सभी को मिलकर साकार करना है। उन्होंने कहा कि रेडक्रास सोसाइटी द्वारा पूर्व में भी कई महत्वपूर्ण जन उपयोगी कार्य किये गए है।

आज का यह कार्यक्रम निश्चित रूप से इन सभी रोगियों के लिए अत्यन्त लाभ प्रद होगा। उन्होंने कहा कि किट में दिये जा रहे पोषण आहार के नियमित प्रयोग से लोगों को दवा और भी बेहतर कारगर सिद्ध होगी। साथ ही इम्यूनिटी पावर भी मजबूत होगी। उन्होंने रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव केशव शिवहरे से कहा कि इस अभियान में जिले के पेट्रोल पंप डीलर, गैस एजेंसी डीलर, शिक्षकों, पुलिस विभाग, आपूर्ति विभाग एवं बैंको को भी जोड़कर ज्यादा से ज्यादा क्षय रोगियों को गोद लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने गोद लेने वाले जिले के सम्भ्रांत नागरिकों डॉ. सुधीर अग्रवाल, डॉ. शशांक अग्रवाल, डॉ. सीताराम गुप्त, अजय अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, डॉ. सीएन सिंह, देवेश जैन, संजय अग्रवाल को रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा किए जा रहे कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और आगे बढ़ कर क्षय रोगियों को गोद लेकर 2025 तक जिले को टीबी रोग से मुक्त कराया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर ने कहा कि इस तरह के कार्यों में आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी ने कहा कि जिले में इस समय 1358 क्षय रोगी नोटीफाइड है।

जिसमें से 155 रोगियों को रेड क्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर गोद लिया जा चुका है, शेष लोगों को शीघ्र ही गोद लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा लगातार इस तरह के सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं, जिससे सीधे तौर पर पीड़ितों को लाभ मिल रहा है। रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव केशव शिवहरे ने कहा कि सोसायटी सदस्यों के सहयोग से गत वर्ष 100 क्षय रोगियों को गोद लिया गया था जो पूर्णतया स्वस्थ होकर जीवन यापन कर रहे हैं। वर्तमान में पुनः जिले से एक सैकड़ा क्षय रोगियों को गोद लिया गया है। जिससे जल्द से जल्द जनपद को टीबी रोग से मुक्त किया जा सके। उन्होने कहा कि इस पोषण किट में प्रत्येक रोगी को एक किलो ग्राम मूंग दाल, मूंगफली दाना, भूना चना, गुड़ एवं सोया बडी आदि दी जा रही हैं। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, एआईजी आर रामसुंदर यादव, डीआईओएस एसके मिश्रा, बीएसए लव प्रकाश, एलडीएम तुलसी राम, डीटीओ डॉ. दया शंकर, डॉ. मुकेश पाण्डे होम्यो., पीपीसी ज्ञानचंद्र शुक्ला, पीपीएम विवेक मिश्र, मुन्ना प्रसाद, रामप्रताप, अम्बरिष कुमार टीबी चैम्पियन, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## वाल्मीकि जयंती को लेकर तैयारी बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय से लगभग 24 किलोमीटर की दूरी में स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालपुर में सोमवार को वाल्मीकि आश्रम के महंत भरतदास महाराज की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। जिसमें वाल्मीकि जयंती आगामी 28 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें आश्रम के समस्त ट्रस्टी, सदस्यगण व प्रदेश के मुख्यमंत्री के आने की संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले से वाल्मीकि समाज के सम्मानित लोगों को बैठक में सम्मिलित हुए। शशिकांत वाल्मीकि, पूर्व विशेष सचिव विधान सभा लखनऊ दिनेश चंद्र, संगठन प्रदेश अध्यक्ष चंदन लाल वाल्मीकि, संरक्षक संगठन नागपुर अशोक मेंढे, उमेश सुमित वाल्मीकि, प्रदेश महासचिव बाराबंकी आकाश पुष्कर वाल्मीकि, राष्ट्रीय सचिव बरेली उत्तर प्रदेश, प्रदेश अध्यक्ष युवा विंग खीरी कुंवर विकेंस वाल्मीक उपस्थित रहे।

# विहिप की शौर्य जागरण यात्रा का धर्मनगरी में हुआ स्वागत

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य जागरण यात्रा की विशाल धर्मसभा सोमवार को रामायण मेला परिसर सीतापुर में संपन्न हुई। जिसमें लगभग 2000 सनातनियों ने भाग लिया। यह यात्रा कानपुर प्रांत के 21 जिले से होते हुए चित्रकूट से काशी के लिए प्रस्थान करेगी। जिसमें विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल अपने स्थापना काल से ही इन देश घातक शक्तियों से संघर्षरत है।

अनेक कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया है, अनेक कार्यकर्ता शत्रुओं से संघर्ष करने में घायल हुए हैं, कुछ राजनीतिक दलों की तुष्टिकरण की नीतियों का शिकार बजरंग दल के कार्यकर्ता हुए हैं। फिर भी इन राष्ट्र विरोधी शक्तियों से कानून के दायरे में रहकर कार्यकर्ता संघर्षरत है। धर्म की जय और अधर्मियों का नाश होने तक यह संघर्ष अनवरत चलता रहेगा। आज देश के समक्ष पुनः महाभारत काल के जैसी ही परिस्थितिया चुनौती दे रही है। राष्ट्र विरोधी धर्म विरोधी शक्तियां संगठित होकर भारत में आतंकवाद, अलगाववाद, जातिवाद, लव जिहाद, धर्मांतरण, गौहत्या और जनसंख्या असंतुलन जैसे अनेक प्रकार से हिंदू समाज पर आक्रमण कर हिंदू समाज और देश को तोड़ने का षड्यंत्र रच रही है। गीता के संदेश को जीवन में धारण कर हर हिंदू युवा इस धर्म युद्ध में भी विधर्मियों को पराजित करेगा। केंद्रीय मंत्री अभिनव दीक्षित, प्रांत सह मंत्री अवधेश भाई साहब, प्रांत सहमंत्री अजीत राज, प्रांत संयोजक बजरंग दल शुभम कौशिक, प्रांत सहसंयोजक बजरंग दल राकेश पांडे, प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख, महंत राम दास संतोषी अखाड़ा, महंत दिव्य जीवन दासमहाराज दिगंबर अखाड़ा, संत मदन गोपाल दास महाराज कामदगिरि पीठम, जितेंद्र दास महाराज पनकी आश्रम, मोहित दास तुलसी गुफा रामघाट, वरुण प्रपन्नाचार्य बड़ा मठ रामघाट, जिला अध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी, विहिप ओमप्रकाश, रामकुमार पटेल, ऋषभ, अंकित पटेल, अजय मिश्रा, उमाकांत, गणेश, जिला सहसंयोजक प्रणव भारद्वाज, जमुना प्रसाद अग्रवाल, चंदा सोनी, नीरज केसरवानी, अशोक गुप्ता आदि मौजूद रहे। कर्वी में हिन्दूवादी नेता मोनू यादव व नगर संयोजक शानू यादव समेत सैकडों लोगों ने आरती कर यात्रा का स्वागत किया।

# दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर पति समेत तीन को सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



सात माह की दुधमुही बेटी की मां की दहेज हत्या के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषसिद्ध होने पर मृतका के पति को आठ वर्ष कैद की सजा सुनाई है। साथ ही मृतका के सास ससुर को भी 7-7 साल कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक को सात हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि बांदा जिले के कमासिन थाने के ममसी गांव के निवासी रामनारायण पुत्र कोदा ने पहाड़ी थाने में 21 जून 2015 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसने अपनी बेटी अभिलाषा यादव की शादी पहाड़ी थाना क्षेत्र के नहरा गांव के दिनेश पुत्र सत्य नारायण के साथ वर्ष 2013 में की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज के लिए अभिलाषा का उत्पीड़न करते थे। कुछ दिन बाद अभिलाषा ने एक बेटी को भी जन्म दिया, किंतु ससुराली जनों द्वारा लगातार अभिलाषा का उत्पीड़न किया जाता रहा। इसके बाद बीती 19 जून 2015 की रात ससुराली जनों ने अभिलाषा को लाठी डंडों से पीटकर मार डाला और फांसी में टांग दिया। इसकी सूचना मिलने पर वह नहरा पंहुचा तो पूरे घटना क्रम की जानकारी हुई और उसने पहाड़ी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार ने मामले में दोषसिद्ध होने पर मृतका के पति दिनेश कुमार को आठ वर्ष, मृतका के ससुर सत्यनारायण व सास रेखा देवी को सात-सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक को सात हजार के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

# शौर्य जागरण यात्रा से सनातन धर्म अनुयायियों में आयेगा बदलाव : साध्वी

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



झांसी से चलकर काशी जाने वाली विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा जनपद पहुंची। रात्रि विश्राम के पश्चात शौर्य जागरण यात्रा जोशीले नारों के बीच शहर में घूमी। यात्रा में कई महान विभूतियों की झांकियां भी शामिल रहीं। जो आकर्षण का केंद्र बिंदु रहीं। यात्रा में तमाम युवा अपने हाथों में लाठी व तलवार लेकर भी निकले। युवाओं ने भगवान श्रीराम के उद्घोष लगाये। यात्रा का कई जगह स्वागत हुआ। सैकड़ों वाहनों के साथ यात्रा निर्धारित मार्ग से भ्रमण करते हुए शान्तीनगर स्थित एएस इंटर कालेज पहुंची। जहां धर्मसभा आयोजित हुई। जिसमें वक्ताओं ने सनातन धर्म पर हो रहे अत्याचार सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा किया। शौर्य जागरण यात्रा में जिले की सांसद/केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ-साथ पूर्व विधायक विक्रम सिंह, विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने हिस्सा लिया। तपस्वी नगर से प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने झांकियों का माल्यार्पण एवं पूजन करके यात्रा को रवाना किया। डीजे की धुन के बीच सैकड़ों वाहनों के साथ शौर्य जागरण यात्रा राधानगर, देवीगंज, हरिहरगंज, कलक्टरगंज, वर्मा चौराहा, पीरनपुर, ज्वालागंज चौराहा होते हुए शान्तीनगर स्थित एएस इंटर कालेज से खागा पहुंची। यात्रा का कई स्थानों पर विहिप, बजरंग दल व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। धर्म सभा में बड़ी संख्या में सनातन धर्म के अनुयायियों ने हिस्सा लिया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि इस यात्रा के बाद से सनातन धर्म के लोगों के बीच बड़ा बदलाव आयेगा। उन्होने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य सनातन संस्कृति के साथ हो रहे खिलवाड़ व भारत मां के साथ गद्दारी करने वालों को सबक सिखाने के लिए किया जा रहा है। उन्होने कहा कि विभिन्न जातियों के बिखरे हिंदुओं को संगठित करने का काम किया जा रहा है। जिससे राष्ट्र विरोधी शक्तियों को कड़ा संदेश दिया जा सके। उन्होने कहा कि सनातन धर्म के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। धर्म सभा को विहिप व बजरंग दल सहित भाजपा के नेताओ ने संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी सख्या मे सनातन अनुयायी मौजूद रहे।

# महिला की हत्या के मामले में बाप-बेटी समेत चार को आजीवन कारावास की सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पिता और सहयोगियों के साथ मिलकर मां को मौत के घाट उतारने वाली बेटी और उसके पिता समेत कुल चार लोगों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 5 जनवरी 2011 को पहाडी थाने में भानपुर गांव की निवासी मिल्लू देवी पुत्री मिठाईलाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादियां ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा था कि उसकी मां मीरा देवी से मिलने के लिए गांव के ही आधा दर्जन लोग आए थे। इसके बाद रात्रि में उसकी मां मोबाइल चार्ज कराने के लिए दरवाजे की कुण्डी बाहर से बन्द कर चली गयी।

सबेरा होने पर उसका शव खेत में पडा मिला। इस मामले में उसने गांव के ही बेलन पुत्र चुनकू अवस्थी समेत चार लोगों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद इस मामले कि विवेचना हुई और प्रकाश में आया कि वादिया मिल्लू देवी ने ही अपनी मां की हत्या, पिता मिठाईलाल पुत्र बसंतलाल, फर्रूखाबाद जिले के राजेपुर निवासी सुरेश जाटव पुत्र मचले व अशोक उर्फ पिन्टू पुत्र मेघनाथ के साथ मिलकर की थी और गांव के लोगों को झूंठा फसा दिया था। हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने इस मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने निर्णय सुनाया।

## निबन्ध व चित्रकला प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता जागरुकता अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा है जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साप्ताहिक कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था। स्वच्छता के साथ-साथ जनपद में समस्त विद्यालयो में निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। वही आज समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियो को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता निर्णायक मण्डल मे जिला जज, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिला जज, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी आदि रहे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मे नित्या पाण्डेय अपर जिला जज द्वारा बताया गया कि 2 अक्टूबर से सम्पूर्ण जिले में विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किये गये है। सम्पूर्ण जनपद व तहसील स्तर व ब्लॉक स्तर पर प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयो तथा महाविद्यालयों द्वारा जनपद के आमजन के मध्य स्वच्छता के महत्व का प्रचार-प्रसार करने हेतु एवं जागरूक किया गया। वही प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा के विद्यालयो मे निबन्ध व चित्रकला की प्रतियागिता करायी गयी थी।

## धान के खेत से मिला युवक का शव, हत्या की आंशका

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

मलवॉ थाना क्षेत्र मे धान के खेत मे संदिग्ध स्थित मे युवक का शव मिलने से ग्रामीणो हडकम्प मच गया। वही परिजनो और थाना पुलिस को घटना की सूचना दिया गया। जहॉ परिजनो का आरोप है कि मृतक अनमे मामा के घर आया था और आसनाई के चलते हत्या किया गया है। वही पुलिस ने मौके की गम्भीरता से तहकीकात करके शव को कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया।

जनकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नेवलापुर गांव के रहने वाले दयाशंकर 25 का शव धान के खेत मे मिला। परिजनों ने बताया कि मृतक दया शंकर विगत 5 अक्टूबर को घर से अचानक गायब हो गया और हम उसकी खेज-बीन करते रहे। वही ननिहाल भी पूछा तो बताया गया कि यहॉ नही आया। मृतक के पिता ने बताया कि शव के शरीर पर चोट के निसान है और मामी से अनैतिक सम्बन्ध होने के चलते बेटे की हत्या किया गया है। मृतक कई वर्षो से गुजरात के सूरत मे रहकर रोजी-रोटी कमाता रहा है और पैसा मामी को ही देता था। मृतक के पिता व भाई अरोप लगा रहे है कि हत्या किया गया है और शव को धान के खेत मे फेक दिया गया है। वही थाना पुलिस सभी बिन्दुओ मे गम्भीरता से लेते हुये जॉच कर रही है।

## समाजवादी पार्टी ने मनाया कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट** समाजवादी पार्टी कार्यालय में बहुजन नायक कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। जिसमें कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव बताया कि काशीराम ने दलित पिछड़ों को सम्बोधित करते हुए कहा था कि स्वाभिमानी कौम ही संघर्ष की परिभाषा समझती है। जिनका स्वाभिमान मरा है वो गुलाम हैं। उन्होंने हमेशा ही समाज को राजनीति के प्रति जागरूक रहने के लिए बताया था कि जिस समाज की गैर राजनीतिक जड़ें मजबूत नहीं होती वो समाज राजनीति में कभी तरक्की नहीं कर सकता।

जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बताया कि कांशीराम ने शिक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए बताया था कि असली ताकत दिखाने वाले कवर में नहीं होती बल्कि लिखने वाली स्याही में होती है। जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल ने बताया कि कांशीराम ने पहले ही समाज को आगाह किया था कि अगर न बिकने वाला नेता चाहते हो तो न बिकने वाला समाज बनाना पड़ेगा।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत
मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 56235761 | Electromagnetic Crack Detector for Coil Spring of LHB Coaches with accessories as per Specification attached along with Installation & Commissioning | 01 Nos | 02.11.2023 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। निविदा नोटिस सं0. ईपीएस/56/2023-2024 ईमेल पता: dycmmcb15@gmail.com 3123/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 18 घण्टे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद छात्र का शव बरामद

**जन एक्सप्रेस । खागा/फतेहपुर**



किशनपुर थाना क्षेत्र मे किशनपुर-दादो पक्का पुल मे रविवार को देर शाम कक्षा ग्यारह का छात्र साईकिल से घूमने गया था और अचानक यमुना नदी मे गिर गया। घटना की जानकारी होते ही परिजनो सहित थाना पुलिस मौके पहुँच गयी और किशोर को खोजने के लिए स्थानीय गोताखोरो को पानी मे उतारा कर छात्र को बचाने का प्रयास किया गया लेकिन गोतखोर खोजने मे असफल रहे। लगातार 18 घण्टे चले रेस्क्यू आपरेशन के बाद छात्र का शव मिला।

ब्ताया जाता है कि नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 8 के रहने वाले रामदास निर्मल का 17 वर्षीय पुत्र अंकित निर्मल रविवार की शाम करीब 7 बजे अपने दोस्त धर्मेंद्र के साथ यमुना नदी पर बने नवनिर्मित पुल पर साइकिल से बांदा जिले की तरफ से घूमकर वापस आ रहा था। तभी यमुना पुल पर अपने दोस्त के साथ साइकिल से रेस लगा रहे कक्षा 11 के छात्र की साइकिल की चेन टूट गई। पुल के पास अंकित के साइकिल की चेन टूट गई और अनियंत्रित होने पर छात्र ने पैर से रोकने के लिए पुल की रेलिंग पर पैर लगाया तो लड़खड़ाते हुए यमुना नदी में जा गिरा। पीछे से आ रहे दोस्त धर्मेंद्र ने अंकित को नीचे नदी में गिरते हुए देखकर शोर मचाया। फिर दोस्त ने पुलिस को सूचना दिया। लोग जब तक कुछ समझ पाते छात्र नदी के पानी में बहकर डूब गया। पुलिस ने रात में गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू किया। 17 से 18 घण्टे चले रेस्क्यू आपरेशन के बाद छात्र का शव बरामत हुआ। परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। कार्यवाहक थाना प्रभारी आजाद सिंह ने बताया कि नदी में डूबे 17 वर्षीय किशोर की 18 घण्टे तलाश के बाद छात्र का शव बरामत हो पाया। अग्रिम कार्यवाही किया जा रहा है।

# बुखार की चपेट में आने से भगवंतापुर के ग्रामीण की मृत्यु

* निजी अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ा दम,पत्नी व भाई भी बुखार से ग्रसित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जांच के बाद ही बुखार से मौत होने की पुष्टि होगी। गांव में टीम भेजी जाएगी। कैंप लगाकर दवा का वितरण कराया जाएगा।
-अनिकेत गंगवार, एमओआईसी पूरनपुर

**पूरनपुर।** वायरल बुखार की चपेट में चल रहे एक ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक का भाई और पत्नी को भी बुखार ने अपनी चपेट में ले रखा हे। बतादें कि सप्ताह भर पहले गांव के एक 12 वर्षीय बालक की भी बुखार से मौत हो गई थी। पूरनपुर और तहसील क्षेत्र में सामान्य बीमारियों के साथ संक्रामक रोग तेजी से पैर पसार रहे हैं। बुखार की चपेट में आने से कई अनहोनी भी हो चुकी है। सोमवार को एक और अनहोनी पूरनपुर के गांव भगवंतापुर में हो गई। गांव के 45 वर्षीय धर्मपाल को पांच-छह दिन पहले बुखार आया। उन्होंने दवा ली लेकिन फायदा नहीं हुआ। इसपर उन्हें पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार की शाम उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र शिवकुमार ने परिवार के अन्य सदस्यों को भी बुखार ने चपेट में ले रखा है। दवा ले रहे हैं लेकिन फायदा नहीं हो रहा है। ग्राम प्रधान सतीश ने बताया कि धर्मपाल को कई दिन से बुखार आ रहा था। रविवार की देर शाम उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इससे पहले भी गांव के सिद्धार्थ की मौत भी बुखार की चपेट में आने से हो गई थी। गांव में अधिकांश लोग बुखार की चपेट में चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को शिविर लगाना चाहिए।

## बिजली की अघोषित कटौती से रात भर बेहाल रहे उपभोक्ता

**जन एक्सप्रेस/पूरनपुर।** अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। पिछले कई दिन से दिन के अलावा रात में भी कई-कई घंटे तक बिजली बाधित हो रही है। रविवार की रात तो ग्रामीण क्षेत्र में हर एक घंटे के अंतराल में कई बार रोस्टिंग की गई। इससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते उपभोक्ताओं को शेड्यूल के मुताबिक बिजली नहीं मिल रही है। इससे उपभोक्ताओं में रोष है। नगर के अलावा देहात क्षेत्र में बिजली कटौती का खेल जारी है। नगर की बात करें तो रोजाना बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मरों में खराबी आने के बाद कई कई घंटे तक बिजली ठप रहती है। इसके अलावा रोस्टिंग के नाम पर भी कटौती की जाती है। ग्रामीण क्षेत्र का हल तो बेहद खराब चल रहा है। लोगों को कहना है कि शासन से 18 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश हैं लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। दिन और रात मिलाकर महज 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल रही है। करीब पखबाड़ा भर से रोस्टिंग के नाम पर कई-कई घंटे बिजली बंद रखी जा रही है। रविवार की रात तो हर एक घंटे के अंतराल में रोस्टिंग की गई। बिजली उपकरण ठप रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि पावर कार्पोरेशन के अधिकारी ऊपर से ही कटौती होने का हवाला दे रहे हैं।

# बाघ के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने जाम किया माधोटांडा पीलीभीत हाईवे

* कलीनगर के आसपुर, लक्ष्मीपुर, सपहा में घूम रहा बाघ न पकड़े जाने से उग्र हुए लोग
* वन अफसरों व पुलिस प्रशासन के काफी सझमाने पर ढाई घंटे बाद खुला जाम

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा



"बाघ पकड़ने की मांग को लेकर लोगों ने माधोटांडा-पीलीभीत हाइवे पर लक्ष्मीपुर चौराहे पर जाम लगा दी थी। मौके पर जाकर उनको समझाकर शांत कराया। ग्रामीण गन्ने के खेत में बाघ होने का दावा कर रहे हैं। उसकी लोकेशन ट्रेस करने के लिए टीम लगाई गई है। जैसे ही बाघ दिखाई देता है उसकी घेराबंदी कर उसे पकड़ा जाएगा। लोगों को समूह के साथ खेतों पर जाने को कहा गया है। संभवता यह वही बाघ हो सकता है तो कुछ दिन पहले बांसखेड़ा के बाग में था। -दिलीप तिवारी, माला रेंजर

**पूरनपुर।** आबादी क्षेत्र में घूम रहे बाघ को न पकड़े जाने से गुस्साए लोगों ने पीलीभीत-माधोटांडा हाइवे पर गांव लक्ष्मीपुर चौराहा पर जाम लगा दी। इससे हाइवे पर दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई। पुलिस ने पहुंचकर जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन लोग वन अफसरों के आने के बाद ही हटने की जिद पर अड़ गए। सूचना पर माला रेंजर एसडीओ, नायब तहसीलदार पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों को काफी देर तक समझाया। वन अफसरों के आश्वासन देने पर लोगों ने जाम खोली। करीब ढाई घंटे तक हाइवे जाम रहने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए टीम लगाई गई है।

एक दिन पहले कलीनगर के गांव मथना में बाघ ने 12 घंटे में दो पशुओं को निवाला बनाया। इसके अलावा गांव आसपुर के बितौनियां में भी बाघ ने गन्ने के खेत में छुट्टा गोवंश को मार दिया था। सोमवार की सुबह फिर बाघ गांव लक्ष्मीपुर से सपहा मार्ग पर देखा गया। इससे लोगों में खलबली मच गई। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची तो लोगों ने बाघ को पकड़ने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। लोगों का आक्रोश देख टीम इधर-उधर खिसक गई और पुलिस को सूचना दी। इसपर ग्रामीणों का गुस्सा और बढ़ गया। सुबह करीब नौ बजे गांव लक्ष्मीपुर, आसपुर, खासपुर, पिपरिया संतोष आदि गांव के लोग एकत्र होकर माधोटांडा-पीलीभीत हाइवे पर लक्ष्मीपुर चौराहे पर पहुंचे और जाम लगा दी। उन्होंने हाइवे को पूरी तरह से ब्लाक कर दिया और बाघ पकड़ने की मांग करने लगे। इससे पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। पुलिस ने मौके पर जाकर लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। करीब 11 बजे कलीनगर के नायब तहसीलदार अक्षय यादव, पीटीआर की माला रेंज के एसडीओ दिलीप तिवारी, सामाजिक वानिकी पीलीभीत के रेंजर पियूष मोहन टीम के साथ पहुंचे। माला रेंजर ने आक्रोशित लोगों को समझाकर बाघ पकड़ने का भरोसा दिया। इसपर लोग शांत हुए। करीब ढाई घंटे तक वाहन सवारों को जाम की झाम में फंसकर दिक्कत का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने जल्द बाघ न पकड़े जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### बाघ की दहशत के साथ वन विभाग के खिलाफ आक्रोश

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव जमुनिया, मथना, आसपुर, खासपुर, बांसखेड़ा, पिपिरया संतोष, लक्ष्मीपुर, सपहा, दयालपुर, ढकिया, रानीगंज आदि कई गांवों में बाघ की चहल-कदमी हो रही है। करीब दो माह में बाघ अलग-अलग गांवों के चार लोगों को निवाला बना चुका है। लोग उसकी दहशत के साए में जी रहे हैं। वहीं वन विभाग के खिलाफ भी लोगों में आक्रोश है। उन्होंने आबादी क्षेत्र में घूम रहे बाघ को पकड़ने, जंगल किनारे तार फेंसिंग कराने की मांग की है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अव्यवस्थाओं के चलते भड़के विधायक, मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** जिले के सुईथाकला विकास खण्ड मुख्यालय पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश संकलन को लेकर है। उक्त कार्यक्रम में फैली अव्यवस्थाओं को देखकर स्थानीय विधायक रमेश सिंह आयोजक मण्डल पर भड़क गए। जिसके चलते आयोजन कर्ताओं में हड़कंप मच गया। सूत्रों की मानें तो विधायक श्री सिंह कार्यक्रम के पश्चात बगैर पानी पीए वापस चले गए। बता दें कि केंद्र सरकार के आह्वान पर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप चलाया जा रहा उक्त कार्यक्रम महीनों से विभिन्न रूपों में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सुईथाकला विकास खण्ड मुख्यालय के परिसर में अमृत कलश कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह तय कार्यक्रम के अनुसार विकास खण्ड मुख्यालय पहुंचे तो सरपतहा तिराहे से भाजपा कार्यकर्ताओं संग विधायक गांजे बाजे के साथ निकली अमृत कलश यात्रा में शामिल हुए। जिसमें लोगों द्वारा स्वागत किया गया । परन्तु जब विधायक विकास खण्ड मुख्यालय पहुंचे तो कार्यक्रम में क्षेत्र प्रमुख की जगह उनके प्रतिनिधियों का होना, क्षेत्र के सैनिक के परिवार के किसी सदस्य का न होना एवं प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की कम संख्या में मौजूदगी समेत अन्य व्यवस्थाएं देख अवाक रह गये। कार्यक्रम के मद्देनजर जो लोग आए वह भी बैठने की समुचित व्यवस्था न होने से ही बाहर रह गए और अपनी मौजूदगी का आभास कार्यक्रम के समापन के बाद विधायक से मिलकर कराया।विधायक द्वारा कार्यक्रम में न पहुंचने का कारण पूछने पर लोगो ने कार्यक्रम आयोजकों द्वारा कार्यक्रम की जानकारी न देना भी प्रमुख कारण बताया। जिस पर विधायक भड़क गए और काफी नाराज़ दिखे । आयोजकों के तमाम निवेदन के बाद भी बगैर चाय पानी पीए वापस चले गये। जब विकास खंड अधिकारी कर्मचारियों आयोजकों को विधायक की नाराज़गी का पता चला तो लोगों में हड़कंप मच गया।

### विधायक रमेश सिंह ने दिव्यांग बच्चों को वितरित किया दिव्यांग उपकरण

**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** सर्व शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल जी के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय के नेतृत्व में एलिमको कानपुर द्वारा उपकरण वितरण कैंप का अयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शाहगंज विधायक रमेश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल जी ने सरस्वती प्रतिमा पर दीपप्रज्वलन माल्यार्पण कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय ने बताया कि यह उपकरण उन दिव्यांग बच्चों को दिया जा रहा है जो परिषदीय विद्यालयों में नामांकित है जिससे वे उपकरण के सहारे विद्यालय में आकर शिक्षा ग्रहण कर सके जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है अब ये दिव्यांग बच्चे इन उपकरण के सहारे विद्यालय में आकर शिक्षा ग्रहण करेंगे समाज की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं एलिमको कानपुर से आए ज्ञानेंद्र सिंह आडियो लाजिस्ट, आदर्श द्विवेदी, डाटा ऑपरेटर, विकास कुमार कैलीपर ने 301 उपकरण में 167 दिव्यांग बच्चों को उपकरण दिया जिसमें 18 ट्राइसाइकिल,46 ह्वीलचेयर 36 बैसाखी, 27सीपी चेयर 43 रोलेटर, 4 ब्रेलकिट 7 कैलीपर 52 कान की मसीन वितरण किया गया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि को मेमोंटो देकर सम्मानित किया।



### समसेर फिलिंग स्टेशन पर हुआ सवा लाख की छिनैती

**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** मुफ्तीगंज गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के रामपुर ग्राम सभा के पितुपुर समसेर फिलिंग स्टेशन पर संजय यादव से करीब पचास हजार के उपर और मंगेश यादव से लगभग पच्छत्तर हजार की छिनैती का मामला प्रकाश में आया है पेट्रोल पम्प के मालिक समसेर कुमार ने बताया कि फिनो वाले से सवा लाख रूपये का कर्ज लिया था उसको देने के लिए दोनो लोग पैसा गिनने जा रहे थे कि गद्दोपुर का दबंग ब्यक्ती आया तेल भरवाने के लिए कहा तेल भर दो तेल भरने वाला कहा कि अभी दे रहे है इतने में संजय यादव को लात घुसो से मार कर पचास हजार के उपर रूपया छीन लिए छोड़ाने गये मंगेश यादव से पच्छत्तर हजार रूपये छीन कर फरार हो गये सुचना पर गौराबादशाहपुर थाना उपप्रभारी रमाशंकर पान्डेय ने मौके पर पहुंच कर गाड़ी के नीचे उतरना जरूरी नहीं समझे गाड़ी में बैठे ही सारी जानकारी हासिल करने के बाद तहरीर लेकर वापस चले गये।

# भारत विकास परिषद 'शौर्य' के तत्वावधान में समूह गान प्रतियोगिता आयोजित

* बीआरपी, महावीर और डीबीएस ने जीते पुरस्कार
* भारत विकास परिषद शौर्य के कार्य अत्यन्त सराहनीय: डीके सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




भारत विकास परिषद शौर्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पांडेय के नेतृत्व में तथा रतन शर्मा भाविका बेकर्स के सहयोग से एक भव्य समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन तिलकधारी महाविद्यालय के बलरामपुर हाल में किया गया। इस प्रतियोगिता में डीबीएस इंटर कॉलेज, ऋषिकुल अकैडमी, एसबीएस पब्लिक स्कूल, एलाफ्ट डेल सेनियर स्कूल, महावीर कॉन्वेन्ट स्कूल, सरस्वती बाल मन्दिर, बीआरपी इंटर कॉलेज, सर्वोदय पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व आयुक्त चित्रकूट और पूर्व जिलाधिकारी जौनपुर दिनेश कुमार सिंह रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ठ अतिथि पुलिस उपाधीक्षक सदर श्री एसपी उपाध्याय द्वारा भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। इसके पश्चात महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव द्वारा वन्दे मातरम गीत गाया गया। अध्यक्ष डा. संदीप पांडेय ने अपने उद्बोधन में समूह गान के विषय में बताया तथा शौर्य शाखा द्वारा किये गये ऐतिहासिक कार्यक्रमों के विषय मे चर्चा की। मुख्य अतिथि दिनेश सिंह ने कहा कि शौर्य शाखा के गठन में 70 सदस्यों का एक साथ शपथ ग्रहण एक ऐतिहासिक काम है। उपस्थित लोगों से भी निवेदन किया कि समाज के प्रति जागरूक रहें और कहा कि गरीबों की मदद करके प्राप्त आत्मसंतोष से बड़ा कोई धन नहीं है। प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख राजेश सोनी, जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव तथा प्रकल्प प्रमुख सुजीत यादव ने डा. संदीप को बधाई देते हुए उपस्थित लोगों का अभिवादन किया। निर्णायक मण्डल के रूप में उपस्थित पं. सूर्य प्रकाश मिश्र, डा. सोनाली विश्नोई तथा डा. प्रीती उपाध्याय ने प्रतिस्पर्धा के पश्चात निर्णय घोषित किया। जिसमें बीआरपी इंटर कॉलेज को प्रथम, महावीर कॉन्वेंट को द्वितीय, डीबीएस इंटर कॉलेज को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश कुमार सिंह तथा अध्यक्ष द्वारा सभी विजय छात्रों को शील्ड और प्रतिभाग करने वाले छात्रों को प्रशस्ति-पत्र दिया गया। कार्यक्रम में संगीत अध्यापक जुबेर खान, मंजू देवी, प्रीती, रवी पांडेय तथा पूर्व अध्यक्ष अवधेश गिरी, अतुल जायसवाल, पंकज सिंह, जनार्दन पांडे, जयशंकर सिंह, आनंद स्थाना, संदीप चौधरी, सावित्री सिंह, आनन्द सिंह, मीरा अग्रहरि, मीनू श्रीवास्तव, राजेश, प्रमोद माली, प्रशांत सिंह, सुनील सिंह, अम्बरेश पाठक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अमित पाण्डेय तथा ज्योति श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम संयोजक रतन शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बीसलपुर का ऐतिहासिक रामलीला मेला आज

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** बीसलपुर का ऐतिहासिक रामलीला मेला मंगलवार से प्रारंभ होगा, आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मेले को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन सजग हो गया है। सर्कल के कई थानों की पुलिस मेले में तैनात की जाएगी। श्री रामलीला मेला एसोसिएशन के तत्वाधान में मेला मैदान में 10 अक्टूबर को गणेश पूजन शोभा यात्रा के साथ मेला प्रारंभ होगा। 14 अक्टूबर को भगवान राम का जन्म, 15 अक्टूबर को धनुष यज्ञ 16 अक्टूबर को राम विवाह एवं राजगद्दी बारात शोभा यात्रा, 17 अक्टूबर को राम बनवास, 18 अक्टूबर को दशरथ प्रमाण त्याग लीला, 26 अक्टूबर को रावण वध एवं दशहरा महोत्सव का आयोजन होगा। 27 अक्टूबर को राजगद्दी शोभा यात्रा, 28 अक्टूबर को सुग्रीव विभीषण अन्य वानरों की विदाई की लीला का मंचन होगा।

## गांव गुलरवोझ गौशाला में जानवर भूख के कारण तड़प-तड़प कर मर रहे

* जानवरों को भूसा सड़ा हुआ खिलाया जाता है: उमा चरण

जन एक्सप्रेस । बुद्धसेन कश्यप

**अमरिया।** विकास खण्ड अमरिया क्षेत्र के गांव गुलरवोझ गौवंश आश्रम स्थल गौशाला में गाय का बछड़ा भूंख के वजह से तड़प तड़प कर मर गया दूसरा बछडा भी मरने की कगार पर है। गौशाला मे देख रेख करने वाले उमा चरण ने बताया कि जानवरों को भूसा सड़ा हुआ खिलाया जाता है इसलिए जानवर सड़ा भूसा खाते नहीं है महीने में एक चोकर का कट्टा जो 1 दिन के लिए भी नहीं होता प्रधान जी 10 20 दिन आते नहीं गौशाला में गाय में बछड़े भूख से तड़प रहे हैं डॉक्टर साहब ने भी बताया कि यह भूख के कारण मर रहे हैं गौशाला में रहने वाले उमा चरण से पत्रकार मीडिया के लोगों से बात की तो उन्होने बताया कि यहां प्रधान जी 10 15से नही आते हैं भूसा सड़ा हुआ है चोकर का कट्टा 1 महीने में आता है एक बार एक बाकी खाने के लिए कुछ नहीं है जानवर भूख से मार रहे हैं और उन्होंने बताया कि मेरी सैलरी भी कई महीनो से नहीं दिए और मैं प्रधान जी को फोन लगा रहा हूं तो प्रधान जी फोन नहीं उठा रहे हैं दूसरे उनके साथ रहते हैं उन्हें फोन कर रहे हैं तो वह बात नहीं सुन रहे हैं फोन पर पूरी बात नहीं सुनते हैं फोन काट देते हैं जानवर रात का मर गया जिसकी अंतुष्टी सी वी ओ की उपस्थिति में हुई है जानवर को कुत्ते परेशान कर रहे हैं मैं सुबह से यहां लगा पड़ा हूं मगर प्रधान जी फोन उठाने को भी राजी नहीं है पीलीभीत सी वी ओ से फ़ोन पर बात हुई तो उन्होंने बताया की पचास रुपए प्रत्येक गौवंश पशु को सरकार के स्तर एक अक्टूबर से कर दिए है।अब प्रधान की अगर लापरवाही रही या शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सूचना

मेरे पुत्र का स्कूल की टी0सी0 में गलत नाम मोहम्मद नुमान खान लिख गया है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम नुमान खान हैं।
**सूचना देहांदा**
सितारा बेगम पत्नी मसीउल्ला खान निवासी टांडा विदेशी पोस्ट न्यूरिया हुसैनपुर तहसील अमरिया,जिला पीलीभीत।


# अभिमन्यु ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाकर दिया बड़ा योगदान: विधायक

* प्रतियोगी परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को विधायक ने किया सम्मानित
* श्री अभिमन्यु पीजी कॉलेज लपरी में समारोह का आयोजन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव में श्री अभिमन्यु यादव पीजी कॉलेज में प्रतिमा अनावरण पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तीन दर्जन से अधिक मेधावी छात्राओं को विधायक ने सम्मानित किया । छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मल्हनी के विधायक लकी यादव ने श्री अभिमन्यु यादव पीजी कॉलेज परिसर में स्व- अभिमन्यु यादव के पुण्यतिथी पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। और समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि अभिमन्यु यादव ने ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा संस्थान को खड़ा कर शिक्षा की अलख जगाकर बड़ा योगदान दिया। जिससे यहां के छात्रों को दूर दराज पढ़ने के लिए नहीं जाना पड़ता है। उन्हें प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा यही मिल जाती है। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राकेश कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस उन्हें सुविधा संसाधन मिले । आज ग्रामीण क्षेत्र से निकले हुए बच्चे बडी प्रतियोगी परीक्षाओ में अपने हुनर का लोहा मनवा रहे हैं। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ राजबहादुर ने छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी दौर में तैयारी करने का जोर दिया। कॉलेज द्वारा आयोजित ज्ञान दर्शन प्रतियोगिकी परीक्षा में 300 छात्रों ने हिस्सा लिया था ,उसमें तीन दर्जन छात्र सफल हुए थे। जिन्हें विधायक लकी यादव व अन्य अतिथियो ने छात्रों लैपटॉप साइकिल प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान बीच-बीच में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक मंचन सामाजिक कुरीतियों पर संबोधन कर किया । कॉलेज के प्रबंधक मुन्नेलाल यादव ने सभी अतिथियों को साल स्मृति चिन्ह देकर भेंट किया और आभार ज्ञापन किया। संचालन संतोष कुमार कवि ने किया । इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ रामानंद यादव ,मेराज अहमद, सुभाष यादव, पूर्व संघ उपाध्यक्ष मनीष यादव, जिलाजीत, बांकेलाल ठेकेदार , जितेंद्र यादव, हीरालाल, राकेश कुमार, विनोद यादव ,धर्मेंद्र कुमार ,रामनवल गुड्डू ,राजेश मास्टर,सूरज यादव, रामकृपाल मौजूद रहे।



## लोकसभा स्तरीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में युवाओं को मिला मौका



**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** सांसद अमेठी व केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी की पहल पर अमेठी संसदीय क्षेत्र में **खेलेगा युवा, जीतेगी अमेठी** के संकल्प के साथ चल रही सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के क्रम में सोमवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वालीबाल, कबड्डी, खो खो,लंबी कूद व ऊंची कूद संपन्न हुई। विधानसभा स्तरीय विजेता टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया।और उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता के तहत वॉलीबॉल में गौरीगंज विधानसभा टीम विजेता रही। कबड्डी में भी गौरीगंज विधानसभा टीम ने बाजी मारी। खो-खो में अमेठी विधान सभा ऊंची कूद में रामानंद सिंह जगदीशपुर विधानसभा प्रथम, लंबी कूद में सूरज कुमार तिलोई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा दुर्गेश त्रिपाठी, जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष भवानीदत्त दीक्षित, सहित सभी खेल प्रेमी एवं जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

## शहरी पथ विक्रेता पीएम स्व निधि के तहत ऋण के लिए करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** परियोजना अधिकारी डूडा विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि नगर पालिका परिषद जायस, गौरीगंज नगर पंचायत अमेठी, मुसाफिरखाना के शहरी पथ विक्रेताओं को भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत का दस हजार रुपए का ऋण प्राप्त कर सकते है। इस योजनान्तर्गत लाभार्थी को कोई जमानत धनराशि या बैंक गारण्टी नहीं देनी होती है। तथा योजना के तहत लाभार्थी को सात प्रतिशत ब्याज सब्सिडी दी जाती है। प्रतिदिन सात बार डिजिटल लेन-देन करने पर प्रतिमाह दो सौ रुपए का कैश बैक भी प्राप्त होता है। इस योजना में वेण्डर्स व उनके परिवार के सदस्यों को 8 केन्द्रीय योजनाओं पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना,पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जनधन योजना, रजिस्ट्रेशन अण्डर बीओसी डब्ल्यू पीएम श्रम योगी मानधन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना से भी लाभान्वित किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिला उद्योग कार्यालय से इस योजना के लाभार्थी को पांच लाख का दुर्घटना बीमा का भी लाभ प्रदान किया जाता है। योजनान्तर्गत नगर निकायों द्वारा योजना से वंचित वेण्डर्स का सर्वे कराया जा रहा है। इच्छुक पथ विक्रेता योजना का लाभ ले सकते है।और ऐसे पथ विक्रेता जो पीएम स्व निधि योजनान्तर्गत प्रथमचरण के ऋण दस हजार रुपए प्राप्त किये हैं। वे उसे ससमय जमा कर बीस हजार रुपए का ऋण प्राप्त कर सकते हैं तथा जो द्वितीय चरण के ऋण बीस हजार रुपए प्राप्त किये हैं। वे उसे ससमय जमा कर पच्चास हजार रुपए का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि इच्छुक शहरी पथ विक्रेता आवेदन के लिये किसी भी कार्य दिवस में अपने नगर निकाय कार्यालय या डूडा कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

# चिकित्सक हत्याकाण्ड के मुख्य आरोपी ने किया सरेण्डर

## एसपी बोले चिकित्सक हत्याकाण्ड के मुख्य आरोपी समेत एक की हुई गिरफ्तारी

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

जनपद के जयसिंहपुर क्षेत्र में तैनात रहे संविदा चिकित्सक डा. घनश्याम तिवारी हत्याकाण्ड में हो रही चैतरफा किरकिरी को लेकर जनपद में पहुंचे डिप्टी सीएम व ब्राह्मणों के फायरब्राण्ड नेता बृजेश पाठक को डैमेज कन्ट्रोल को रोकने के लिए भेजा गया।

जिसके बाद सुलतानपुर जनपद के प्रभारी मंत्री व अपना दल (एस) के राष्ट्रीय नेता आशीष पटेल का आज एक दिवसीय दौरा मृत चिकित्सक डा. घनश्याम तिवारी के पैतृक आवास पर लगा, जिसके महज कुछ घण्टों के अन्दर राष्ट्रीय नेतृत्व के पुरोधा पुत्र ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य गिरीश नारायण सिंह उर्फ बब्बन सिंह के भतीजे व मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह को कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के एक छोटी सी चैकी में सरेण्डर करा दिया, जिसकी स्वीकारोक्ति स्वयं स्वाट टीम के प्रभारी ने दबी जुबान से स्वीकार किया। कहीं न कहीं सुलतानपुर की लोकसभा सदस्य संजय मेनका गाँधी के मंसूबों पर पानी फेरने को लेकर जमकर सियासी जुगलबंदी चल रही है। तभी तो मायंग दरबार से निकले थानाध्यक्ष धनपतगंज श्रीराम पाण्डेय को आनन-फानन में कोतवाली नगर का प्रभार सौंप दिया गया। किसी से इस बात की नजरबंदी नही है कि श्रीराम पाण्डेय व प्रमुख धनपतगंज यशभद्र सिंह 'मोनू' में क्या सियासी गठबंधन है? विश्वस्त सूत्रों की मानें तो बीते चार दिन पूर्व कोतवाली नगर स्वाट टीम समेत चार टीमों ने मायंग क्षेत्र में दबिश की कार्यवाही जब करना शुरू किया तो शुरू हुआ मायंग दरबार का गठजोड़।

मौजूदा लोकसभा सांसद व प्रशासन की खामोशी ने सरकार की बेचैनी बढ़ा दी। लेकिन प्रभारी मंत्री के दौरे के दरमियान सरेण्डर की प्रक्रिया ने सरकार समेत जिला प्रशासन व आम जनता में सवालिया निशान खड़ा कर दिया कि **आखिर जाति विशेष पर मेहरबानी क्यों ?**



## भूमाफिया भुवन पर एफआईआर, पूर्व में दर्ज है कोतवाली में मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

नारायण परिवार के सहारे दबंगई करने वाले दबंगों पर भी कोतवाली पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अजय नारायण के राइट हैंड कहे जाने वाले उसके गुर्गे भुवन सिंह पर भी कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला नगर क्षेत्र से जुड़ा है। दरियापुर खैराबाद निवासी विक्रम ब्रिजेन्द्र सिंह के भाई विक्रम वीरेंद्र सिंह ने नगर कोतवाल को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि बीते जुलाई माह में विक्रम ब्रिजेन्द्र सिंह ने आरोपियो पर घर कब्जाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।

विक्रम वीरेंद्र सिंह ने आरोप लगाए हैं कि पूर्व में दर्ज मुकदमे में वादी मेरे भाई हैं। जिससे आरोपी भुवन सिंह आए दिन विक्रम ब्रिजेन्द्र सिंह की पत्नी जो एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका हैं उनके सहकर्मियो से आये दिन उनके विद्यालय आवागमन की जानकारी लेते हुए धमकाया जा रहा है। कह रहा है मुकदमा तो चलेगा लेकिन जल्द ही सबको निपटा दूंगा। उक्त मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। दरअसल सुलतानपुर राजस्व विभाग की कृपा से आये दिन सुर्खियो में रहता है। बीते दिनो जमीनी विवाद को लेकर संविदा कर्मी डॉक्टर घनश्याम तिवारी की निर्मम हत्या कर दी गई। इस मामले ने जब तूल पकड़ा तो आनन-फानन में भाजपा नेता के भतीजे अजय नारायण सिंह समेत और लोगो पर ताबड़तोड़ मुकदमा दर्ज हुआ। फिलहाल हत्यारोपी व इनामिया अजय नारायण सिंह अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। तो वहीं अजय नारायण सिंह का पार्टनर भुवन सिंह सोनबरसा मार्केट में जलजला मचाने आ गया है।

## दलितों, शोषितों एवं वंचितों के मसीहा थे मान्यवर कांशीराम: इं. वीरेन्द्र यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

महान समाज सुधारक मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर मान्यवर कांशीराम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि उन्होनें जीवन भर दलितों, शोषितों एवं वंचितों के उत्थान एवं बेहतरी के लिए कार्य किया। मान्यवर कांशीराम ने शिक्षित एवं नौकरी पेशा लोगों को एकत्र कर डी.एस.फोर व बामसेफ जैसे संगठन बनाकर दबे, कुचले समाज को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, परिणाम स्वरूप दलितों को मुख्यधारा में लाकर राजनैतिक शक्ति दिलायी। उन्होनें सदैव मिशनरी के रूप में कार्य किया, परन्तु जिनको उन्होनें राजनैतिक उत्तराधिकारी बनाया वह मिशन से भटक गयी। वर्तमान में मान्यवर कांशीराम के साथ कार्य कर रहे बहुसंख्यक अनुयायी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ जुड़कर कांशीराम साहब के कारवाँ को बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। बैठक को समाजवादी बाबा साहबवाहिनी के राष्ट्रीय सचिव सत्येश गौतम ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मान्यवर कांशीराम के सपने, सिद्धान्त, नीतियां, समाजवादी पार्टी ही पूर्ण करेगी, भाजपा को हटाने के लिए सम्पूर्ण समाज अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था रखता है। विनायक सोनकर ने कहा कि उपेक्षित वर्ग भाजपा सरकार में दुःखी एवं पीड़ित है, उ0प्र0 में समाजवादी पार्टी को 2024 के लोकसभा में सफलता दिलाकर भाजपा को केन्द्र सरकार से बाहर करना है। कार्यक्रम का सफल संचालन बाबा साहबवाहिनी के जिलाध्यक्ष राजीव गौतम ने किया।

## एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 11 अक्टूबर को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल कॅरियर सेंटर) के द्वारा सर्वोदय विद्यापीठ पी0 जी0 कॉलेज सलोन, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 11 अक्टूबर 2023 को किया जा रहा है। रोजगार मेला में डॉन बॉस्को टेक स्किलिंग इंडिया (रॉयल एनफील्ड), पीपल ट्री ऑनलाइन, शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी लि0, ब्राइट फ्यूचर ऑग्रेनिक हर्बल एंड आयुर्वेदिक प्रा0लि0, स्फाकिया एग्रोटेक प्रा0लि0, एल.एण्ड टी. कंस्ट्रक्शन, जी0 फोर0 एस0 सिक्योर सॉल्यूशन इण्डिया प्रा0लि0, पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0 द्वारा कंस्ट्रक्शन टेक्नीशियन, ऑफिस स्टाफ, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एच.आर. मैनेजर, हेल्पर सुपरवाइजर, पिकर पैकर, ऑपरेटर, एटीएम कस्टोडियन, एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड ऑफिसर्स, एरिया ऑफिसर्स, सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर, एरिया मैनेजर, ब्लॉक मैनेजर, सेल्स प्रमोटर, ट्रेनी ऑपरेटर, आटोमोटिव, मैन्युफैक्चरिंग, टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, वेलनेस एडवाइजर पद हेतु चयन प्रक्रिया संपादित की जायेगी।

# आठ वर्ष पूर्व के मामले को लेकर कांग्रेस मुखर, सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

8 वर्ष पूर्व के मामले को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी जिलाधिकारी दफ्तर पहुंचे जहां डीएम से मुलाकात कर उन्हें महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि उत्तर प्रदेश के काशी में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के ऊपर लाठीचार्ज व बर्बरता के खिलाफ 5 अक्टूबर 2015 को निकाली गई **'अन्याय प्रतिकार यात्रा'** के दौरान 82 लोगों के ऊपर नामजद मुकदमा पंजीकृत हुआ था। वर्तमान में राज्य सरकार की संस्तुति के तहत एमपी एमएलए कोर्ट ने 82 में से 81 लोगों का मुकदमा वापस लेकर उन्हें दोष मुक्त करते हुए बरी कर दिया, जबकि उन 82 लोगों पर दर्ज हुए नामजद मुकदमों में वर्तमान समय में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का नाम भी सम्मिलित था। प्रदेश सरकार द्वारा सनातन की रक्षा में राजनीतिक भेदभाव का परिचय देते हुए लिए गए फैसले के पीछे तर्क दिया गया की वर्तमान समय के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के ऊपर और भी मुकदमे दर्ज हैं, जबकि जिन 81 लोगों को दोष मुक्त किया गया है, उनमें भी कई लोगों के ऊपर कई मुकदमे दर्ज है, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के विरुद्ध जितने भी मुकदमे दर्ज हैं वह राजनीतिक आंदोलन से जुड़े मुकदमे हैं। इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सनातन की रक्षा में राजनीतिक भेदभाव का प्रमाण दिया है 8 वर्ष के पूर्व मामले में जिन 82 लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था उन मामले में सभी को दोष मुक्त करना चाहिए था।

लेकिन 82 में से 81 लोगों का मुकदमा राज्य सरकार ने वापस ले लिया है। इस मुकदमों में कांग्रेस के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी सम्मिलित थे लेकिन उनका नाम इस मुकदमे में से वापस नहीं लिया गया। राज्य सरकार का यह कृत्य इस बात का प्रमाण है की भाजपा सिर्फ सनातन की रक्षा करने की ढोंग करती है। इस मौके पर नफीस फारुकी, ओमप्रकाश त्रिपाठी (चौटाला), सुब्रत सिंह सनी, हौशिला भीम, अमोल बाजपेयी, आवेश अहमद, ममनून आलम, अरशद पवार, पवन मिश्रा (नन्हे), राजेश पाठक, मानस तिवारी, नंदलाल मोर्य, इमरान, आदित्य विक्रम सिंह, सूरज कुमार मिश्र, रामकुमारी, सहबाज आदि लोग मौजूद रहे।

## नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण/मार्ग परिवर्तन एवं विनियमन

**सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा जौनपुर एवं जौनपुर सिटी के बीच कॉर्ड लाइन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। यह कार्य जौनपुर, जफराबाद जं. और जौनपुर सिटी स्टेशनों पर सम्पन्न किया जाएगा। इससे लखनऊ मण्डल के तीन सेक्शन अर्थात उतरेटिया जं. – सुल्तानपुर जं. – जफराबाद जं. – वाराणसी जं. व बाराबंकी जं. – अयोध्या कैंट – जफराबाद जं. – वाराणसी जं. एवं जफराबाद जं. – मरियाहू – जंघई जं. स्टेशन प्रभावित होंगे। इस कार्य के सुरक्षित संपादन हेतु दिनांक 17.10.2023 से 28.10.2023 तक उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे, परिणामस्वरूप, निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी :-**

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 04264 सुल्तानपुर जं. – वाराणसी जं. अनारक्षित / मेल / एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04263 वाराणसी जं. – सुल्तानपुर जं. अनारक्षित / मेल / एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04383 प्रयागराज संगम – जौनपुर जं. एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 14202 रायबरेली जं – जौनपुर जं. एक्सप्रेस | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04246 जौनपुर जं. – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 14201 जौनपुर जं. – रायबरेली जं स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04384 जौनपुर जं. – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 04245 प्रयागराज संगम – जौनपुर जं. एक्सप्रेस स्पेशल | 17.10.2023 से 28.10.2023 |
| 14214 गोंडा जं. – वाराणसी जं. इंटरसिटी | 17.10.2023 से 29.10.2023 |
| 14213 वाराणसी सिटी – गोंडा जं. इंटरसिटी | 16.10.2023 से 28.10.2023 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 14854 जोधपुर जं. – वाराणसी सिटी मरुधर एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10,19.10, 21.10, 23.10 एवं 26.10.2023 |
| 19167 अहमदाबाद जं. – वाराणसी सिटी साबरमती एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 17.10, 19.10, 21.10, 23.10, 24.10 एवं 26.10.2023 |
| 18104 अमृतसर जं. – टाटानगर जं. जलियांवाला बाग एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 18.10, 20.10, 25.10 एवं 27.10.2023 |
| 14018 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 13238 कोटा जं. – पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 19.10, 20.10, 22.10, 26.10 एवं 27.10.2023 |
| 18103 टाटानगर जं. – अमृतसर जं. जलियांवाला बाग एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 16.10,18.10, 23.10 एवं 25.10.2023 |
| 19305 डॉ. अम्बेडकर नगर – कामाख्या जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 19.10.2023 |
| 19313 इन्दौर जं. – पटना जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 16.10 एवं 18.10.2023 |
| 19321 इन्दौर जं. – पटना जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 21.10.2023 |
| 15668 कमाख्या जं.– गांधीधाम जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 15636 गुवाहाटी – ओखा द्वारका एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 16.10 एवं 23.10.2023 |
| 14007 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 18.10 एवं 20.10.2023 |
| 14015 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 17.10.2023 |
| 14017 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – प्रतापगढ़ जं. – लखनऊ | 19.10 एवं 26.10.2023 |
| 13009 हावड़ा जं. – योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस | वाराणसी जं. – जंघई जं. – फाफा मऊ जं. – ऊँचाहार जं. – रायबरेली जं. – लखनऊ | 16.10.23 से 27.10.2023 |
| 12238 जम्मू तवी – वाराणसी जं. बेगमपुरा एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 17.10, 18.10, 19.10 एवं 27.10.2023 |
| 12370 देहरादून – हावड़ा जं. कुम्भ एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 17.10, 19.10, 20.10, 22.10, 23.10, 24.10, 26.10 एवं 27.10.2023 |
| 12328 देहरादून – हावड़ा जं. उपासना एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 18.10, 21.10 एवं 25.10.2023 |
| 22356 चण्डीगढ – पाटलिपुत्र जं. एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 19.10, 23.10 एवं 26.10.2023 |
| 13240 कोटा जं. – पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – वाराणसी जं. | 16.10, 17.10, 18.10, 21.10, 23.10, 24.10 एवं 25.10.2023 |
| 11059 लोकमान्य तिलक (ट.) – छपरा जं. छपरा एक्सप्रेस | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी –औंड़िहार जं. | 17.10, 19.10, 21.10, 24.10 एवं 26.10.2023 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 11055 लोकमान्य तिलक (ट.) – गोरखपुर गोदान एक्स. | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी –औंड़िहार जं. | 16.10, 18.10, 20.10, 22.10, 23.10, 25.10 एवं 27.10.2023 |
| 11060 छपरा जं. – लोकमान्य तिलक (ट.) एक्सप्रेस | औंड़िहार जं. – वाराणसी सिटी –वाराणसी जं. – जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 19.10, 21.10, 23.10, 26.10 एवं 28.10.2023 |
| 11056 गोरखपुर – लोकमान्य तिलक (ट.) गोदान एक्सप्रेस | औंड़िहार जं. – वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. – जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 17.10, 18.10, 20.10, 22.10, 24.10, 25.10 एवं 27.10.2023 |
| 14611 गाजीपुर सिटी –श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस | जौनपुर जं. – अयोध्या कैंट – बाराबंकी जं. – लखनऊ | 20.10.23 एवं 27.10.2023 |
| 19045 सूरत – छपरा जं. ताप्ती गंगा एक्सप्रेस | जिवनाथपुर – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी – मऊ जं. | 16.10, 18.10, 19.10, 20.10, 22.10, 23.10, 25.10, 26.10 एवं 27.10.2023 |
| 09065 सूरत – छपरा जं. स्पेशल क्लोन रेलगाड़ी | जिवनाथपुर – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी – औंड़िहार जं. | 16.10 एवं 23.10.2023 |
| 09066 छपरा जं. – सूरत स्पेशल क्लोन रेलगाड़ी | औंड़िहार जं. – वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. – जिवनाथपुर | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 00901 सूरत – नारायणपुर अनंत पार्सल स्पेशल | जिवनाथपुर – वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी – औंड़िहार जं. | 20.10 एवं 27.10.2023 |
| 00902 नारायणपुर अनंत – सूरत पार्सल स्पेशल | औंड़िहार जं. – वाराणसी सिटी वाराणसी जं. – जिवनाथपुर | 22.10.2023 |
| 22613 रामनाथपुरम – अयोध्या कैंट श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट | फाफा मऊ जं. – प्रतापगढ़ जं. सुल्तानपुर जं. – अयोध्या कैंट | 16.10 एवं 23.10.2023 |
| 22614 अयोध्या कैंट – रामनाथपुरम श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट | अयोध्या कैंट – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – फाफा मऊ जं. | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 22104 अयोध्या कैंट – लोकमान्य तिलक (ट.) सुपरफास्ट एक्सप्रेस | अयोध्या कैंट – सुल्तानपुर जं. – प्रतापगढ़ जं. – फाफा मऊ जं. | 17.10 एवं 24.10.2023 |
| 22103 लोकमान्य तिलक (ट.) – अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | फाफा मऊ जं. – प्रतापगढ़ जं. सुल्तानपुर जं. – अयोध्या कैंट | 16.10 एवं 23.10.2023 |
| 20941 बान्द्रा टर्मिनस – गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी | 20.10, 22.10 एवं 27.10.2023 |
| 22434 आनन्द विहार टर्मिनल – गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी | 16.10, 20.10, 23.10 एवं 27.10.23 |
| 22433 गाजीपुर सिटी – आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस | वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 17.10, 21.10, 24.10 एवं 28.10.2023 |
| 20942 गाजीपुर सिटी – बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस | वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 17.10, 22.10 एवं 24.10.2023 |
| 04056 आनन्द विहार टर्मिनल – बलिया एक्सप्रेस क्लोन स्पेशल | फाफा मऊ जं. – जंघई जं. वाराणसी जं. – वाराणसी सिटी | 18.10 एवं 25.10.2023 |
| 04055 बलिया – आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस क्लोन स्पेशल | वाराणसी सिटी – वाराणसी जं. जंघई जं. – फाफा मऊ जं. | 19.10 एवं 26.10.2023 |

### रेलगाड़ियों का विनियमन

- रेलगाड़ी संख्या 13414 दिल्ली जं. – मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस दिनांक 16.10.2023, 18.10.2023, 21.10.2023, 23.10.2023, 25.10.2023 एवं 28.10.2023 को मार्ग में 30 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 13483 मालदा टाउन – दिल्ली जं. – फरक्का एक्सप्रेस दिनांक 17.10.2023, 18.10.2023, 20.10.2023, 22.10.2023, 24.10.2023, 25.10.2023 एवं 27.10.2023 को मार्ग में 70 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 13413 मालदा टाउन – दिल्ली जं. – फरक्का एक्सप्रेस दिनांक 16.10.2023, 19.10.2023, 21.10.2023, 23.10.2023 एवं 26.10.2023 को मार्ग में 70 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 14007 रक्सौल जं.–आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस दिनांक 25.10.2023 एवं 27.10.2023 को मार्ग में 70 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 14015 रक्सौल जं.–आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस दिनांक 22.10.2023 एवं 24.10.2023 को मार्ग में 70 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 19305 डॉ. अम्बेडकर नगर – कामाख्या जं. एक्सप्रेस दिनांक 26.10.2023 को मार्ग में 120 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 19313 इन्दौर जं. – पटना जं. दिनांक 23.10.2023 एवं 25.10.2023 को मार्ग में 120 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 12238 जम्मू तवी – वाराणसी जं. बेगमपुरा एक्सप्रेस दिनांक 20.10.2023, 21.10.2023, 22.10.2023, 23.10.2023, 24.10.2023, 25.10.2023 एवं 26.10.2023 को मार्ग में 30 मिनट के लिए रोककर चलाई जायेगी।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।**

**रेलमदद हेल्पलाइन 139 रेलमदद वेबसाइट: https://enquiry.indianrail.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

# फसलों के अवशेष ना जलाए जाने के संबंध में डीएम ने किया बैठक



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खरीफ मौसम की फसलों के अवशेषों को जलाये जाने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के सम्बंध में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि किसी भी दशा में पराली, फसलों के अवशेष न जलाये जाएं। और कृषको के मध्य फसल अवशेष जलाने से मिट्टी,जलवायु एवं मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि के विषय में व्यापक रूप से जागरूक कराये जाने के लिए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों के मध्य इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये कि फसल अवशेष जलाना दण्डनीय है। पराली न जलाने के संबंध में किसानों को समझाएं उन्हें जागरूक करें। यदि समझाने के बाद भी कोई किसान नहीं मानता है। तो उसके विरुद्ध कार्यवाही करें।बिना वजह किसी भी किसान को परेशान ना किया जाए।

सम्बंधित ग्राम के ग्राम प्रधान एवं लेखपाल तथा पंचायत सचिव एवं कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों का यह दायित्व होगा कि फसल अवशेष न जलने पाये, इसके लिए जो भी आवश्यक कदम उठानें हो, उसको उठाया जाये। फसल अवशेष जलाने की घटनाएं सामने आने पर सम्बंधित ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व लेखपाल इसके लिए जिम्मेदार होंगे। और उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। ग्राम पंचायतों में बैठक कर पराली जलाने से होने वाले नुकसान व अर्थदंड के बारे में किसानों को जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इच्छुक किसानों के खेत से पराली संग्रह कर निराश्रित गौशालाओं में रखा जाए। तथा पराली का गौशाला स्थल में पशुओं के बिछावन, चारे या अन्य उपयोग में लाया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में फसल अवशेष जलाये जाने की घटनायें रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा किसी भी दशा में अपने क्षेत्र में फसल अवशेष जलाये जाने की घटनायें बिल्कुल न होने दें। यदि कोई किसान पराली जलाता है तो उसके विरूद्ध आईपीसी तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण के प्रावधानों के तहत जुर्माना लगाया जाये। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने तहसील स्तर व विकास खंड स्तर पर संबंधित कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित करने व पराली दो,खाद लो कार्यक्रम गोवंश आश्रय स्थलों के माध्यम से संचालित करने के निर्देश दिए। ताकि पुआल चारे व बिछावन के रूप में उपयोग किया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर भी पराली जलने की घटना सामने आती है तो उसकी सूचना कंट्रोल रूम को तत्काल दी जाए। उन्होंने बताया कि कृषि भूमि का क्षेत्रफल दो एकड़ से कम होने की दशा में अर्थदण्ड 2500, दो एकड़ से अधिक किन्तु पांच एकड़ से कम होने की दशा में अर्थदण्ड 5000 तथा 5 एकड़ से अधिक होने की दशा में अर्थदण्ड रूपये 15000 प्रति घटना लगाया जायेगा।

जनपद में चलने वाली प्रत्येक कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ एक कृषि विभाग का कर्मचारी नामित रहे जो कि अपनी देख-रेख में कटाई का कार्य कराये। कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर, सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर के बगैर चलते हुई पायी जाये तो उसको तत्काल सीज कर दिया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये है।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, उप कृषि निदेशक एलबी यादव, जिला कृषि अधिकारी शशिकांत सिंह, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.8 (+2.3)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 22.2 (-1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 67 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 45 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

### हाउसिंग प्रोजेक्ट के मालिक ने रेरा को भी रखा धोखे में

# लाखों रुपए की सरकारी जमीन पर कब्जा कर बिल्डिंग बनाने वाले बिल्डर पर जल्द चलेगा शासन का चाबुक

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर



केडीए : बिल्डर ने सांठ गांठ कर सिंचाई विभाग और चक रोड की सरकारी जमीन पर भी करा लिया नक्शा पास, सीएम से शिकायत

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर



**कानपुर नगर।** जैसा की आप सभी जानते हैं कि कानपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारी अभी भी अपने कर्तव्यों का संपूर्ण रूप से ईमानदारी से निर्वहन नहीं कर रहे हैं जिस कारण शहर की जनता भी सरकारी जमीनों पर कब्ज़ा कर और गलत तरीके से नक्शा पास करा कर भवनों का निर्माण करने वाले धोखेबाज बिल्डरों के चंगुल में आने से नहीं बच पा रही है। हाल ही में प्राधिकरण द्वारा दो बड़े-बड़े कारपेट गानों के गलत तरीके से पास किए गए नक्शों को निरस्त भी किया गया है। लेकिन उसके बाद भी जो नक्शा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी हैं उनसे सांठ गांठ करके अभी भी कई बड़े-बड़े बिल्डर जनता के साथ छल करने से बाज नहीं आ रहे हैं। कुछ बिल्डरों के द्वारा अपने हाउसिंग प्रोजेक्ट में सरकारी जमीनों पर भी अतिक्रमण करके नक्शे पास करवा लिए गए हैं। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में कानपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे अरविंद कुमार सिंह ने सबसे पहले प्राधिकरण के जोन एक स्थित बिठूर क्षेत्र में ही अवैध प्लाटिंग और निर्माण करने वाले बड़े-बड़े माफिया के खिलाफ अभियान चलाया था। लेकिन कुछ दिन बाद ही अरविंद कुमार सिंह ने यह अभियान बंद कर दिया और फिर उनका रुख गरीबों की ओर हो गया था। हालांकि वर्तमान समय में उपाध्यक्ष की कुर्सी पर शहर के जिलाधिकारी विशाख जी विराजमान है। कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक में बिठूर क्षेत्र और गंगा बैराज की ओर सबसे ज्यादा सरकारी भूमि पर कब्जा करके बिल्डर प्लाटिंग तो कर ही रहे हैं साथ-साथ अब बिल्डरों ने भी बिठूर क्षेत्र में नक्शे पास करवा करके बड़े-बड़े हाउसिंग प्रोजेक्ट आरंभ कर दिए हैं। लेकिन अभी भी नक्शा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों से साथ सांठ गांठ करके सरकारी भूमि को भी बिल्डर नहीं छोड़ रहे हैं। प्राधिकरण के बिठूर में एक चर्चित बिल्डर द्वारा जनता को खुलकर ठगा जा रहा है। कारण यह है कि बिल्डर ने नक्शा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ मिलकर ग्राम समाज की भूमि चक रोड और सिंचाई विभाग की जमीन को भी कब्जे में लेकर भी नक्शा पास करवा लिया है। लेकिन कुछ जानकार लोगों ने अब इस मामले में मुख्यमंत्री से शिकायत कर दी है। वहीं दूसरी ओर कुछ जानकारों द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि प्ले हाउसिंग प्रोजेक्ट का काम कर रहे है बिल्डर ने रेरा को भी भ्रमित किया है। हालांकि पूर्व में सीएम को भेजी शिकायत जनसुनवाई के माध्यम से कानपुर विकास प्राधिकरण में आ चुकी है। अब देखना यह है कि प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं या इस बिल्डर को अभय दान देते हैं।

# समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष ने मान्यवर काशीराम की पुण्यतिथि मनाई

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर





बिल्हौर विधानसभा के समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने मान्यवर काशीराम की पुण्यतिथि पर उनकी फोटो पर पुष्माला अर्पित कर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष इंजीनियर विनय यादव ने वहां पर उपस्थित जनों को काशीराम जी के द्वारा किए गए कर कार्यों की सराहना करते हुए अपने जीवन आदर्शों पर चढ़ने के लिए कहा और यह भी बताया कि जमीन से जुड़े हुए नेता समाज को कोई न कोई दिशा देकर ही गया इसी तरह से हमको यह सीख मिलती है कि हम लोग भी समाज के हर छोटे से छोटे गरीब परिवार से संबंध रखते हुए सभी की मदद करते हुए समाज को एक नई दिशा देने के लिए कार्य करें जिससे आगे आने वाली पीढ़ी हम सबको भी याद करें इस मौके पर मेवा लाल गौतम, विधानसभा महसचिव, चुन्नी लाल गौतम सेक्टर अध्यक्ष, गेंदन लाल गौतम, होरी लाल गौतम प्रधान, अनिरुद्ध कोरी प्रधान, विजय वीर प्रधान ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त कर उनके ही आदर्शों पर चलने के लिए अपनी बात कही और हम सबको समाज में ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे आगे आने वाली पीढ़ी हमको याद करें।

## न्यायालय के आदेश पर लूट का मुकदमा दर्ज

**पीड़ित ने 19 जून को थाने में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया**

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर के कल्यानपुर थाने में न्यायालय के आदेश पर दो महिलाओं समेत तीन पर लूट का मुकदमा दर्ज किया गया है। पनकी रोड कल्यानपुर निवासी चुन्नीलाल गुप्ता ने बताया कि 17 जून को रात 11 बजे वह पनकी रोड स्थित अपनी मिठाई की दुकान पर बैठे थे। दुकान बंद कर वह अशोक नगर खलवा अपने घर जा रहे थे। पीपल से गोवा गार्डेन की कुलिया मोड़ पर पहले से घात लगाई बैठी संतोषी देवी उनका बेटा लकी और बेटी पूनम ने उसे घेर लिया। लकी ने उसके सीने में कट्टा लगाकर हमला बोल दिया। गोली मारने की धमकी देते हुए उसका बैग लूट लिया। उसमें 46 हजार रुपए थे। साथ ही एक अंगूठी भी उसके हाथ से निकाल ली। इसके बाद वह नीली रंग की स्कूटी से भाग निकले। पीड़ित ने 19 जून को थाने में तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। इस पर कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उक्त नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

## आईआईटी के छात्रों में जमकर मारपीट, कुर्सियां चलीं!

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



रविवार की देर रात आईआईटी के एक कैंपस में छात्रों के बीच जमकर मारपीट हुई दौरान छात्रों ने एक दूसरे पर जमकर कुर्सियां भी चलाई जिसका वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। वीडियो इंडोर हॉल का है जिसमें छात्र खिलाड़ियों के ड्रेस में छात्राएं भी चीखती चिल्लाती नजर आ रही हैं यह वीडियो आईआईटी कानपुर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता उद्घोष का बताया जा रहा है। इस वायरल वीडियो की जन एक्सप्रेस अखबार पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो के मामले सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार में आईआईटी कानपुर के इंडोर हाल में कबड्डी मैच के दौरान हरियाणा और दिल्ली की यूनिवर्सिटी के बीच कहां सुनी हुई देखते ही देखते मामला बढ़ गया और मारपीट हो गई दोनों ओर से खिलाड़ी एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकने और पीटने लग गए छात्रों ने बी बचाव का प्रयास किया लेकिन मारपीट जारी रही। आईआईटी के जिम्मेदार अधिकारियों ने घटना पर कुछ भी बोलने से इनकार किया है कल्याणपुर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ है तो चौकी इंचार्ज से जांच कराई जाएगी।



## कथा में छठवें दिन श्रीराम सीता के साथ अयोध्या पहुंचने का वर्णन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर में बीते दिन सोमवार को पहाड़पुर में नव दिवसीय राम कथा में छठवें दिन श्री राम जी का जीवन संगिनी सीता के साथ अयोध्या नगरी पहुंचने का वर्णन किया गया। इस दौरान अयोध्या पहुंचने के कुछ दिन बाद श्री राम जी के सभी भाइयों का विवाह संपन्न होने का वृतांत सुनाया गया। श्री चरण दास महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को अपने जीवन के समय काल को समझने को कहा जैसे एक फूल कली से फूल बनता है और उसे तोड़ देने के पश्चात दो-तीन दिन में मुरझा जाता है ठीक इसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी बचपन जवानी और बुढ़ापा तीन रूप में होता है तो श्री राम सीता राम मनुष्य को हर समय बोलना चाहिए बुढ़ापे का इंतजार नहीं करें ।

## रामलीला आरम्भ होने से पहले सफाई कराई जाने की मांग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

समाजसेवी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने नगर आयुक्त से मांग किया है कि 14 अक्टूबर से रामलीला चालू होने वाली है शहर के पार्कों में कई जगह गंदगी अभी भी फैली हुई हैं गड्ढे बने हुए हैं। श्री गहमरी ने नगर आयुक्त से मांग कि है पार्कों की सफाई जल्द हो, रोडो पर पैच वर्क कराये पार्क में जो गड्ढा है उसे ठीक किया जाना चाहिए। क्षेत्रीय जनता के सामने श्री गहमरी ने अधिकारियों को फोन मिलाया और समस्या बताई तो उन्होंने आश्वासन दिया काम चालू कर देंगे जिससे रामलीला सही ढंग से चालू हो सके जनता को रामलीला देखने में कुछ समस्या ना हो। समस्या लेकर आने वालों में अमित यादव प्रभात पाल छोटे लाल सनम ठाकुर बिल्लू सिंह करण अजय छोटू रितेश घनश्याम मुकेश आदि शामिल रहे।

# नानामऊ प्राथमिक विद्यालय में चूल्हे से बनता खाना? बच्चों ने बताया भात मिला है खाने में

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर





बिल्हौर तहसील क्षेत्र में सरकारी स्कूलों की दैयनीय दशा है मिड डे मील के नाम पर बहुत कम ही विद्यालय हैं जो बच्चों को मीनू के हिसाब से मध्यान्ह भोजन परोसा जा रहा है इसकी बानगी नानामऊ प्राथमिक विद्यालय में लगभग 1‍00 बजे जन एक्सप्रेस संवाददाता ने पहुंचकर देखा विद्यालय परिसर मे किचन के बरामदे में ईंटों का चूल्हा बना है जिसमें लकडियां रखी हैं जिसे लगता है की चूल्हे में ही लकड़ी से भोजन बनाया जाता है जिससे बच्चों और बिल्डिंग को नुकसान पहुंचाने का काम किया जा रहा है बिल्डिंग की जर्जर व्यवस्था जिसमें कई जगह से प्लास्टर टूटा पड़ा है आखिरकार सरकार द्वारा कायाकल्प नानामऊ प्राथमिक विद्यालय में कहां चला गया इंचार्ज अध्यापिका निमिषा ने बताया इमरजेंसी के लिए चूला बना रखा है कि अगर गैस खत्म हो जाए तो चूल्हे में भोजन बनाया जा सके गैस में ही भोजन बच्चों का बनता है विद्यालय में मधु सिंह, उषा शुक्ला, सचिन शुक्ला बच्चों को पढ़ा रहे थे वहीं पर अध्यापक दिनेश के बारे में जब पूछा तो इंचार्ज अध्यापिका ने बताया कि वह अक्सर आकर थोड़ी देर रुकने के बाद चले जाते हैं कई बार शिकायत करने के बाद में कोई सुधार नहीं हुआ है खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि जल्द औचक निरीक्षण कर इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को देंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार ने बताया नानामऊ के शिक्षामित्र दिनेश चंद और रसूलपुर के सहायक अध्यापक हेमंत कटियार प्राथमिक विद्यालय की रिपोर्ट मंगा कर चेक करवाता हूं जल्द उन पर कार्रवाई होगी।

## कमिश्नर के औचक निरीक्षण में कूड़ेदान में मिले दस्तावेज, सब इंस्पेक्टर व महिला सिपाही निलम्बित



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर के पुलिस कमिश्नर कार्यालय में शिकायती दस्तावेजों के रखरखाव में घोर लापरवाही बरतने के मामले में सब इंस्पेक्टर सुरेश सिंह रजावत और महिला सिपाही नीतू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले की विभागीय जांच अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं आंकिक विजेन्द्र द्विवेदी को पुलिक कमिश्नर द्वारा सौंपी गई है। ज्ञातव्य हो कि पुलिस कमिश्नर कार्यालय परिसर में स्थित कूड़े के ढेर में सोमवार को महिला अपराध से जुड़ी कुछ फाइलें पायी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त डॉ.आर.के स्वर्णकार मौके पर पहुंचे और जांच का निर्देश दिया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि सोमवार को कमिश्नरेट कार्यालय परिसर में स्थित कूड़े के ढेर में महिला अपराध से जुड़ी हुई कई फाइलें मिलने की जानकारी हुई तो मैं खुद मौके पर पहुंचा और देखा तो महिला अपराध से जुड़े एक दर्जन से अधिक बंद लिफाफे कूड़े में पड़े है। जिसे गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश दिया है। पुलिस कार्यालय में शिकायती दस्तावेजों के रख–रखाव के जिम्मेदार सब इंस्पेक्टर सुरेश सिंह रजावत और महिला सिपाही नीतू प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने के कारण निलंबित कर दिया गया है।

# वन वे को लेकर व्यापारियों ने डीसीपी वेस्ट से जताया रोष



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर


कल्याणपुर में वनवे व्यवथा को लेकर और चार पहिया वाहनों का कल्याणपुर क्रॉसिंग से पनकी रोड जाने पर रोक से व्यापारियों में भारी रोष है। पूर्व में एस पी ट्रैफिक रवीना त्यागी ने पूरे शहर में जाम की समस्या को खत्म करने के लिए वनवे की व्यवस्था चालू की जिससे जाम की समस्या काफी हद तक कम हुई।कुछ लोगों ने रवीना त्यागी की इस व्यवस्था की सराहना की वहीं कुछ लोग इस व्यवस्था से नाराज दिखे। कल्याणपुर के व्यापारी भी रवीना त्यागी की ट्रैफिक व्यवस्था से खुश नहीं हैं। जबकि व्यापार मंडल का दूसरा धड़ा इस व्यवस्था के पक्ष में है। व्यापारियों का कहना है कि कल्याणपुर से पनकी रोड पर आने जाने से मनाही के कारण उनका व्यापार चौपट हो गया है।उनका कहना है कि रास्ता आम किया जाए। यातायात व्यवस्था का जायजा लेने कल्याणपुर पहुंचे डीसीपी विजय ढुल से व्यापारियों ने इस व्यवस्था का विरोध किया वहीं विजय ढुल ने व्यापारियों की मांग को सही न मान कर पूर्व की व्यवस्था ही बनाए रखने का आदेश दिया है।

**पैसे लेकर रोड पर सजवाई जाती हैं दुकानें**

पूर्व में कल्याणपुर क्रॉसिंग पनकी रोड पर रेलवे क्रॉसिंग खुलने के बाद भयंकर जाम लगता था जिससे कई घंटों का लंबा जाम लग जाता था। जाम की समस्या को देखते हुए रवीना त्यागी ने चार पहिया वाहनों का पनकी रोड पर जाना वर्जित कर दिया। व्यापारी अपनी दुकानों के बाहर फुटपाथ से लेकर रोड तक पैसे लेकर ठेले लगवाते हैं जिससे रोड संकरी हो जाती है। अगर ये ठेले और कहीं लगवाए जाएं तो कल्याणपुर जी टी रोड तक जाम की समस्या खत्म हो जाए।

# कानपुर के नाबालिगों का भविष्य हुक्का बार संचालकों के हाथ में

जन एक्सप्रेस। हिमांशू मिश्रा



**कानपुर नगर।** शहर के दक्षिण जोन में रेस्टोरेंट और हुक्काबारों की आड़ में नाबालिग बच्चों और 18 से 20 साल के युवाओं को फ्लेवर की आड़ में नशा परोसा जा रहा है। इस दौरान रेस्टोरेंट के नाम पर हुक्का बारों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है। जिस पर जिला प्रशासन के जिम्मेदार विभाग भी लगाम लगा पाने में नाकाम साबित हो चुके हैं। इन रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्काबार में कई मर्तबा नाबालिक बच्चियां कुछ लोगों की हवस का शिकार भी हो चुकी हैं। ज्ञातव्य हो कि कुछ माह पहले जरौली में बने हुक्का बार में एक डॉक्टर की नाबालिक बेटी के साथ रेप हुआ था। जिसमे हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर व उसके कुछ अन्य साथियों का नाम सामने आया था। जिस पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया था लेकिन हुक्का बारों पर कोई भी काबू नही कर पाई 7 दक्षिण में अभी भी ऐसे कई हुक्का बार हैं जो नाबालिक नवयुवक और नवयुवतियों के जीवन को खतरे में डाले हुए हैं जिसमे आगमन रेस्टोरेंट, आईपी हुक्का बार, लाइट हाऊस, द बैरल हाउस, फिफ्टी एमएल जैसे कई हुक्का बार देश के युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। छोटे छोटे केबिन बना कर नाबालिक बच्चों को नशे का लती बना रहे हैं। जहां एक ओर यह पश्चिमी सभ्यता नाबालिक और युवाओं को बर्बाद कर रही है वहीं दूसरी ओर इन हुक्का बारों का संचालन करने वाले दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं।

## अधेड़ ने नाबालिग छात्रा से की छेड़छाड़, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में स्कूल से घर जा रही किशोरी से फास्ट फूड सेंटर चलाने वाले अधेड़ ने अश्लील हरकत कर डाली। बच्ची जब घर पहुंची तो परिजनों को आप बीती बताई जिसके बाद पिता ने थाना कल्याणपुर में आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक थाना कल्याणपुर निवासी पीड़ित किशोरी के पिता ने आरोप लगाते हुए बताया कि बीते शनिवार को बेटी स्कूल से कई बच्चियों के साथ घर वापस आ रही थी। स्कूल के पास ही हरी मोहन जो आवास विकास से बाबू के पद से रिटायर्ड है की फास्ट फूड की दुकान है। बेटी के सामान लेने के दौरान अधेड़ हरि मोहन ने गलत नियति से उसे टच किया और बच्चियों से कहा की स्कूल की छुट्टी होने के बाद बैग रख कर वापस आया करो। बच्ची ने इस हरकत की जानकारी घर में दी जिसके उन्होंने थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत की जहां पुलिस ने अधेड़ के खिलाफ छेड़छाड़ सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा लिख किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। वहीं आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# धमाल इंडिया डांस टीवी रियलिटी शो सीजन 9 का ग्रांड फिनाले सफलता पूर्वक हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** धमाल इंडिया डांस सीजन 9 का ग्रांड फिनाले कानपुर के महाराष्ट्र भवन ऑडिटोरियम सिविल लाइन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। धमाल इंडिया डांस रियलिटी टी.वी शो में कानपुर उन्नाव, चित्रकूट, खंडवा मध्यप्रदेश, फैजाबाद और लखनऊ से कई बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। करीब 151 बच्चों ने प्रतिभाग किया । जिसमें सेमी फिनाले में 51 बच्चे और ग्रांड फिनाले में 21 बच्चे चयनित हुये। सभी प्रतिभागियों ने धमाल इंडिया के मंच पर जमकर धमाल मचाया। प्रथम विनर विवेक दुबे, द्वितीय विनर निकिता बघोरे, जूनियर विनर वैष्णवी, द्वितीय नवी गुप्ता, तृतीय अक्षरा सिंह, चतुर्थ संस्कृति गुप्ता किड्स में प्रथम आकर्षिता पाण्डे, द्वितीय अंतरिका पटेल, तृतीय आयुषी सिंह चतुर्थ आर्यन सबिता डांसिंग में प्रथम विवेक दुबे, द्वितीय निकिता बागरो, सिंगिंग में प्रथम श्रद्धा श्रीवास्तव, द्वितीय हरीश गौड़, तृतीय हिमांशी रस्तोगी, चतुर्थ शिवानी गुप्ता रहीं। शो के आयोजक डायरेक्टर प्रमोद गुप्ता जी ने बताया छोटे-छोटे कस्बों और जिलों में हजारों में प्रतिभा मौजूद हैं जिन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त नहीं हो पाता है उन्हें इस मंच के द्वारा अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का अवसर मिल रहा है। धमाल इंडिया डांस टीवी रियलिटी शो अपने आप में एक अनोखा शो है जो छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का काम कर रहा है। इसका आयोजन हर वर्ष पी एफ सी फिल्म प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले किया होता है। यहां पर सफल होकर उन्हें पीएफसी फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली फीचर फिल्म, वेब सीरीज, शॉर्ट फिल्म, टीवी रियल्टी शो आदि में काम करने का मौका मिलता है। एपिसोड के डायरेक्टर असीम जाफरी, एंकर आनंद सक्सेना, प्रोडक्शन हेड नीरज कुमार, प्रोडक्शन मैनेजर बबली गुप्ता, आशु शर्मा, रवि गुप्ता, दीपक शर्मा, विशाल कुमार वेद प्रकाश, अजय, मेकअप आर्टिस्ट ऊषा सचान, सपना राजपूत, कैमरामैन विजय जयसवाल प्रताप सिंह, सुरजीत कमल , करन कैमरामैन, अजय कुमार, सुधीर तिवारी, जय अवस्थी, रामबाबू गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, आदि कई अन्य लोग मौजूद रहें। जज के रूप में एक्टर मोहम्मद अरशद अंसारी, म्यूजिक डायरेक्टर एम देव, रितिका मेहरोत्रा, लवलेश यादव, निधि गुप्ता रहे।

## जन एक्सप्रेस

# महंगाई और बेरोजगारी से पाक की अवाम बेहाल, बने गृहयुद्ध जैसे हालात

**पाकिस्तान से कहा है कि गरीबों को राहत देने के लिए अमीरों पर टैक्स लगाएं। पाकिस्तान को अमीरों पर कर लगाने और गरीबों की रक्षा करने के लिए कहा गया है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) से इतर पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधान मंत्री अनवारुल हक काकर के साथ बैठक की और पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि वह अमीरों पर कर लगाए और गरीबों की रक्षा करे। क्रिस्टालिना ने कहा कि मैंने पाकिस्तान के प्रधान मंत्री से कहा कि अमीरों पर अधिक कर लगाएं और गरीबों की रक्षा करें।**

योगेंद्र योगी

*जी20 के सफलतापूर्वक हुए आयोजन से भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि में इजाफा हुआ है, वहीं पड़ौसी मुल्क पाकिस्तान में हाहाकार मचा हुआ है। पाकिस्तान लगातार रसातल की तरफ जा रहा है। पाकिस्तान की हालत नारकीय हो गई है। पाकिस्तान में पेट्रोल 320 रुपए से ऊपर है। आटे का भाव 150 रुपए तक पहुंच गया है। बिजली के बिल ने आम अवाम की कमरतोड़ कर रख दी है। डॉलर की कीमत 300 रुपए पाकिस्तान रुपए से ऊपर पहुंच गई है। पाकिस्तान में महंगाई 28 फीसदी से ज्यादा पहुंच चुकी है। लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान दूसरे देशों से भीख मांग रहा है। कंगाल पाकिस्तान की आवाम सड़क पर है। डॉलर की कालाबाजारी हो रही है। आम घरेलू उपभोक्ता को प्रति यूनिट 100 रुपए से भी ऊपर बिजली का बिल चुकाना पड़ रहा है। बिजली का बिल नहीं चुकाए जाने की स्थिति में लोग आत्महत्या कर रहे है। बिजली बिल में यह बढ़ोतरी आईएमएफ की कर्जे के बदले कठोर शर्तों के कारण हुई है, जिसे पाक सरकार मानने को मजबूर है। दरअसल आईएमएफ ने कर्ज के साथ यह उसकी अदायगी के लिए यह शर्त रखी थी। जिसमें अब समूचा पाकिस्तान बुरी तरह तिलमिला रहा है। पाकिस्तान की एयरलाइंस के दिवालिया होने की वजह से इंटरनेशनल बेइज्जती हो रही है। कुछ दिन पहले सउदी अरब और यूएई में ईंधन के पैसे नहीं चुकाने की वजह से विमानों को रोक लिया गया था। इसके बाद एयरलाइंस अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद ही विमानों को उड़ान भरने की उम्मीद मिली है। बेरोजगारी का आलम यह है कि फैक्ट्रियां, उत्पाद और व्यवसाय लगभग चौपट हो चुके हैं। विदेशी निवेश शून्य हो चुका है। महंगाई और बेरोजगारी के कारण पाकिस्तान अपराध की गिरफ्त में आता जा रहा है। बेरोजगारी का आलम यह है कि लाखों युवाओं ने देश छोड़ने के लिए आवेदन कर रखा है, किन्तु पाकिस्तान की सरकार उन्हें मंजूरी नहीं दे रही है। फाकाकशी के कारण भिखारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान में गृहयुद्ध के हालात बन गए हैं। सेना ने पाक सत्ता में हस्तक्षेप शुरु कर दिया है। सेना ने डॉलर की कालाबाजारी रोकने के लिए कई स्थानों पर कार्रवाई करी। इससे डॉलर की रेट कुछ रुपए नीचे आ गई। पाकिस्तान में आई गिरावट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है उसके पासपोर्ट की साख नीचे से चौथे नम्बर पर पहुंच गई है। पाकिस्तान में सरेआम विद्रोह के स्वर गूंज रहे है। बलूचिस्तान के निवासी कारगिल का रास्ता खोले जाने की मांग कर रहे हैं ताकि भारत से व्यापारिक लेन-देन शुरु हो सके। इसके अलावा बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर बलूचिस्तान के लाखों लोगों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पाक सेना को हालात को नियंत्रण करने के लिए भेजा गया है। कुछ ऐसी ही हालत पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की है। पाकिस्तान की भयावह होती स्थिति का सच पाक मीडिया भी नहीं दिखा रहा है। मीडिया पर पाक सरकार का अंकुश है। सोशल मीडिया पर दबे-छिपे तरीके से पाकिस्तान के हालात उजागर हो रहे हैं। मौजूदा हालत में पाक नागरिक यह कहने लगे हैं कि उन्होंने पाकिस्तान में शामिल होकर कौनसा अपराध कर दिया। पाक सरकार के खिलाफ लोगों को अब किसी तरह की कानूनी कार्रवाई का डर नहीं है। लोग खुलकर अपने आक्रोश का इजहार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की साख इतनी बदतर हो चुकी है कि संयुक्त अरब अमरात के प्रिंस ने जी20 में शिरकत के लिए पाकिस्तान में 6 घंटे रुकने की घोषणा की थी, किन्तु वे भी इससे पलट गए। इस्लामिक देशों के बूते भारत को धमकाने वाले पाकिस्तान से सभी देशों ने मुंह मोड़ लिया है। भिखारी जैसी हालत वाले पाकिस्तान से कोई भी देश अब रिश्ता रखने से कतराने लगा है। इतना ही नहीं पाकिस्तान के कई शहरों के लोगों के लिए वीजा पर बैन लगाया दिया है। यह नौबत तब आई है जब कई देशों में पाक के लोगों द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का पता चला। इससे गो बैक पाकिस्तानी की मुहिम चली हुई है। ब्रिटेन में हुए एक सर्वे में 14 प्रतिशत पाकिस्तानी युवाओं को बेकारी और कामचोरी के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।*

---

एक्सप्रेस आलेख

**देश की हिंदू आबादी में 24-25 प्रतिशत अजा-जजा, 15-20 प्रतिशत सवर्ण और लगभग 50-60 प्रतिशत ओबीसी हैं, बेहतर है कि जो तस्वीर है उसे सामने आने दीजिए। यथार्थ है कि बड़ी संख्या में राजनीतिक दल जाति विशेष का प्रतिनिधित्व करते हैं, उत्तर में और दक्षिण में भी, ऐसा भी नहीं है कि ब्राह्मणों की एक, क्षत्रियों की एक, वैश्यों की एक और ओबीसी की एक पार्टी हो, हर राज्य के अपने जातीय बंधु हैं। बीजेपी को लोग सवर्णों का दल मानते हैं, पर सबसे ज्यादा पिछड़ा वर्ग के सांसद सांसद और विधायक इसी में हैं, अधिक सवाल सामाजिक हैं। विजातीय विवाह करने पर हत्याओं की खबरें मिलती रहती हैं, विजातीय होना ऊँच नीच से नहीं जुड़ा है।**

# जाति आधारित जनगणना : समस्या या समाधान



इन्द्र दमन तिवारी

**ब्राह्मणों, क्षत्रियों, वैश्यों और पिछड़ों में भी अनेक वर्ग एक दूसरे से विवाह नहीं करते, हमें इन बातों से भागना नहीं, समझना चाहिए। न भूलें कि संविधान का लक्ष्य जातिविहीन समाज का निर्माण है, देश को जातिगत पहचान पर ज़ोर दिए बिना अवसर की समानता और संसाधनों के समान वितरण सुनिश्चित करने के तरीकों की तलाश करनी चाहिए।**

बिहार सरकार ने हाल में जातिवार गणना के आंकड़े ज़ारी किए, यह मामला माननीय उच्चतम न्यायालय भी पहुंचा, जहां से बिहार सरकार को लोगों के निजी आंकड़े सार्वजनिक न करने का आदेश तो दिया गया लेकिन साथ ही ये भी कहा गया कि ÷यह एक नीतिगत मामला है और इस पर रोक भी नहीं लगाई जा सकती÷। सिद्धांततः हमारा संविधान धर्म, प्रजाति, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव रोकने के लिए कृत-संकल्पित है, अनुच्छेद 14-18 समानता पर केंद्रित हैं, जातीय आरक्षण के विषय में संवैधानिक व्यवस्था की आवश्यकता तब पड़ी जब 1951 में मद्रास राज्य बनाम चम्पकम दुरईराजन वाद में उच्चतम न्यायालय ने सरकारी आदेश को रद्द कर दिया। इसके बाद संविधान के पहले संशोधन द्वारा अनुच्छेद 15 में धारा 4 जोड़ी गई, इस धारा में समानता के सिद्धांत के अपवाद के रूप में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों या अनुसूचित जातियों, जनजातियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। संविधान में संशोधन करते समय अ.जा.-ज.जा. स्पष्ट लिखा गया। अनुच्छेद 366(24), (25) के अंतर्गत अनुच्छेद 341 और 342 में अ.जा.-ज.जा. की परिभाषा भी दी गई, पर सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों की परिभाषा नहीं दी गई। इसे परिभाषित करने के लिए 1953 में काका कालेलकर आयोग और 1978 में बीपी मंडल की अध्यक्षता में आयोग बनाए गए, संविधान की शब्दावली में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों का उल्लेख जाति-निरपेक्ष है, इसमें जाति शब्द से बचा गया है। बिहार में जातियों की जनगणना के नतीजे आने के बाद देश में जातिगत आरक्षण की बहस फिर से तेज होने जा रही है, जिसका असर लोकसभा चुनाव पर पड़ेगा। सर्वेक्षण का फायदा गरीब, पिछड़ों और दलितों को मिले या न मिले पर राजनीतिक लाभ सभी दल लेना चाहेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर जाति-जनगणना की माँग और शिक्षा तथा नौकरियों में आरक्षण की 50 फ़ीसदी की कानूनी सीमा पर फिर से विचार करने की माँग जोर पकड़ेगी, न्यायपालिका से कहा जाएगा कि आरक्षण पर लगी 'कैप' को हटाया जाए। हिंदुओं के व्यापक आधार तैयार करने की मनोकामना से प्रेरित बीजेपी एवं ओबीसी, दलितों व अन्य दूसरे सामाजिक वर्गों के हितों की रक्षा के लिए गठित राजनीतिक समूहों के टकराव का एक नया



**उधर गत 31 जुलाई को रोहिणी आयोग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी, हालांकि उसकी सिफारिशों को सार्वजनिक नहीं किया गया है, पर उसके निहितार्थ महत्वपूर्ण होंगे, जो स्थिति अगड़ों की थी, वह अब पिछड़ों में 'अगड़ों' की होगी।**

अध्याय अब शुरू होगा। यह टकराव पूरी तरह नकारात्मक नहीं है, सर्वेक्षण से पता चला कि बिहार की 13 करोड़ आबादी के 63 फीसदी हिस्से का ताल्लुक अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की श्रेणियों में शामिल जातियों से है, इसमें लोगों के सामाजिक आर्थिक विवरण भी दर्ज किए गए हैं, लेकिन वे अभी सामने नहीं आए हैं। उधर गत 31 जुलाई को रोहिणी आयोग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी, हालांकि उसकी सिफारिशों को सार्वजनिक नहीं किया गया है, पर उसके निहितार्थ महत्वपूर्ण होंगे, जो स्थिति अगड़ों की थी, वह अब पिछड़ों में 'अगड़ों' की होगी। इससे एक नई राजनीति जन्म लेगी। अब कुछ सवाल खड़े होंगे, इन नतीजों ने राष्ट्रीय स्तर पर क्या ऐसी ही जनगणना की जरूरत को उजागर किया है? महामारी के कारण इस बार की जनगणना समय से नहीं हो पाई, इस जनगणना के साथ देश के लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन जुड़ा हुआ है, महिला-आरक्षण भी जनगणना से जुड़ गया है। अभी तक लाभ किस वर्ग को मिला और कौन सा वर्ग सबसे ज्यादा लाभान्वित हुआ? कौन सबसे वंचित है? बिहार के सर्वेक्षण से गणना पद्धति पर भी रोशनी पड़ी, सूची में दर्ज 214 जातियों में से हर एक को कोड दिया गया, पहले विभिन्न उप-जातियों एवं संप्रदायों की पहचान की गई और फिर एक व्यापक जाति नाम के अंतर्गत उसे शामिल किया गया। केंद्र सरकार के 2011 के 'सामाजिक, आर्थिक और जाति जनगणना' के विवरण को ज़ारी नहीं कर पाने की एक वजह यह थी कि उसमें हासिल डेटा भ्रामक और जटिल था, लोगों ने अपनी जाति के जो नाम बताए, उससे करीब 46 लाख जातियों का पता लगा था। जातियों, उप-जातियों, संप्रदायों, गोत्रों और स्थानीय उपनामों के कारण सूची बढ़ती चली गई। देश की बहुरंगी तस्वीर की झलक और विकास के लिए आवश्यक सूचनाएं हमें जनगणना से मिलतीं हैं, जनगणना के मापदंड तय करते हैं कि हमें किस तथ्य की जानकारी लेनी है? हमारी जनगणना में सन 1931 तक जातियों की संख्या भी गिनी जाती थी, वह बंद कर दी गई। वर्ष 2001 की जनगणना के पहले यह माँग उठी कि हमें जातियों की गिनती भी करनी चाहिए, वह माँग नहीं मानी गई, सन 2009 में तमिलनाडु की पीएमके ने उच्चतम न्यायालय में अपील की कि जनगणना में जातियों को भी शामिल किया जाए। वह अपील नहीं मानी गई। अदालत ने कहा, यह नीतिगत मामला है, सरकार को इसे तय करना चाहिए, जातिवाद या जाति-चेतना अपनी जगह है और वह जनगणना न कराने से खत्म नहीं होगी। मोटे तौर पर माना जाता है कि देश की हिंदू आबादी में 24-25 प्रतिशत अजा-जजा, 15-20 प्रतिशत सवर्ण और लगभग 50-60 प्रतिशत ओबीसी हैं, बेहतर है कि जो तस्वीर है उसे सामने आने दीजिए। यथार्थ है कि बड़ी संख्या में राजनीतिक दल जाति विशेष का प्रतिनिधित्व करते हैं, उत्तर में और दक्षिण में भी, ऐसा भी नहीं है कि ब्राह्मणों की एक, क्षत्रियों की एक, वैश्यों की एक और ओबीसी की एक पार्टी हो, हर राज्य के अपने जातीय बंधु हैं। बीजेपी को लोग सवर्णों का दल मानते हैं, पर सबसे ज्यादा पिछड़ा वर्ग के सांसद सांसद और विधायक इसी में हैं, अधिक सवाल सामाजिक हैं। विजातीय विवाह करने पर हत्याओं की खबरें मिलती रहती हैं, विजातीय होना ऊँच नीच से नहीं जुड़ा है, हरियाणा में खाप के झगड़े एक ही जातीय स्तर के हैं।

---

### एक्सप्रेस कविता

*वह दूसरों की खुशहाली से परेशान है,*
*दुनिया की चमक धमक से हैरान है।*
*खुद ने कभी ईमान का पसीना बहाया नहीं,*
*बिना श्रम के भला कोई बना धन वान है*
*धन की लिप्सा चाहत किसे नहीं होती।*
*बनना पहले हमें,अच्छा इंसान है।*

*जग की रीत जिसने खोया उसी ने पाया है,*
*यही धरती पर ही दीन और ईमान है।*
*दूसरों की शान शौकत देख यह न सोचो,*
*उसका भाग्य सदैव कितना बलवान है।*
*जो जग में चमकता सितारा दिखता है,*
*सफलता के पीछे लुटा दी दिलों-जान है।*
*आकाश में बह रही बहुत गर्म हवाएं हैं।*
*दुआ है अमन से रहे, हमारा सारा जहान है।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*धीरज रखने वाला आदमी आत्मविश्वास की नाव पर सवार होकर, मुसीबत की नदी को सफ़लता पूर्वक पार कर जाता है।*

---

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | एकादशी 15:08 तक |
| नक्षत्रः | मघा 32:40 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | साध्य, 07:37 |
| सूर्योदयः | 06:22 |
| सूर्यास्तः | 17:53 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 15:00-16:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | सिंह |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:30 |

## जन एक्सप्रेस

### खोज रहे हैं सीट !

*शुरू हो गया मंथन ।*
*किस पर पलड़ा भारी ?*
*खोज रहे हैं सीट ।*
*करने को तैयारी ।।*
*क़दम है जमाना ।*
*रहे अब तलाश ।।*
*बढ़ जाए कुछ हलचल ।*
*बनें हम भी ख़ास ।।*
*नया कलेवर नया रूप ।*
*है हमको अपनाना ।।*
*बन जाए कुछ इस तरह ।*
*मौसम ये सुहाना ।।*
*लग गए हैं काम पर ।*
*लोग कुछ हमारे ।।*
*करें थोड़ा इंतज़ार ।*
*और फिर निहारें ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# शुगर क्रेविंग कम करने में फायदेमंद है शारदुनिका जड़ी-बूटी




**कई** लोगों को मीठा खाना बेहद पसंद होता है, लेकिन ये उनके सेहत पर गलत प्रभाव डाल सकते हैं। डायबिटीज के मरीजों के अलावा भी ऐसे कई लोग हैं जिन्हें हर समय कुछ मीठा खाने की क्रेविंग होती रहती है। ज्यादा मीठा खाने से व्यक्ति मोटापे या अन्य गंभीर बीमारीयों की चपेट में आसानी से आ सकता है। कई बार शुगर क्रेविंग आपके ऊपर इतनी ज्यादा हावी हो जाती है कि आप बिना मीठा खाएं रह ही नहीं पाते हैं।

**क्या है शारदुनिकाः** आयुर्वेद में शारदुनिका को मधुनाशिनी और 'गुरमार' के नाम से भी जाना जाता है, इस हर्ब को मीठे स्वाद को खत्म करने के लिए भी जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर किसी को शुगर क्रेविंग हो तो इस हर्ब को जीभ पर रखते ही मीठा खाने की चाह खत्म हो जाती है। इसकी पत्तियों में एसिड का एक एक्टिव कंपाउंड होता है जिसे जिम्नेमिक एसिड कहा जाता है। शारदुनिका के पत्तों में क्लोरोफिल, रेजिन, एल्ब्यूमिन, टार्टरिक एसिड, ब्यूटिरिक एसिड, फॉर्मिक एसिड, कार्बोहाइड्रेट, एन्थ्राक्विनोन डेरिवेटिव जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल रखने में मदद करते हैं। जिम्नेमिक एसिड आपके जीभ पर लगते ही मीठा खाने की इच्छा को खत्म करने में सक्षम होती है। 'गुरमार' की पत्तियां स्वाद में कड़वी और कसैली होती हैं, जो शुगर क्रेविंग को खत्म करने के साथ शरीर को अन्य बीमारियों से भी बचाने में फायदेमंद है।

**शारदुनिका के अन्य हेल्थ बेनिफिट्सः** इसकी पत्तियों को चबाने से शरीर की सूजन और जलन को कम किया जा सकता है। अस्थमा और सांस संबंधी समस्याओं में भी यह पत्तियां काफी बढ़िया मानी जाती है। अल्सर की समस्या को भी दूर करने में काफी उपयोगी होता है। शारदुनिका की पत्तियां शरीर पर रगड़ने से शरीर पर हो रही खुजली से भी राहत मिलती है। पीरिड्स में हैवी ब्लीडिंग को रोकने में बी काफी कारगर माना जाता है। स्किन से जुड़ी समस्याओं को दूर कर चेहरे को हेल्दी रखता है। आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए भी फायदेमंद होता है।

---

एक्सप्रेस विशेष

# योगी का सहयोगी संघवाद



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**उत्तर प्रदेश देश में गन्ना, चीनी और एथनॉल उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। स्मार्ट गन्ना किसान के माध्यम से ऑनलाइन पर्ची सिस्टम लागू किए जाने पर भारत सरकार द्वारा ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्रदान किया गया है। छह वर्षों में दो लाख 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक का**

**लखनऊ और हरदोई के बीच एक हजार एकड़ में टेक्सटाइल पार्क स्थापित होगा। पंद्रह लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर को करीब दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया गया है। कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। सभी 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई है।**

**योगी** सरकार ने उत्तर प्रदेश की एक नई और चमकदार तस्वीर प्रस्तुत की है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया है। संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में निरन्तर प्रयास चल रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश की इस विकास यात्रा में भी सर्वाधिक उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। प्रदेश सरकार हर तबके को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ दे रही है। पहले की सरकारें कुछ खास क्षेत्रों पर ध्यान देती थीं, जबकि वर्तमान सरकार बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश को योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में छह नोड्स विकसित किए जा रहे हैं। बुंदेलखंड में पेयजल की समस्या के निदान के लिए हर घर नल योजना लाई गई है। पात्र लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ते हुए गोल्डन कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश सरकार सभी गरीबों को निःशुल्क पक्के घर उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में दो करोड़ इकसठ लाख परिवारों को शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदेश के सभी जनपदों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। प्रदेश के सभी जनपदों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की



व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। आज राष्ट्रीय फलक पर एक ऐसा उत्तर प्रदेश उभरकर आया है, जिसकी छवि बीमारू राज्य की नहीं, बल्कि एक ऐसे विकासशील राज्य की है जो भारत की प्रगति में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रहा है। छह साल से उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, तकनीक, डिजिटल इंडिया, कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग, तकनीक के माध्यम से भ्रष्टाचार को कम करने व व्यवसाय का उपयुक्त माहौल प्रदान करने में की गई प्रगति सम्बन्धी काम को प्रदर्शित करने का सुअवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया विजन से सहकारी संघवाद की अवधारणा साकार हो रही है। मध्य क्षेत्रीय परिषद सहकारी संघवाद को सुदृढ़ करते हुए प्रधानमंत्री के एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी। सहकारी संघवाद की एक अभिव्यक्ति क्षेत्रीय परिषद भी है। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुशल नेतृत्व प्रदान करते हुए क्षेत्रीय परिषदों को सक्रिय किया है। उत्तर प्रदेश अगले पांच वर्षों में अपनी अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश देश में गन्ना, चीनी और एथनॉल उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। स्मार्ट गन्ना किसान के माध्यम से ऑनलाइन पर्ची सिस्टम लागू किए जाने पर भारत सरकार द्वारा ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्रदान किया गया है। छह वर्षों में दो लाख 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। दो करोड़ 62 लाख कृषकों किसान सम्मान निधि प्रदान की जा रही है। इसमें देश में उत्तर प्रदेश अव्वल है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिलाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना संचालित है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनकी सम्पत्ति का मालिकाना हक दिलाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना संचालित है। छह वर्षों में प्रदेश में 54 लाख गरीबों को आवास स्वीकृत किए गए हैं। एक करोड़ 61 लाख परिवारों हर घर नल कनेक्शन से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत अब तक पौने दो करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन दिया गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अड़तीस लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने के लिए पच्चीस हजार से अधिक एमओयू हस्ताक्षरित किए गए। लखनऊ और हरदोई के बीच एक हजार एकड़ में टेक्सटाइल पार्क स्थापित होगा। पंद्रह लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर को करीब दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया गया है। कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। सभी 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई है। पोषाहार आपूर्ति व्यवस्था में बदलाव कर स्थानीय महिलाओं को रोजगार से जोड़ा गया है। प्रत्येक दो ब्लॉकों के बीच एक प्लांट लगाया जा रहा है, जिसमें पोषाहार का उत्पादन स्थानीय महिलाएं कर रही हैं।

# यह आपका अस्पताल है रजिस्ट्रेशन है कि नहीं, मिल लीजिएगा

## जो गलत है वो गलत है अवैध नर्सिंग होम झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध एक साथ कार्यवाही की जाये बिना भेदभाव के

जन एक्सप्रेस । सुनहरा




**लखीमपुर खीरी।** अवैध नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन है। की नहीं इसकी जांच स्वास्थ्य विभाग मुख्य चिकित्सा अधिकारी नहीं करते हैं बल्कि इस काम का जिम्मा उठा रखा है।तथाकथित पत्रकारो ने इनका काम सुबह घर से निकल कर पता लगाना कहा नर्सिंग होम कहा झोलाछाप डॉक्टर है उनको डिग्री देने का काम तथाकथित पत्रकार करते हैं।आपके नर्सिंग होम की रैंकिंग करेंगे फिर फोन करेंगे की मिल लेना नहीं तो खबर अपडेट चल जाएगी यह हथियार है इन तथाकथित पत्रकार आप डर गये मामला मैनज हो गया तो आपको डिग्री मिल जाएगी यह खेल खेला जा रहा है।और तो और अगर रकम मिल गई तब भी सब ठीक-ठाक नहीं होगा उसके बाद अपने सहयोगियों को बुलाएंगे उन्हें बताएंगे वह भी रुपए लाएंगे यानी नर्सिंग होम संचालक की पेट की आंतें तक नोच लेंगे इनका हौसला इस लिए बढ़ता है की मैनेज न होने पर यह खबर अपडेट चलाएंगे तूफान मचाएंगे स्वास्थ्य विभाग कुंभकर्णीय नींद सो रहा है। देखते हैं अवैध नर्सिंग होम के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग कब कार्रवाई करता है या मामला लेनदेन करके रफा दफा कर दिया जाएगा ये खबर व अपडेट करने का मैनेज करने का सबसे सुंदर सबसे सरल यह फार्मूला है। मामला ज्यादा तूल पकड़ने पर स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करता है नर्सिंग होम चीज करता है जिससे तथाकथित पत्रकारों के हौसले बुलंद होते हैं स्वास्थ्य विभाग को चाहिए जितने भी अवैध नर्सिंग होम हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए इसमें भेदभाव ना किया जाए जिनकी खबरें चलें उन पर बाद में करें और इसके अतिरिक्त जितने भी हैं उनपर कार्यवाही पहले करें जिससे तथा कथित पत्रकारों के गोरख धंधे पर विराम लगेगा क्योंकि स्वास्थ्य विभाग तथाकथित पत्रकारों के सहारे हैं। ऐसा प्रतीत होता है खबरें निकले तभी वह हॉस्पिटल अवैध है वरना नहीं है इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को होती है तब कोशिश किया जाता है कुल मिलाकर स्वास्थ्य विभाग का कार्य तथाकथित पत्रकार कर रहे हैं। जिससे अवध नर्सिंग होम और झोलाछाप डॉक्टर काफी परेशान है क्योंकि अवैध नर्सिंग होम की जनपद में बाढ़ सी आई है और झोलाछाप डॉक्टरों की लाइन सी लगी हुई है। किसी एक पर मैनेज ना होने पर कार्रवाई होना गलत है क्योंकि भय का माहौल बन रहा है। अवैध नर्सिंग होम चल रहे है चलते आ रहे है मैनेज न होने के बाद सीज हो रहे है सीज होने के बाद पुनः नाम बदलकर चालू हो रहे है यह खेल काफी समय से होता आ रहा है होता रहेगा इसी तरह लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ होता रहेगा क्योंकि तथाकथित पत्रकारों से ताल पर ताल मिलाकर स्वास्थ्य विभाग चल रहा है। जिसका परिणाम यह सामने आ रहा है कि झोलाछाप डॉक्टर मनमानी ढंग से डॉक्टरी करें और वहीं अवैध नर्सिंग होम संचालक मनमानी ढंग से नर्सिंग होम का संचालन करें यह बंद होना चाहिए एक पर नहीं एक तरफ से सभी पर कार्रवाई होनी चाहिए तभी तथाकथित पत्रकारों का गोरखधंधा बंद होगा अवैध नर्सिंग होम बंद होंगे झोलाछाप डॉक्टरों का कमाई का जरिया बंद होगा।और इस तरह के तथाकथित पत्रकार भी लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जो समाज के न्यायहित में नहीं है।

# बुखार से मौतों पर भड़के मंत्री ने कहा बंद करिए आंकड़े बाजी

✻ तहसील क्षेत्र में मलेरिया के बाद अब डेंगू के संक्रमण से मौतें होने लगी है

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



अधिवक्ता साथी की मौत पर नाराज मंत्री ने बुलाई आपात बैठक।डॉक्टरों के आंकड़े पेश करने पर बिफर गए।बुखार से मौतों पर भड़के मंत्री ने कहा बंद करिए आंकड़े बाजी।
क्षेत्र में तेज बुखार के साथ डेंगू ह्यठ्ठ1 पॉजिटिव पाए जाने से हो रही लगातार मौतें जबकि स्वास्थ्य विभाग एक भी नहीं कर रहा पुष्टि। तहसील क्षेत्र में मलेरिया के बाद अब डेंगू के संक्रमण से मौतें होने लगी है। कस्बा के वरिष्ठ अधिवक्ता रामसेवक मिश्रा का डेंगू के संक्रमण से मौत हो जाने पर दर्जा राज्य ने तहसील सभागार में सी एच सी के डॉक्टरों के साथ आपात बैठक कर महामारी पर काबू पाने के लिए हर संभव सहयोग करने की बात कही।सोमवार को तहसील सभागार में दर्जा राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने क्षेत्र में डेंगू के संक्रमण से मौत होना दुखद बताया है। सरकार द्वारा पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने के बाद भी स्थिति नियंत्रण में न होने पर असंतोष जताया। उन्होंने अपने साथी अधिवक्ता की मौत का उदाहरण देने पर डॉक्टरों के आंकड़े बाजी प्रस्तुत करने से भड़क गए। पूछने पर मोहम्मदी और पसगवां के सरकारी अस्पताल की रिपोर्ट में कोई डेंगू पॉजिटिव नहीं पाया गया। जबकि प्राइवेट नर्सिंग होमो में स्थिति भयावह है। जहां जांच के दौरान डेंगू ठ्ठह्य1 पॉजिटिव पाया जा रहा है। ऐसा क्यों है। उन्होंने कहा आप लोग जान बचाए आंकड़े बाजी बंद करें ।गांव में जाकर बी डी ओ, एसडीएम से साफ सफाई और दवाई का छिड़काव की रिपोर्ट प्रतिदिन देने को कहा।
इस मौके पर अध्यक्ष ने बताया लगातार कस्बे में दवाइयां का छिड़काव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पांडे और मंत्री कमल गुप्ता के नेतृत्व में तमाम अधिवक्ताओं ने पहुंच कर दिए गए ज्ञापन में कहा क्षेत्र में लगातार बुखार से हो रही मौतों पर संज्ञान लेने की जरूरत है। मैंने असमय ही अपने एक साथी को आज ही खोया है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, अधिवक्ता विवेक शुक्ला, समेत तमाम प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कार और बाइक की टक्कर में एक की मौत

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। नेशनल हाईवे पर रविवार को देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत के मामले में मृतक के भाई ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।फरधान थाना क्षेत्र के गांव अटकोनवा निवासी श्याम किशोर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रविवार की रात उसका भाई रामदेव गोला से दवाई लेकर लौट रहा था। तभी रास्ते में लखीमपुर रोड नेशनल हाईवे पर ग्राम शहाबुद्दीनपुर के पास सामने से तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी थी।इस दुर्घटना में रामदेव की मौत हो गई थी। घटना के बाद दूसरी बाइक पर चल रहे छोटे भाई पुनीत ने कार्यचालक को पकड़ने का प्रयास किया था, लेकिन वह कार छोड़कर मौके से भाग निकला था। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कांग्रेसियों ने मनाईं कांशीराम पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। व्यवस्था परिवर्तन के नायक समता मूलक समाज के प्रेरक वंचित और शोषित समाज के मसीहा कांशीराम की पुण्य तिथि पर कांग्रेसियों ने उन्हें याद किया। शहर के मोहल्ला भारत भूषण कॉलोनी स्थित पार्टी के कैंप कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी के



जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। कांग्रेस के पदाधिकारी ने कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रेम कुमार वर्मा, सतीश चंद्र मिश्रा, मतीनशाह, शरीफ अहमद, दीपक राजवंशी, अनिल शुक्ला, हाजी नासिर अहमद,अजीत जैन, रामप्रसाद भार्गव, सलमान अहमद,पंकज पटेल, विक्रम पटेल, रयान शाह, शाहिद तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दुघर्टना में बालिका समेत दो घायल

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। मंगलवार को दो अलग-अलग सडक दुर्घटनाओं में एक बालिका समेत दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नगर के मोहल्ला श्याम कन्हैंया कालोनी निवासी प्रदीप कुमार की 6 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी देवी और हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हैयागंज निवासी विशाल पुत्र कन्धई लाल सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। दोनों घायलों को डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुँचा शाहजहांपुर निनाया गांव

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के नेताओं का एक प्रतिनिधि मण्डल कानपुर देहात के गांव शाहजहांपुर निनायां में दो विश्वकर्मा परिवार के सदस्यों के हत्याकाण्ड की जांच के लिए आज थाना गजनेर के शाहजहांपुर निनायां गांव में पहुंचा।प्रतिनिधि मण्डल में शामिल राम आसरे विश्वकर्मा राष्ट्रीय सचिव पूर्वमन्त्री, भगवती सागर पूर्वमंत्री, राजाराम पाल पूर्व सांसद, राम प्रकाश कुशवाहा पूर्व विधायक, दिलीप यादव पूर्व विधायक, नरेन्द्र सिंह पाल पूर्व प्रत्याशी, बब्लू यादव जिलाध्यक्ष कानपुर देहात, छोटे सिंह विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष विश्वकर्मा महासभा ने परिजनों से भेंट कर घटना की पूरी जानकारी ली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गांव के लोग और विश्वकर्मा समाज के लोग मौजूद रहे। घटना की जांच में पता चला कि जमीन के विवाद की घटना पूर्व नियोजित है और गांव के मोहन शुक्ला व उनके परिवार के लोगों ने यकायक रामवीर विश्वकर्मा के परिजनों पर लाठी डण्डा और कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। घर के पुरुषों महिलाओं को बेरहमी से मारा जिससे परिवार के मुखिया रामवीर विश्वकर्मा और सत्यनारायण विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी। शेष परिवार के लोग कानपुर हैलेट अस्पताल में भर्ती हैं। विश्वकर्मा परिवार गरीब है। उनके इलाज का भी प्रबंध नहीं है।समाजवादी पार्टी के सभी नेताओं ने विश्वकर्मा परिवार को विश्वास दिलाया कि पार्टी उनके साथ खड़ी है और उनकी पूरी मदद होगी। घटना की पूरी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रस्तुत की जायेगी।समाजवादी पार्टी की मांग है कि सरकार उनके मृतक परिजनों को पचास पचास लाख रुपये की आर्थिक मदद करें। सरकार उनके बेरोजगार दो बेटों को सरकारी नौकरी दे। उनके रहने के लिये आवासीय जमीन का पट्टा तथा परिवार को सुरक्षा दे। उनकी जमीन पर उनका मकान बनाया जाय।

### विद्युत व्यवस्था और बेहतर बनाने के लिए जोन का पुर्नगठन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने तथा उनकी समस्या के त्वरित समाधान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।इसके लिए वर्तमान विद्युत व्यवस्था के ढांचे में तेजी से बदलाव के कार्य किये जा रहे हैं। पूरे प्रदेश में आरडीएसएस, बिजनेस प्लान तथा अन्य मदों में कार्य कर इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है। साथ ही व्यवस्था की शीघ्र व सहज ढंग से मानीटरिंग के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों की संख्या में और वृद्धि की जा रही है। इससे जहां कार्यक्षमता बढ़ेगी वहां शिकायतों के समाधान में भी तेजी आयेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिये उ0प्र0 पावर कारपोरेशन के अन्तर्गत निर्धारित क्षेत्रों जोन्स का पुनर्निर्धारण करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। वर्तमान में कार्यरत 25 क्षेत्रों जोन्स को बढ़ाकर 40 क्षेत्र जोन्स बनाये जायेंगे। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, बरेली, लेसा सिस गोमती लेसा ट्रांसगोमती अलीगंढ़, कानपुर, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, आगरा, लखनऊ को विभाजित कर एक-एक नया क्षेत्र जोन बना दिया गया है। इसके अतिरिक्त गाजियाबाद क्षेत्र को तीन खण्डों में विभाजित कर दो नये क्षेत्र जोन गठित किये गये है। नगरीय क्षेत्रों की विशिष्ट समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बड़े नगरों पर अधिक ध्यान देने हेतु नए जोन स्थापित किये जा रहे। इससे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अलग-अलग पर्यवेक्षण किया जा सकेगा। शेष, बुलन्दशहर, अयोध्या, नोएडा, आजमगढ़, मिर्जापुर, बस्ती, देवीपाटन, बांदा, झांसी और केस्को में स्थापित जोन पूर्ववत ही रहेंगे। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि विद्युत विभाग के वर्तमान क्षेत्रों जोन्स को विभाजित कर नये क्षेत्रों जोन्स के गठन से विद्युत व्यवस्था से सम्बन्धित कार्यों में तेजी से सुधार आयेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में विद्युत के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे।

# सम्पूर्णानगर चीनी मिल रोड पर बह रहा नालियों का गंदा पानी

जन एक्सप्रेस । सम्पूर्णानगर खीरी



स्वच्छ भारत मिशन अभियान की पोल खुल गई सम्पूर्णानगर की नालियां सफाई ना होने से चौक हो गई हैं और पानी सड़कों पर बह रहा है !विकासखंड पलिया की ग्राम पंचायत सम्पूर्णानगर कस्बे में चीनी मिल को जाने वाले सड़क किनारे नालियां चोक हो गई है जिसके चलते नालियों से निकले गंदा पानी सड़कों पर बजबजा कर कई संक्रमण बीमारियों को दावत दे रहा है! ग्रामीणों ने बताया कि जहां एक तरफ योगी सरकार स्वच्छ भारत मिशन अभियान गांव गांव चलाकर सफाई पर जोर दे रही है! तो वहीं सफाईकर्मियों की मनमानी के चलते बीते कई महीनों दिन से सफाई ना होने से नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा है! ग्रामीणों ने प्रशासन से नालियों की सफाई कराने की मांग किए हैं।

# विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति आज करेगी शिक्षकों को सम्मानित

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति के तत्वधान में आज नीलकंठ मैदान में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें 1000 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू और प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि 10 अक्टूबर की पूर्वाहन 11ः00 बजे नीलकंठ मैदान में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह समारोह 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर को होना था किंतु किन्हीं कारणों बस समारोह स्थगित करना पड़ा था। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी अनूप गुप्ता, विशिष्ट अतिथि प्राक्कलन समिति सभापति एवं विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, विधायक रोमी साहनी, अमन गिरि होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में नगर अध्यक्ष संजय तिवारी के साथ पदाधिकारी लगे हुए है।

# बेरहमी से अपराधियों ने किया बालिका की जिंदगी के साथ हुई दरिंदगी

जन एक्सप्रेस । अवधेश कुमार पाण्डेय



**तिकुनियां खीरी।** विकास क्षेत्र निघासन के कोतवाली तिकुनियाँ क्षेत्र में हुआ दर्दनाक हादसा बताते चलें क़ी कल बालिका अपने घर से स्कूल पढ़ने के लिए जाती है मगर घर वापस नहीं पहुँचती हैं। जिससे परिवार जन काफ़ी तलाश करने के बाद आखिरकार तिकुनियाँ कोतवाली में गुमशुदगी क़ी तलाश के सन्दर्भ प्रार्थना पत्र दिया था। काफ़ी तलाशने के बाद सोमवार क़ो लड़की का शव गन्ने के खेत में बरामद हुआ। दुश्मनों क़ी तरह बेखौफ़ से बालिका के साथ बर्ताव किया। सूत्रों क़ी जानकारी के अनुसार लड़की इस्लामिया में पढ़ने आती थी। पिता का नाम शाबिर है मूल निवासी रमुआ पुर। बालिका क़ी एक आँख फोड़ दी गई और मुँह में कपड़ा ठूँसा था। तिकुनियाँ पुलिस शव क़ो कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# पुरानी रंजिश के चलते गले में चाकू घोप कर किया जानलेवा हमला

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



यूपी में योगी सरकार भले ही सुरक्षा व्यवस्था, अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए चाहे जितने आदेश दे रही हो लेकिन यूपी के लखीमपुर खीरी जिले में अराजक तत्वों का कहर बरपाना जारी है इसी क्रम में आपको लेकर चलते हैं जनपद मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम देवरिया पोस्ट महोला थाना खीरी निवासी सुनील कुमार पुत्र राम अवध को पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही पवन,रक्षा राम, अनूप, बबलू, मस्तराम ने बीती 08 अक्टूबर के दोपहर करीब 02 बजकर 30 मिनट के आसपास सुनील कुमार को चाकू मारकर लहूलुहान व जानलेवा हमला बोल दिया और मारा पीटा किसी तरह जान बचाकर सुनील कुमार ने अपने भाई राम नारायण को मामले का घटना क्रम बताया किसी तरह सुनील का भाई तुरंत मौके पर पहुंचकर थाने पहुंचा जहां थाने पर तैनात दरोगा ने चाकू गले में लगने से लहूलुहान सुनील को मेडिकल एवम उपचार हेतु जिला अस्पताल मोतीपुर भेजा जहां उसका इलाज चल रहा है।इस संबंध में पीड़ित के घर वालो से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि गांव के ही उपरोक्त व्यक्तियों ने मेरे सुनील पर जानलेवा हमला किया गले में चाकू घोप दिया था और बहुत मारा पीटा है थाने पर मेडिकल पहुंच गया है लेकिन अभी तक हमसे प्रार्थना पत्र लिया गया है और न ही कोई मुकदमा लिखा गया है पीड़ित सुनील जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती है जहां उसका इलाज चल रहा है हम लोगो में भय व्याप्त है क्योंकि विपक्षी लोग खुले आम घूम रहे है।

# विद्युत पोल में आ रहे करंट की चपेट में आने से हुई भैस की मौत

जन एक्सप्रेस । भीरा-खीरी



भीरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रत्नापुर के मजरा सौना खुर्द में रहने वाले सोबरन लाल की भैंस की मौत रविवार को करंट की चपेट में आने से हो गयी। उन्होंने भैंस की अनुमानित कीमत ?50,000 से ऊपर बताई है।सौना खुर्द के रहने वाले किसान सोबरन लाल की भैंस चरने के लिए मोहल्ले में गई थी, तभी उसे प्यास लगी, जो खम्भे के पास भरे पानी को पीने के लिये आगे बढ़ी। इस दौरान विद्युत पोल में दौड़ रहे करंट की चपेट में भैंस आ गई और मौके पर उसकी मौत हो गई। सोबरन लाल ने बताया कि भैंस के दूध से ही उसका जीवकोपार्जन चलता था जिसके बाद परिवार में अब दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है ।फिलहाल सोबरन ने इस घटना की लिखित रिपोर्ट भीरा थाने में दी है।जिसके बाद पशु चिकित्सा अधिकारी बिजुआ संजय स्वरूप गुप्ता ने भैंस का पोस्टमार्टम किया जिन्होंने करंट से मौत होने की पुष्टि की।इस घटना की जानकारी जब विद्युत उपकेन्द्र भीरा के अवर अभियंता विद्यासागर से ली तो उन्होंने बताया बरसात में अधिकतर खम्भो में करंट उतर आता है , जिसके लिये हर बार लोगो को जानकारी दी जाती है कि बरसात के दिनों में खम्भो से दूरी बनाकर रहे। अगर यह दूरी बनाई होती तो यह घटना आज न घटती फिर भी गरीब सोबरन लाल के लिए विभाग द्वारा जो भी सहायता राशि होंगी दी जाएगी।

# कैबिनेट बैठक आज: माता-पिता का ख्याल न रखने पर संपत्ति से होंगे बेदखल, नियमावली में संशोधन पर लग सकती है मुहर

✻ फैसले के खिलाफ अपील डीएम की अध्यक्षता में गठित अधिकरण में की जा सकेगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बुजुर्ग माता-पिता का ख्याल न रखने वाली संतान संपत्ति से बेदखल हो सकती है। इसके लिए उत्तर प्रदेश माता-पिता भरण-पोषण एवं कल्याण नियमावली में संशोधन के प्रस्ताव पर मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में मुहर लग सकती है। इसके अलावा 19 शहरों में पीएमई ई-बस सेवा शुरू करने समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी कैबिनेट के सामने रखे जाने की उम्मीद है। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक होगी। इसमें माता-पिता भरण पोषण नियमावली में संशोधन के लिए बिंदु 22 पर कुछ और उप नियम जोड़े जाएंगे। इसके तहत एसडीएम की अध्यक्षता में गठित ट्रिब्युनल को यह अधिकार होगा कि वह माता-पिता का ध्यान न रखने वाले बच्चों को उनकी संपत्ति से बेदखल कर सकें। इस फैसले को लागू करवाने की जिम्मेदारी भी एसडीएम की होगी, जिसमें पुलिस भी मदद करेगी। फैसले के खिलाफ अपील डीएम की अध्यक्षता में गठित अधिकरण में की जा सकेगी। प्रदेश सरकार 17 नगर निगमों समेत 19 शहरों में ई-बसें चलाने जा रही है। ये बसें पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत चलाई जाएंगी। नगर विकास विभाग के इस प्रस्ताव पर भी कैबिनेट से मंजूरी दी जा सकती है। प्रस्ताव के मुताबिक, शहरों में 150-150, मध्यम शहरों में 100-100 और छोटे शहरों में 50-50 बसें चलाए जाने की योजना है। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में सड़क निर्माण से संबंधित सीएम ग्रिड योजना के नाम से नई योजना को भी मंजूरी दी जा सकती है। इसके अलावा सहकारी गन्ना समितियों और धान-गेहूं खरीद के लिए सहकारी समितियों को सरकारी बैंक गारंटी के प्रस्तावों को भी स्वीकृति मिल सकती है। प्रदेश में बन रहे एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक गलियारों के विकास तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे व गंगा एक्सप्रेस-वे को आगे बढ़ाने से संबंधित प्रस्तावों को भी मंजूरी मिल सकती है।

### सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर मिलेगा पांच लाख रुपये मुआवजा

सड़क दुर्घटना में यात्रियों की मृत्यु होने पर आश्रितों को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। बशर्ते दुर्घटना में उस वाहन चालक की गलती साबित न हो जिसमें यात्री यात्रा कर रहे थे। परिवहन विभाग की ओर से सड़क दुर्घटना जांच योजना लागू की जा रही है। मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में इसका प्रस्ताव मंजूर हो सकता है। प्रदेश में हर साल हजारों सड़क दुर्घटना होती है। सड़क दुर्घटनाओं में करीब 20 हजार से अधिक लोगों की मृत्यु होती है। विभाग ने सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये मुआवजा देने की योजना तैयार की है। मुआवजा देने से पहले दुर्घटना की जांच की जाएगी। जांच में यदि यह स्पष्ट हुआ है कि मृतक यात्री जिस वाहन में सवार थे, दुर्घटना में उस वाहन चालक की गलती नहीं थी तब ही मुआवजा दिया जाएगा।

# यूपी: बेसिक शिक्षकों की हुंकार पर झुका शासन, वार्ता को तैयार, शिक्षक बोले, दिक्कत सरकार से नहीं महानिदेशक से

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बेसिक व माध्यमिक शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर सोमवार को प्रदेश भर से बड़ी संख्या में शिक्षक राजधानी पहुंचे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन कर सभा की। साथ ही स्पष्ट किया कि शिक्षक, सरकार से नहीं महानिदेशक विजय किरन आनंद की कार्यप्रणाली से नाराज हैं। शिक्षकों की हुंकार के आगे शासन झुका और लंबित मांगों पर वार्ता के लिए 16 अक्तूबर की तिथि तय की। इसके साथ शिक्षकों ने एक महीने के लिए धरना स्थगित कर दिया। बेसिक व माध्यमिक शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर सोमवार को प्रदेश भर से बड़ी संख्या में शिक्षक राजधानी पहुंचे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन कर सभा की। साथ ही स्पष्ट किया कि शिक्षक, सरकार से नहीं महानिदेशक विजय किरन आनंद की कार्यप्रणाली से नाराज हैं। शिक्षकों की हुंकार के आगे शासन झुका और लंबित मांगों पर वार्ता के लिए 16 अक्तूबर की तिथि तय की। इसके साथ शिक्षकों ने एक महीने के लिए धरना स्थगित कर दिया। 21 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश भर के बेसिक व माध्यमिक शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश शिक्षक महासंघ के बैनर तले महानिदेशक स्कूल शिक्षा पर धरना-प्रदर्शन किया। इसमें शामिल होने के लिए बसों से शिक्षक पहुंचे तो निदेशालय के आस-पास जाम लग गया। धरने में शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा की महानिदेशक भ्रम फैलाते हैं कि सरकार शिक्षकों से नाराज है, इसलिए शिक्षकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इसी भ्रम में विभागीय अधिकारी, शिक्षकों को अपमानित व उत्पीड़न कर रहे हैं। महानिदेशक हर दिन शिक्षकों को नुकसान करने वाले निर्देश जारी करते हैं। इससे प्रदेश भर का शिक्षक नाराज है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश भर के शिक्षक सरकार से नहीं बल्कि महानिदेशक की कार्यप्रणाली से नाराज हैं। महासंघ के संयोजक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि माध्यमिक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा संबंधी धारा-21 सेवा चयन आयोग से हटाकर शिक्षकों को प्रबंध तंत्र का गुलाम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश का शिक्षक उसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा किए जा रहे शिक्षक विरोधी कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री से मिलकर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का अपमान करने वाले अधिकारियों का विरोध किया जाएगा। महानिदेशक से वार्ता के बाद शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि धरना एक माह के लिए स्थगित किया जाता है।

### यह हैं शिक्षकों की प्रमुख मांग

पुरानी पेंशन बहाली, राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, दूसरे शनिवार को अवकाश, प्रतिकर अवकाश, कैशलेस चिकित्सा, हर विद्यालय में प्रधानाध्यापक की पदोन्नति व तैनाती, शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान, 10 लाख रुपए का सामूहिक बीमा, जिले के अंदर व बाहर पारस्परिक स्थानांतरण, माध्यमिक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा संबंधित धारा 21 को शिक्षा सेवा चयन आयोग में शामिल किया जाए।

फास्ट फॉरवर्ड

## महिला की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के हाल निवास आवास विकास कॉलोनी नंदनपुर जनपद झांसी संगीता पत्नी कैलाश ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि भगवान दीन पुत्र अज्ञात समेत 7 लोगों ने मिलकर उसके खेत की पत्थर गाड़ी को उखाड़ कर पत्थर फेंक दिए। जब उसने मना किया तो उसको गाली गलौज देने लगे। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिए।

## मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम हरचंदपुर निवासी पीड़ित महिला जय देवी पत्नी कल्लू ने कदौरा थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही बबलू पुत्र मोती लाल समेत चार लोगों ने मिलकर उसकी उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कदौरा थाना पुलिस को झांसी के सदर बाजार निवासी सत्येंद्र राय पुत्र मुरारी राय ने थाने पहुंचकर तहरी देते हुए बताया कि विवेक प्रताप सिंह उर्फ बीपी पुत्र यदुनाथ निवासी सिकंदरपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात समिति 7 लोगों ने मिलकर बड़ी के डंप बालू से अपने-अपने ट्रक लोड कर लिए और ऑनलाइन भुगतान करते समय कार्ड रूप के माध्यम से एडिटिंग कर मोहर्रम रॉयल्टी के भुगतान में धोखाधड़ी की इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है

## एक अभियुक्त को तमंचा कारतूस के साथ भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कोच बस स्टैंड पीली कोठी के पास एक संदेश व्यक्ति घूम रहा था जिस पर मुखबिर की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक योगेंद्र शर्मा मौके पर पहुंचे और घूम रहे नरेंद्र परिहार पुत्र भूरे परिहार निवासी सहवासपुर थाना कुठौंद को गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी तलाशी भी तो उसके पास से 300 बोर का एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए पुलिस ने पूछताछ के बाद उसको न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया।

## युवक ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ऐदलपुरा में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी दम घुटने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ऐदलपुर निवासी रामऔतार (35) ने रविवार को साफी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने बताया कि वह हैंडपंप मिस्त्री था। उसके चार बच्चे हैं, पत्नी बच्चों के साथ मायके बिहार गई है, वह कई दिनों से घर में अकेला था। वह शराब का भी आदी थी। उसकी मौत की जानकारी मिलते ही पत्नी प्रमीला का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । उरई




सांसद/राज्यमंत्री लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित की गई। पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें और योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि इस बैठक में जो भी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं अगली बैठक तक उन्हें अवश्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होने कहा कि जो निर्माणाधीन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, ऐसी सभी परियोजनाओं को संबंधित विभाग को हैण्डओवर करते हुये जनप्रतिनिधियों से उद्घाटन कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जनपद की समस्त सड़कों को 15 अक्टूबर तक गड्ढामुक्त कर आख्या उपलब्ध कराये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्युत विभाग की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुये अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को दरकिनार करने वाले तथा उनके समाधान में जानबूझ कर व्यवधान डालने वाले विद्युत कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की चेतवानी दी। साथ ही निर्देशित किया कि अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाये। उन्होने खराब ट्रांसफार्मर को समयाबद्धि में ठीक करने का कार्य त्वरित रूप से किया जाये तथा इसके लिये पर्याप्त अग्रिम व्यवस्था भी रखी जाये। उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने एवं उन्हे अकारण परेशान करने तथा भ्रष्टाचार की शिकायत पर ऐसे कार्मिक बख्से नही जायेगे। उन्होने ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, स्वस्थ भारत मिशन, ग्रामीण राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड आदि बिंदुओं की गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा करने के पश्चात उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों योजनाओं को निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कराए जाएं जो धरातल पर दिखाई दे। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग की योजनाओं से आमजन को लाभान्वित कराएं।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपनी-अपनी विभाग की कार्ययोजना बनाते समय क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से उनके सुझाव व प्रस्ताव अवश्य सम्मलित किये जाये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचन्द्र निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, एडीएम संजय कुमार, एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, उपायुक्त श्रम रोजगार अवधेश दीक्षित सहित जनप्रतिनिधि व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट के तीन आरोपियों पर हुआ कुर्की का आदेश

जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट राजेश कुमार पाण्डेय ने गैंगस्टर एक्ट के तीन आरोपियों पर कार्यवाही करते हुये रू. 02 करोड़ 34 लाख 31 हजार 533 की उनकी सम्पत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया हैं। गैंगस्टर एक्ट का पहला आरोपी राजीव कुमार श्रीवास्तव पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी- कृष्णा नगर उरई की सम्पत्ति जिसमें मकान की कीमत रू. 01 करोड़ 61 लाख 62 हजार 480, फोर्ड इन्डेवर कार की कीमत रू. 23 लाख, बैंक में जमा धनराशि रू. 01 करोड़ 04 लाख 60 हजार 570, गैंगस्टर एक्ट का दूसरा आरोपी संजय श्रीवास्तव पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी- कृष्णा नगर उरई की सम्पत्ति जिसमें बैंक में जमा धनराशि रू. 01 लाख 92 हजार 98, गैंगस्टर एक्ट का तीसरा आरोपी विनय श्रीवास्तव पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी- कृष्णा नगर उरई की सम्पत्ति फार्चूनर कार की कीमत रू. 32 लाख, बैंक में जमा धनराशि रू. 01 लाख 16 हजार 385 सम्पत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को अपराधमुक्त बनाने हेतु जनपद में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं। अपराध द्वारा अर्जित अवैध धन से निर्मित चल एवं अचल सम्पत्तियों को उनके खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा कुर्क की कार्यवाही जारी रहेगी।

## सात परिवारों में कराया गया सुलह समझौता

जन एक्सप्रेस । उरई



एसपी के निर्देशानुसार महिला सेल प्रभारी की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय में सोमवार को परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। जिसमें आई शिकायतों में बिखरने की कगार पर पहुंचे सात परिवारों को समझा-बुझाकर मौके पर ही उनका समझौता कराया गया।

पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के निर्देशानुसार महिला प्रभारी की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। जिसमें आई शिकायतों में पूजा पत्नी गौरव निवासी मु. बघौरा थाना कोतवाली उरई, शान्ति पत्नी जगत सिंह निवासी मु. अम्बेडकर नगर थाना कदौरा, वर्षा पत्नी नन्दू निवासी ग्राम नावली थाना रेंढर, बिन्दू पत्नी धर्मेन्द्र निवासी मु. राजेन्द्र नगर थाना कोतवाली उरई, शीला पत्नी विजयभान निवासी इमिलिया खुर्द बांध थाना कालपी, जुलेखा पत्नी शाहरूख निवासी नि. शान्तीनगर थाना कोतवाली उरई, पुष्पा देवी पत्नी स्व. आनन्द परिहार नि. बाबूपुरा नावर ऊमरी थाना रामपुरा जनपद जालौन श्रीमती कुन्ती पत्नी बालकराम निवासी ग्राम खोहा थाना रेंढर का पति पत्नी के सात विवादों में समझा-बुझाकर कर मौके पर ही उनका समझौता कराया गया। इस दौरान नसीम खान, विनोद पाठक, सहित टीम मौजूद रही।

## दबे कुचले गरीबों के मसीहा थे कांशीराम: रामजी गिरि

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** सामाजिक न्याय के पुरोधा मान्यवर कांशीराम के महापरिनिर्वाण के अवसर पर कांग्रेस जनों ने कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस दौरान सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि कांशीराम जी दबे कुचले व गरीबों के वास्तव मे मसीहा थे,अपने पूरे जीवन काल मे वह हमेशा इस वर्ग की लड़ाई लड़ते रहे। उन्होंने इस वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया।आज उनके संघर्ष की बदौलत यह समाज सम्मान के साथ अपना जीवन व्यतीत कर रहा है।

## बाइक से गिरकर सहायक निर्वाचन अधिकारी की मौत

जन एक्सप्रेस । उरई

शहर कोतवाली क्षेत्र के जिला परिषद पर बाइक से गिरकर सहायक निर्वाचन अधिकारी गंभीर रूप से3 घायल हो गए। जिनको अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुशील नगर निवासी जितेंद्र कुमार (45) कानपुर देहात में सहायक निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनात थे। सोमवार की सुबह अपने पुत्र अन्नू के साथ शहर की तरफ जा रहे थे, जैसे ही बाइक जिला परिषद के पास पहुंची, तो उन्होंने बाइक को रोकने के लिए कहा, तो पुत्र ने बाइक जब तक रोकी, तो वह बाइक से गिर गए। जिससे उनको चोंटे आई और उनकी से हालत बिगड़ गई। पुत्र उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ओडीओपी योजनांतर्गत प्रशिक्षण हेतु साक्षात्कार कल से

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जिलाधिकारी के निर्देश पर उपायुक्त उद्योग खुशबू सिंह ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान प्रशिक्षण योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा आयोजित किया गया प्रस्तावित है। इसके लिए विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी जनपद का स्थायी निवासी होना चाहिए तथा उसकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। ऐसे अभ्यर्थी जो ऑनलाइन आवेदन पूर्व में किए हो और कतिपय कारणों से साक्षात्कार नहीं दे पाए हो, उन्हें पुनः एक जनपद एक उत्पाद एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दिनांक 10,11 एवं 12 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11ः00 से जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता केंद्र में आमंत्रित किया जा रहा है। योजना अंतर्गत पूर्व में लाभ प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी या उनके परिवार की अन्य सदस्य पात्र नहीं होंगे।

G20 उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20402-SLR-F2-LKO-BSB-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 25.10.2023 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 25.10.2023 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 25.10.2023 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 25.10.2023 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22104-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 25.10.2023 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-F1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 25.10.2023 at 13:20 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3131/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पुलिस अधिकारियों ने विद्यालयों में पहुंच बालिकाओं को किया जागरूक



जन एक्सप्रेस । महोबा

महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराए जाने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा सम्बन्धित बीट क्षेत्र एवं स्कूलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से चैपाल लगाकर शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे-शक्ति मोबाइल, महिला हेल्पडेस्क, महिला साइबर सेल, मातृत्व को सम्बल, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मातृ वंदना योजना आदि के साथ-साथ महिला अपराध से सम्बन्धित धाराओ एवं उनकी प्रक्रिया, विभिन्न हेल्पलाइन नं. (112,1090,181,108, 1076,1098) इत्यादि की जानकारी से जागरुक किया जा रहा है साथ ही साथ क्षेत्र की सम्भ्रान्त महिलाओं, आशा बहुओं, ए0एन0एम0, शिक्षामित्र, आंगनवाड़ी कार्यकत्री का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर उनसे निरंतर संवाद बनाये रखते हुये क्षेत्र की पीडित महिलाओं, बालिकाओं की समस्याओं का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

## नापी के दौरान सपा कार्यकर्ता बैठे धरने पर पुलिस ने खदेड़ा

**जन एक्सप्रेस/रूद्रपुर देवरिया।** रुद्रपुर के एसडीएम रत्नेश तिवारी के नेतृत्व में सोमवार को राजस्व विभाग की टीम प्रेमचंद यादव के पिता रामभवन यादव के नाम की जमीन की पैमाइश करने गई थी। इसकी जानकारी होते ही दर्जनों की संख्या में सपा कार्यकर्ता मौके पहुंच गए। वे प्रेमचंद यादव के मकान के समीप धरना देते हुए पैमाइश का विरोध करने लगे। इसके बाद पैमाइश को रोक दिया गया ।ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने धरना दे रहे सपाइयों को प्रेमचंद यादव के मकान से हटाते हुए गांव के चौराहे तक पहुंचाया। वहां पर भी सपा कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। वे नारेबाजी करते हुए पैमाइश का विरोध करने लगे। इसकी सूचना मिली तो रुद्रपुर के क्षेत्राधिकारी अंशुमान श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। उन्होंने धरना दे रहे लोगों को हटने को कहा, लेकिन कार्यकर्ताओं ने हटने की बजाए नारेबाजी तेज कर दी। जिस पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए उन्हें वहां से खदेड़ दिया।

फास्ट फॉरवर्ड

## आमजन के हित में कार्य कर रही प्रदेश और केंद्र सरकार: रामकृपाल साहनी

**जन एक्सप्रेस/बरहज, देवरिया।** मछुआ समाज की बैठक नगर के एक संस्थान में हुई द्व जिसमें सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ मत्स्य योजनाओं पर चर्चा किया गया द्व बैठक को संबोधित करते हुए सलेमपुर लोक सभा के पूर्व प्रत्याशी रामकृपाल साहनी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार आमजन के हित में कार्य कर रही है। किसानों व मत्स्यपालकों को बीज व कृषि यंत्रों पर सब्सिडी दी जा रही है। इसी तरह उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर मुहैया कराया गया है। पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को आवास मुहैया कराया जा रहा है वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक इलाज की सुविधा दी जा रही है। जितेन्द्र भारत ने कहा कि वर्तमान में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत निषादराज बोट सब्सिडी योजना और मोटरसाइकिल विथ आइसबाक्स योजना प्रचलित है द्व इस दौरान चिंतामणि साहनी, राजेश निषाद, दीनानाथ साहनी, प्रह्लाद यादव, सुभाष निषाद, विजय निषाद, अंगद, विनय, सुरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** वाराणसी में साल 2015 में गणेश प्रतिमा के विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में 5 अक्टूबर 2015 को निकाली गई प्रतिकार यात्रा में नामजद 82 आरोपियों में से उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय को छोड़कर 81 आरोपियों पर से मुकदमा हटाये जाने से नाराज कांग्रेसियों ने सोमवार को जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर प्रदर्शन करते हुए इस सौतेले व्यवहार के खिलाफ राज्यपाल को सम्बोधित मांगों का पत्रक अपर उपजिलाधिकारी सीमा पांडेय को सौंप कर न्याय की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि यह सरकार विपक्षी दल के साथियों के साथ दो तरफा व्यवहार कर रही है।यह सरकार सनातन धर्म की रक्षा का ढोंग कर रही है। यह कृत्य साबित करता है कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए आंदोलन कर रहे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को परेशान करने का काम किया जा रहा है,जिसे कांग्रेस कार्यकर्ता सफल नही होने देंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में दीनानाथ भारती,आनंद देव गिरि,वरुण राय आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## रोड टूटकर बना तालाब राहगीरों मुसीबत में

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** रुद्रपुर रोड से रामनाथ में प्रवेश करने वाली मुख्य सड़क पर एक बडा सा तालाब बन गया है। नाली के पानी से यह लबालब भरा हुआ है। लोंगों को आवागमन में बहुत दिक्कत हो रहा है। ई रिक्शा, बाइक, साइकिल रोज गिर रहे हैं। अन्य वाहन भी परेशानी से गुजर रहे हैं। मजे की बात यह है कि नगर पालिका प्रशासन इस बात से बेखबर है। महीनों से बना यह गड्ढा रोज बढ़ता जा रहा लेकिन नगर पालिका इसे भरने की जरूरत नहीं समझ रहा है। रूद्रपुर रोड बेलढाड़ मोड व लक्ष्मी नारायन मंदिर के बीच एक मिठाई की दुकान के सामने से एक सड़क रामनाथ देवरिया में जाती है। यह सड़क आवागन के दृष्टि से बहुत ही व्यस्त सड़क है। रूद्रपुर रोड से हनुमान मंदिर, खोराराम, बस स्टेशन और भटवलिया जाने वालों के लिए यह सड़क बहुत ही सुगम पड़ता है। लोगों के गंतव्य की दूरी कम हो जाती है और शहर का जाम से भी लोग बचने के लिए लोग इस सड़क का प्रयोग करते हैं। इस सड़क पर रोज दो दर्जन से ज्यादा स्कूली वाहन गुजरते हैं और सैकड़ो स्कूली बच्चे साइकिल व पैदल भी जाते हैं। महिने भर से इस सड़क पर रूद्रपुर रोड से मुड़ते ही एक गड्ढा हो गया है। इस गढ्ढे में नाली का पानी भरने से गड्ढा धीरे-धीरे तालाब बन गया है। यह इतना बड़ा हो गया है कि इसमें ई रिक्शा, बाइक व साइकिल सवार गिर जा हैं। स्कूली बच्चे रोज गिर का चोटिल हो रहे हैं। किसी दिन कोई स्कूली वाहन पलट गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों को आवागमन में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों ने कई नगर पालिका कर्मचारियों से शिकायत किया लेकिन नगर पालिका प्रशासन बेखबर व बेफिक्र बना हुआ है। मुहल्ले के राजू सिंह, अनुपम शर्मा, आनन्द सिंह, दीपू सिंह, आलोक मोदनवाल, जयराम सिंह, शशिप्रकाश सिंह, बृजबिहारी वर्मा, राम लगन कुशवाहा आदि ने गड्ढा भरने की मांग की है।

## रोजगार मेला आज

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि 10 अक्टूबर एवं 17 अक्टूबर को जिला सेवायोजन कार्यालय, आईटीआई कैंपस देवरिया में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल अथवा एनसीएस पोर्टल पर विभिन्न कंपनियों में रिक्त पदों के सापेक्ष आवेदन कर उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## लम्बित प्रकरणो की समीक्षा कर यथाशीघ्र करे निस्तारण: पुलिस अधीक्षक

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा समीक्षा के क्रम में पुलिस कार्यालय अवस्थित प्रधान लिपिक शाखा का औचक निरीक्षण कर स्वयं कम्प्यूटर में पोर्टल को खोला गया व जिलास्तर पर लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर उनका यथाशीघ्र निस्तारण किये जाने के सख्त निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना-शाखा प्रभारियों को लम्बित नागरिक सेवा प्रकरणों से अवगत कराते हुए उनका त्वरित निस्तारण पूर्ण करने हेतु प्रत्येक दिवस पोर्टल पर अपने लम्बित प्रकरणों से सम्बन्धित डैशबोर्ड की स्थिति को देखते हुए यथाशीघ्र समस्त नगारकि सत्यापन पूर्ण किये के सख्त निर्देश दिए गए, जिससे आम जनमानस को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस वर्चुअल गोष्ठी के दौरान सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा सहित जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारीगण एवं सम्बन्धित शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने केंद्रीय विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने केंद्रीय विद्यालय महोबा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा 11ब एवं कक्षा 12 ब में पहुंचकर बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछा तथा बच्चों से प्रश्न किया और बच्चों ने उनके प्रश्नों के जवाब दिए। जिलाधिकारी ने स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर को भी चेक किया जिसमें से 26 रेगुलर स्टाफ और 13 संविदा स्टाफ कल 39 लोग विद्यालय में मौजूद मिले। जिलाधिकारी ने स्कूल में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए तथा रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, संगीत कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, चिकित्सा कक्ष का निरीक्षण किया तथा वहां मौजूद स्टाफ से जानकारी ली। इस दौरान अध्यापकों ने रोड व लाइट की परेशानी के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने इस समस्या का जल्द समाधान करने के लिए कहा। इस मौके पर स्टेनो राजीव शुक्ला तथा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने विभागाध्यक्षों को दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी नें विद्युत आपूर्ति, शिक्षा, समाज कल्याण, मनरेगा, विकास, पशुपालन, कृषि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण अभियंत्रण, लघु सिंचाई, उद्यान, उद्योग एवं खादी ग्रामोद्योग, कार्यक्रम आदि विभागों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी नें डीआईओएस को निर्देशित करते हुए कहा कि जो शेष बचे हुए लैपटॉप हैं, उनका जल्द से जल्द वितरण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एक्सईएन विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्रीय विद्यालय की लाइट की समस्या का तत्काल निस्तारण कराया जाए तथा स्कूल के समय हर हाल में बिजली देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि योजनाओं के जो आवेदन लंबित पड़े हैं, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए। जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि पात्र लोगों के राशन कार्ड बनाए जाएं तथा समय पर राशन वितरण करवाया जाए। डीसी मनरेगा को निर्देशित करते हुए कहा कि बेरोजगार लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लोगों को ही आवास दिए जायें। उन्होंने बीएसए को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों का कायाकल्प करवाया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पशुओं का 100प्रतिशत टीकाकरण व जिओ टैगिंग की जाए। उन्होंने लघु सिंचाई विभाग के अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि नये निर्मित और निर्माणाधीन चेकड़ेम का सर्वे कराएं यदि कहीं कार्य अधूरा है तो उसे तुरंत पूर्ण कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# इंडस्ट्रियल एरिया धर्मपुर का डीएम ने किया निरीक्षण, उद्यम को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों से की चर्चा

* उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्लेज योजना के तहत नई इंडस्ट्रियल एरिया का प्रस्ताव बनाए जाने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश



जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद में उद्यम को बढ़ावा मिले एवं उद्यमियों को अवस्थापना सुविधाओं प्रदान करते हुए निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा सके इसके लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा औद्योगिक क्षेत्र धर्मपुर में स्थापित उद्योगों का निरीक्षण किया गया एवं औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों को मिल रही अवस्थापना सुविधाओं का जायजा लिया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी महोदय ने इंडस्ट्रियल एरिया का भ्रमण कर जय इंडस्ट्री, कुमार मसाला उद्योग, मौर्य ट्रेडिंग आदि उद्यमों को देखा। जय इंडस्ट्री द्वारा तेल एवं मसूर छाटी के मैन्युफैक्चरिंग एवं प्रोडक्टिविटी, रॉ मैटेरियल, पैकेजिंग आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और प्रोडक्ट की बेहतर तरीके से ब्रांडिंग किए जाने का सुझाव दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था और विकास की जिम्मेदारी उद्यमियों की है इसके लिए वे कदम बढ़ाते हुए आगे आए। उन्होंने कहा कि सोसायटी बनाकर इंडस्ट्रियल एरिया में साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करें। जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया में स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने का निर्देश संबंधित को दिया। जनपद में उद्यम को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा उद्यमियों से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उद्यमियों ने बताया कि जनपद में मसूर छाटी दल का अच्छा उत्पादन एवं प्रोसेसिंग हो रही है। जिलाधिकारी महोदय ने जनपद की ओडीओपी में शामिल मसूर छाटी दाल को हब बनाए जाने के लिए इससे संबंधित उद्योगों को बढ़ावा दिए जाने, नए प्रोसेसिंग यूनिट लगाए जाने को प्रोत्साहित किए जाने का निर्देश दिया। उद्यमियों द्वारा नया इंडस्ट्रियल एरिया डेवलप किए की आवश्यकता से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने एवं उद्यमियों की सुविधा के लिए प्लेज योजना के तहत 10 से 12 एकड़ में नए इंडस्ट्रियल एरिया का का प्रस्ताव बनाए जाने का निर्देश दिया। नए इंडस्ट्रियल एरिया के डेवलप हो जाने से आसपास के उद्यमी भी जनपद में निवेश को प्रोत्साहित होंगे एवं जनपद में नए प्रोजेक्ट आएंगे। इस दौरान अपर उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा, उपयुक्त उद्योग राजेश पांडे उद्यमीगण उपस्थित रहे।

## गृह विज्ञान की छात्राओं ने दहेज प्रथा उन्मूलन पर किया नाटक का प्रस्तुतीकरण



जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जिला मुख्यालय के एम एल के पीजी कॉलेज में गृह विज्ञान की छात्राओं ने प्रयोगात्मक कार्यों के तहत सोमवार को दहेज प्रथा उन्मूलन पर स्वरचित नाटक का प्रस्तुतीकरण करके सभी को विचार करने के लिए विबस कर दिया। जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर एमएलके पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग में बीए तृतीय वर्ष 5वें सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा प्रयोगात्मक कार्यों के अंतर्गत **दहेज प्रथा उन्मूलन** पर एक स्वरचित नाटक की प्रस्तुति दी गई। नाटक के जरिए छात्राओं द्वारा समाज में फैली हुई कुरीति से छुटकारा व दहेज के विरोध में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। नाटक को विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.शकुंलता सिंह के निर्देशन मे आयोजित किया गया। इस नाटक को पूर्णता प्रदान करने में विभाग की शिक्षिकाएं मनिका मिश्रा तथा मधुमिता सिंह का योगदान रहा। नाटक में गृह विज्ञान की तमाम छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

**स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले को आवंटित हुआ लगभग 39 करोड़ का बजट**

## मिशन के तहत गांवो में जगाई जाएगी स्वच्छता की अलख

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के तहत जिले के 455 राजस्व ग्रामों में स्वच्छता की अलख जगाई जाएगी। डीएम अरविन्द सिंह के प्रयासों से जिले की 404 ग्राम पंचायतों के 455 राजस्व ग्रामों में स्वच्छता कार्यक्रम संचालित किये जाएगें। इसके लिए शासन से स्वच्छ भारत मिशन के तहत 38 करोड़ 76 लाख 53 हजार 174 रूपए का बजट प्राप्त हो गया है, जिसे धरातल पर उतारने के लिए खाका तैयार कर लिया गया है और जिम्मेदार अधिकारियों को स्पष्ट दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

जिलाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के तहत सरकार द्वारा चिन्हित जिले के 455 राजस्व ग्रामों में 82 करोड़ 27 लाख 13 हजार 152 रूपए की लागत से कार्य कराये जाएगें जिसमें एसबीएम के तहत 38 करोड़ 76 लाख 53 हजार 174 रूपए, 15वें वित्त से 17 करोड़ 4 लाख 57 हजार 876 रूपए व अन्य मदों की धनराशि शामिल है। उन्होंने बताया कि चयनित 455 ग्रामों में विकासखण्ड बलरामपुर के 74, गैंड़ास बुजुर्ग के 18, गैसड़ी के 60, हरैया के 68, पचपेड़वा के 55, रेहरा के 46, श्रीदत्तगंज के 33, तुलसीपुर के 70 तथा उतरौला ब्लाक के 31 ग्राम शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि सार्वभौमिक स्वच्छता प्राप्त करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाने के लिए और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के तहत गाम पंचायतों में कार्य कराने की कार्ययोजना के क्रम में बहुप्रतीक्षित बजट प्राप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि फेज-2 में ग्राम पंचायतों में तीन तरह के कार्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा मलीय कचरा प्रबंधन के कार्य कराए जाएगें।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण के तहत ओडीएफ प्लस गतिविधियां ओडीएफ व्यवहार को सुदृढ़ करेंगी और गांवों में ठोस एवं तरल कचरे के सुरक्षित प्रबंधन के लिए मध्यवर्तन करने पर ध्यान केंद्रित करने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठोस प्रबंधन में व्यक्तिगत खाद गड्ढा, कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत वर्मी कम्पोस्ट, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट, सामुदायिक नाडेप, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, कचरा वाहन, ठेलिया, ई-रिक्शा स्वच्छता किट, रिकबरी रिसोर्स सेन्टर का निर्माण तथा कूड़ा भस्मक आदि कार्य कराये जाएगें।

इसी प्रकार तरल अपशिष्ट प्रबंधन में व्यक्तिगत सोकपिट, सामुदायिक सोक पिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, तालाबों का सौन्दर्यीकरण, अपशिष्ट स्थिरीकरण तालाब, नालियों का निर्माण, हैण्डपम्प प्लेटफार्म, लैट्रोफिटिंग, हैण्डपम्पों पर सोकपिट तथा किचन गार्डेन निर्माण के कार्य शामिल हैं।

मलीय अपशिष्ट प्रबंधन में लीच पिटिंग का कार्य प्रमुख है। उन्होंने बताया कि प्राप्त बजट के सापेक्ष कार्ययोजना के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। मलीय अपशिष्ट प्रबंधन में लीच पिटिंग का कार्य प्रमुख है। उन्होंने बताया कि प्राप्त बजट के सापेक्ष कार्ययोजना के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं।

## जिला स्तरीय बॉक्सिंग टीम का ट्रायल मैच के जरिए किया गया चयन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक के दिशा निर्देशन में अंडर 14 तथा अंडर-19 आयु वर्ग खिलाड़ियों के जिला स्तरीय बॉक्सिंग टीम का सोमवार को ट्रायल मैच कराया गया। जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर को 'बाक्सिंग' के ट्रायल के लिए पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में जिला विद्यालय निरीक्षक गोविन्द राम के दिशा निर्देशन में जिला स्तरीय बाक्सिंग टीम का ट्रायल अन्डर-14 एवं अन्डर-19 में पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज, एम0पी0पी0 इण्टर कालेज, एम0डी0के0 इण्टर कालेज एवं जी0जी0आई0सी0 उतरौला के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी एवं अतिथितियों में मोहम्मद सुहेल सचिव जनपदीय क्रीडा समिति ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर द्वीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात आये हुए अतिथियों में अपर्णा पाण्डेय, राकेश गुप्ता, मदन लाल, हिना खातून, रश्मि सिंह, नवीन, पंकज, साहिद को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी ने बैज लगाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम माँ सरस्वती का वन्दना करते हुए आये हुए सम्मानिति अतिथि के सम्मुख ख्याति मिश्रा, आराध्या पाण्डेय, प्रतिभा शुक्ला, मंदिरा शुक्ला, ओजस्वी, शुभिक्षा मिश्रा, तालबिया जाकिर वैष्णवी श्रीवास्तव, आस्था तिवारी, मरियम एवं अनुष्का दूबे ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् विद्यालय के कोच अमित राणा एवं आबिद अली की संरक्षता में बाक्सिंग का खेल प्रारम्भ हुआ।

बाक्सिंग में बालक वर्ग में पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के खिलाड़ी चैम्पियन घोषित हुए जो मण्डल स्तरीय पर प्रतिभाग करेंगे। क्रार्यक्रम संयोजक डॉ0 एम0पी0 तिवारी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान अपर्णा पाण्डेय, राकेश गुप्ता, मदन लाल, हिना खातून, रश्मि सिंह, नवीन, पंकज, साहिद तथा विद्यालय के उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी, विद्यालय के टीम कोच आबिद अली एवं अमित राना सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाए 'बाक्सिंग' के ट्रायल में उपस्थित रहे।

## प्रदेशाध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने मंडल उपाध्यक्ष के पद पर पंडित देव नारायण तिवारी को किया मनोनीत

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के केंद्रीय कार्यालय पर एक आवश्यक बैठक हुई बैठक में ब्राह्मण समाज जोड़ों सदस्यता अभियान के शुभारंभ हेतु आहूत की गई मौजूदा सामाजिक और राजनैतिक मुद्दों के परिपेक्ष में ब्राह्मण समाज की सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियां और और वर्तमान में विभिन्न जिलों में घटित सामाजिक घटनाक्रम को देखते हुए अखिल भारतीय चाणक्य परिषद अधिक से अधिक ब्राह्मण समाज को परिषद की विचारधारा से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान की शुरुआत करेगा। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पंडित दिलीप राम त्रिपाठी के द्वारा की गई काफी विचार विमर्श के बाद जिलाध्यक्ष पंडित सत्य देव मिश्र ने अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के मंडल उपाध्यक्ष के पद पर पंडित देव नारायण तिवारी गुरौली निवासी ग्राम नंदापुर पोस्ट धर्मपुर जिला अयोध्या को मनोनीत किए जाने का प्रस्ताव रखा और कहा कि पंडित देवनारायण तिवारी ब्राह्मण समाज में अपने प्रभाव से मंडल में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के विकास में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे और परिषद का विकास करेंगे जिसका सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने स्वागत किया और पं0 देव नारायण तिवारी, गुरौली को प्राथमिक सदस्यता दिला कर मंडल उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया और सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। बैठक मे राष्ट्रीय संरक्षक पंडित राम अनुज तिवारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित सतीश पांडेय, पंडित काशीनाथ तिवारी सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महंत क्षीरेश्वर दत्त मिश्र, पंडित जय प्रकाश तिवारी राष्ट्रीय सदस्य, पंडित दिलीप राम त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, महंत ओमप्रकाश मिश्र सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी, जिलाध्यक्ष पंडित सत्य देव मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष आचार्य राकेश पांडेय राधा रमण त्रिपाठी प्रदेश कोषाध्यक्ष, प्रदीप तिवारी, संत राम पाठक व जय गुरुदेव शुक्ला ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शीलू सिंह राजपूत बनीं भारत की आल्हा सम्राट

* मुख्य अतिथि आशीष सिंह पटेल के द्वारा विजेता टीम को दिया गया एक लाख का चेक और ट्रॉफी
* तारून ब्लॉक में ग्राम मैहर कबीरपुर में आयोजित हुआ आल्हा महोत्सव 2023

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



तारून ब्लॉक में ग्राम मैहर कबीरपुर के मलावन की बाग अयोध्या में भारत के आल्हा सम्राट का हुआ चयन आयोजित आल्हा महोत्सव में भारत के सर्वश्रेष्ठ आल्हा का चयन हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल ने सर्वश्रेष्ठ आल्हा गायिका शीलू सिंह राजपूत को दिया एक लाख का चेक, आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल ने कहा मैं प्रमोद भाई का ऋणी हूं एक विषय पर उन्होंने मेरी एक बात का सम्मान किया था और मैं एक बात कह रहा हूं कि अपना दल परिवार प्रमोद भाई की उसे बात का हमेशा आजीवन ऋणी रहेगा। कार्यक्रम संयोजक व अपना दल के प्रांतीय सचिव प्रमोद सिंह ने बताया कि आल्हा सम्राट चैंपियनशिप हमारे पिता स्वर्गीय पृथ्वी सिंह की याद में आयोजित किया गया। हर साल यह आयोजन जिले स्तर पर होता था अबकी बार भारत आल्हा सम्राट के चयन के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें भारत के हर राज्य व उत्तर प्रदेश के हर जनपद से आल्हा की टीमों प्रतिभाग किया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल व सांसद अंबेडकरनगर रितेश पांडे, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, एम एल सी अयोध्या हरिओम पांडेय, एम एल सी बाराबांकी अंगद कुमार सिंह,जलालपुर विधायक राकेश पांडेय, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी, धर्मराज निषाद पूर्व मंत्री, अवधेश द्विवेदी पूर्व प्रत्याशी बीजेपी कटेहरी, मलखान सिंह सहित अन्य उपस्थित रहें। आयोजन में विजेता शीलू सिंह को मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के हाथों 1 लाख रुपए का चेक, उपविजेता को 51 हजार रुपए का चेक, व अन्य का भी पुरुस्कार दिया गया मैहर कबीरपुर में आयोजित आल्हा महोत्सव 2023 में फौजदार सिंह जौनपुर,रामरत पाण्डेय लालगंज,नेहा सिंह आल्हा शिरोमणि कानपुर , अताउल्लाह खान सीतापुर, सज्जन मिस्रा अमेठी सहित आल्हा जगत की कई हस्तियां ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। श्री सिंह ने बताया कि आजकल हम अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं आज की पीढ़ियां आल्हा के बारे में कुछ नहीं जानती इसके जागरूकता और प्रचार प्रसार के लिए भारत में यह पहला बड़ा आल्हा महोत्सव 2030 आयोजित किया गया जिसमें भारत आल्हा सम्राट का चयन करने के लिए चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जिसमें प्रतिभाग करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत करना उनके मनोबल को बढ़ाते हुए समाज में आल्हा के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देना है। आल्हा महोत्सव 2023 में आल्हा सुनने के लिए लगभग बीस हजार की भीड़ उमड़ी आल्हा प्रेमियों से मलावन की बगिया पूरी भर गई कहीं जगह नहीं बची थी इस मौके पर कई पार्टियों की जनप्रतिनिधि व समर्थक भी मौजूद रहे।

## एचडीएफसी बैंक ने अयोध्या में ग्रामीण ऋण मेले का किया आयोजन

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक ग्रामीण ऋण मेले का आयोजन किया। मेले में अयोध्या और पूर्वी उत्तर प्रदेश के आसपास के जिलों के आठ जिलों और 40 तहसीलों के 8,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

मेला ग्राहकों के लिए कृषि ऋण, एमएसएमई ऋण, परिवहन उपकरण पर ऋण और स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य पर कई प्रस्तावों का लाभ उठाने का एक अवसर है।इस पहल के लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान और सरकार प्रायोजित योजनाओं, कृषि ऋण, सोने के बदले ऋण में रुचि रखने वाले व्यक्ति, छोटे व्यवसाय के मालिक, एफपीओ, व्यापारी, कमीशन एजेंट, छोटे दुकानदार, परिवहन वाहन मालिकों और ट्रैक्टर मालिकों सहित अन्य। राहुल श्याम शुक्ला समूह प्रमुख वाणिज्यिक और ग्रामीण बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक, ने कहा, ÷अयोध्या ग्रामीण ऋण मेला उत्तर प्रदेश के गहन ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूरे वर्ष के दौरान, हम देश के गहन भौगोलिक क्षेत्रों में जाकर ग्रामीण लोगों के लिए ऋण को आसान बना रहे हैं।

यह पहल ग्रामीण आबादी को सशक्त बनाने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है। हमें अपने प्रयासों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने में सक्षम होने पर गर्व है।उत्तर प्रदेश में, बैंक का वितरण नेटवर्क 366 शहरों में फैली 777 शाखाओं में है, जो 3,329 इकाइयों के बिज़नेस कोरेस्पोंडेंट नेटवर्क द्वारा समर्थित है। नवीनतम राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की रिपोर्ट के अनुसार, एचडीएफसी बैंक उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा एमएसएमई बैंक है, जिसका कुल एमएसएमई बुक आकार 30 जून, 2023 तक 27,931 करोड़ रुपये है, जोकि 17 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी है। बैंक देश भर के 699 जिलों में एसएमई को ऋण प्रदान करता है और पूरे भारत में लगभग 2.5 लाख गांवों को कृषि वित्त प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है।

## मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**यदि मांग नहीं मानी गई तो 30 नवंबर को राष्ट्रीय हड़ताल की चेतावनी**

जन एक्सप्रेस | बहराइच



अखिल भारतीय मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन बहराइच शाखा की ओर से एक ज्ञापन केंद्रीय श्रम सेवायोजन मंत्री भूपेंद्र यादव को नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के माध्यम से भेजा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड विजेंद्र कुमार पाठक ÷राम जी÷ ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य कार्यकारिणी सदस्य कॉमरेड पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार और नियोक्ताओं से हमारे संगठन की 8 प्रमुख मांगें हैं। अगर सरकार इस पर ध्यान नहीं देती है तो देश के सारे मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स 30 नवंबर को एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल पर रहेंगे। हम चाहते हैं की दवाओं और मेडिकल उपकरणों पर जीएसटी हटाई जाय। मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स को अस्पताल में काम करने से न रोका जाय। मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के लिए वैधानिक कार्य नियमावली बनाई जाय। सेल्स के आधार पर किसी मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव का शोषण न किया जाय। इस मौके पर अमरेश कुमार, अमरेंद्र पांडेय, आनंद सिंह, श्यामजी पांडेय, नीरज श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, उमेश वर्मा, बलवीर सिंह, तैयब अली, अंजनी सिंह, विनीत मिश्रा, सौरभ शर्मा, पंकज त्रिगुणायत, विनोद शर्मा, अंकित श्रीवास्तव, अंसार अहमद, धर्मेंद्र शुक्ला सहित लगभग 100 मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव उपस्थित रहे।

## पावर कॉरपोरेशन की टीम ने की उपभोक्ताओं के मीटर की जांच

जन एक्सप्रेस | बहराइच

नानपारा नगर क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं की ओर से अधिक भार प्रयोग किए जाने को लेकर विद्युत विभाग ने अभियान चलाया। विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं के मीटर कनेक्शन की जांच की। अतिरिक्त भार का प्रयोग करने वाले कई उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के नामित जांच अधिकारी कृष्णा विमल ने नगर राकेश टाकीज के पास नानपारा वितरण खंड के टीम के साथ डेढ़ दर्जन उपभोक्ताओं के यहां छापेमारी कर उपभोक्ताओं के मीटरो की जांच की। इस दौरान लगभग 8 उपभोक्ताओं के लोड बढ़ाए जाने के साथ अन्य उपभोक्ताओं के मीटर रीडिंग के अनुसार बिल बनवाई। इस मौके पर अधिशासी अभियंता कृष्ण कुमार विद्युत एसडीओ राम मनोहर यादव जेई संजय पासवान सहित अन्य मौजूद रहे।

## मोतीपुर के मुर्तिहा सालारपुर गांव में आयोजित की गई संविधान जागरूकता गोष्ठी

* वन ग्रामीणों को दी गई संवैधानिक मूल्यों की जानकारी, सभी से संविधान का सम्मान करने की अपील

जन एक्सप्रेस | बहराइच

जिले के मोतीपुर तहसील अंतर्गत ग्राम मुर्तिहा सलारपुर में ÷संवैधानिक जागरूकता बैठक÷ का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ओमनाथ चौहान ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सभी उपस्थित नागरिकों को संविधान की शपथ दिलाई गई।

बैठक के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिंदुस्तानी ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। हमारे देश के सभी कानून, योजनाएं और सुविधाएं संवैधानिक मूल्यों को ध्यान में रख करके बनाई जाती हैं। सरकार की ओर से हमें जो भी लाभ प्राप्त हो रहा है वह संविधान की ही देन है। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी का परमदायित्व है कि हम स्वयं तथा दूसरे के समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करें। जानकारी के अभाव में हमारे मौलिक अधिकारों का हनन होता है और हमें अपने कर्तव्यों की जानकारी नहीं हो पाती है। देश के हर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने संविधान को जाने और माने। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि इस समय संवैधानिक पदों पर बैठे हुए लोग सबसे ज्यादा संवैधानिक मूल्यों की अवहेलना कर रहे हैं। जबकि कुछ राजनीतिक व्यक्ति संविधान का हवाला दे करके असंवैधानिक कार्यों को बढ़ावा दे रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सोमनाथ चौहान ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र के निवासियों का प्राथमिकता के आधार पर विकास होना चाहिए क्योंकि इस क्षेत्र के लोगों का राष्ट्र की सुरक्षा के दृष्टि से विशेष महत्व है। भारत नेपाल की खुली हुई सीमा और अपर्याप्त सुरक्षा के मददे नजर सीमा पर किसी भी देश विरोधी गतिविधि को रोकने में गांव वालों की भूमिका हमेशा से रही है और आगे भी रहेगी। ग्राम वासी ललई ने कहा कि हमें अपने जंगलों की खुद सुरक्षा करनी होगी क्योंकि जिन लोगों के जिम्मे इस काम की जिम्मेदारी है।

उनसे अकेले यह काम संभव नहीं हो पा रहा है। बैठक में मूर्तिहा, पटाव, कौवा भारी और सलारपुर के नागरिक मौजूद रहे। भारत नेपाल की खुली हुई सीमा और अपर्याप्त सुरक्षा के मददे नजर सीमा पर किसी भी देश विरोधी गतिविधि को रोकने में गांव वालों की भूमिका हमेशा से रही है और आगे भी रहेगी।

ग्राम वासी ललई ने कहा कि हमें अपने जंगलों की खुद सुरक्षा करनी होगी क्योंकि जिन लोगों के जिम्मे इस काम की जिम्मेदारी है उनसे अकेले यह काम संभव नहीं हो पा रहा है। बैठक में मूर्तिहा,पटाव, कौवा भारी और सलारपुर के नागरिक मौजूद रहे।

## बिना परमिट काटे जा रहे हरे-भरे पेड़

जन एक्सप्रेस | बहराइच

प्रदूषण संरक्षण के लिए पौध रोपण की जोर शोर से चल रही मुहिम को नानपारा वन रेंज में लकड़ी माफिया हरियाली को मिटाने पर तुले हैं। रोकथाम में बरती जा रही शिथिलता से धंधेबाज बिना परमिट के ही प्रतिबंधित जामुन व आम के हरे-भरे पेड़ काट रहे हैं। नानपारा वन क्षेत्र के बेहड़ा गांव में सोमवार की सुबह आम की बाग से आधा दर्जन पेड़ो को ठेकेदार द्वारा बिना परमिट काट लिया गया।

ग्रामीणो ने बताया कि पेड़ की कटान देर रात से ही शुरू हो गई। सुबह होते ही ठेकेदार द्वारा बिना परमिट काटे गए आधा दर्जन आम व जामुन के पेड़ को उठा ले गए। पेड़ कटान की सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी गई। लेकिन मौके पर कोई भी कर्मचारी नही पहुंचा है। वन उपनिरीक्षक सत्यजीत ने बताया जानकारी नही है। जांच करवाते है। यदि बिना अनुमति के पेड़ के काटे गए है तो कार्यवाही की जाएगी।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20 भारत 2023 INDIA



# हर घर बिजली आई
# घर-घर खुशियां छाईं



## पॉवर फॉर ऑल के तहत 1.58 करोड़ घरों में नि:शुल्क बिजली कनेक्शन

**1,21,324 मजरों का विद्युतीकरण**
शत-प्रतिशत घरों तक विद्युत आपूर्ति

ग्रामीण क्षेत्रों में **18 से 20 घंटे,** तहसील मुख्यालय पर **21 से 22 घंटे** एवं जनपद मुख्यालय पर **24 घंटे विद्युत आपूर्ति**

33/11 केवी के **736 नए विद्युत उपकेंद्र** स्थापित एवं **1,528 विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि**

1,000 से अधिक आबादी वाले **12,137 ग्रामों / मजरों में 26,805 किमी** एबी केबल स्थापना

**8.60 लाख** अनमीटर्ड विद्युत उपभोक्ताओं के परिसरों में मीटर संयोजन
**30,462 मेगावाट** से अधिक विद्युत उत्पादन क्षमता

स्मार्ट मीटरिंग एवं विद्युत तंत्र के आधुनिकीकरण के लिए **रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम**

निजी नलकूप कनेक्शन देने में डार्क जोन में लगा प्रतिबंध समाप्त, **1 लाख** से अधिक किसान लाभान्वित

निजी नलकूप के बिजली बिलों में **100 फीसदी की छूट** का निर्णय,
खराब ट्रांसफार्मर 24 घंटे में बदलने की व्यवस्था

₹8,608.50 करोड़ के निजी पूंजी निवेश से
**1,913 मेगावाट** क्षमता की परियोजनाएं स्थापित

सोलर रूफटॉप प्लांट कार्यक्रम के तहत
**290 मेगावाट** क्षमता की परियोजनाओं की स्थापना

सार्वजनिक पथ प्रकाश हेतु **21,197 सोलर स्ट्रीट लाइट** संयंत्रों की स्थापना

**कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट, बायो कोल, बायो डीजल/बायो एथेनॉल को प्रोत्साहन**

सौभाग्य योजना के अंतर्गत **53,354 सोलर पावर पैक संयंत्रों** की स्थापना

गोरखपुर में **कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट** की स्थापना

बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का **'सोलर एक्सप्रेस-वे'** के रूप में होगा विकास



## निर्बाध बिजली का उपहार - डबल इंजन की सरकार

# उन्नाव हमारे लिए महत्वपूर्ण, यहां है अपार संभावनाएंः सीएम योगी

* सीएम योगी आदित्यनाथ में डौंडियाखेड़ा में किया राजा राव रामबक्स की प्रतिमा का अनावरण
* मंदिर में पूजन अर्चन के बाद, जिले में 802 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास





जन एक्सप्रेस । दीप कृष्ण शुक्ला

**उन्नाव।** इस वीर उर्वरा भूमि को मैं नमन करता हूं। यहां की धरती वीरों और साहित्यकारों के लिए विख्यात है। इन्वेस्टर समिट में यहां अपार संभावनाओं के चलते भी उन्नाव हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बक्सर स्थित डौंडिया खेड़ा में अमर शहीद राजा राव राम बक्स की अश्वारोही प्रतिमा के अनावरण के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने जिले की 804 करोड़ के विकास कार्यों का लोकापर्ण व शिलान्यास भी किया।

निर्धारित समय से तकरीबन 15 मिनट लेट पहुंचे सीएम योगी ने सबसे पहले वहां स्थित शिव मंदिर में पूजन अर्चन किया और इसके बाद 1857 की क्रांति के वीर शहीद राजा राव राम बक्स सिंह की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां मैं राष्ट्र के नायकों का सम्मान करने आया हूं। ऐसे वीर सपूतों को पुष्पांजलि अर्पित करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि हमारे देश से आजादी के 75 वर्ष पूरे कर लिए है। आजादी के 100वें वर्ष में देश विश्व का नेतृत्व करेगा। जी 20 सम्मेलन की सफता विश्व पटल पर भारत के बढ़ते गौरव का परिचायक है। उन्होंने आगे कहा कि उन्नाव जिले में इंवेस्टर समिति में अपार संभावनाएं है इस लिहाज से यह जिला हमारे और अधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने महिला आरक्षण बिल पास होने को भाजपा में नारी गरिमा के सम्मान का प्रमाण बताया और कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं के सम्मेलन कराए जाएंगे। 20 मिनट के संबोधन के साथ ही सीएम योगी ने बैसवारा कल्याण समिति की पत्रिका का विमोचन भी किया। उन्होंने अंडर 19 क्रिकेटर अर्चना देवी का सम्मान किया घर की चाभी सौंपी। दो बच्चे अर्पित और अनाया का अन्नप्रासन किया। आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी गोल्डन कार्ड वितरित किए।

### सीएम ने 'वैक्सीन वार' फिल्म देखने की अपील

सीएम योगी ने कोरोना महामारी में भारतीय वैज्ञानिकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में देशवासियों को 220 करोड़ फ्री वैक्सीन डोज लगाई गयी। इसी को लेकर 'वैक्सीन वार' नाम से एक फिल्म बनी है। जिसमें अमारे वैज्ञानिकों के प्रयास को दिखाया गया है। कहा कि भारत के कैप्टन के तौर पर पीएम मोदी ने देश को कोविड महामारी से बचाया है। उन्होंने इशारों इशारों में कहा कि जब भारत संकट में था तब कुल लोग विदेशी जूठन पर पलकर देश में रहते देश के खिलाफ षड़यंत्र कर रहे थे। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

### काले कपड़े पहन कर सभा में जाने वाले सपाईयों को पुलिस ने रोका

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, वीरेंद्र शुक्ला, उमालाल यादव समेत अन्य लोग जन समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को काले कपड़े पहनकर ज्ञापन देने जा रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस ने उन्हें आजाद मार्ग पर रोक लिया। जिस पर वे सभी सड़क किनारे धरने पर बैठ गए। पुलिस ने ज्ञापन लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। सीओ सिटी आशुतोष ने बताया कि कुछ सपाई काले कपड़े पहनकर मुख्यमंत्री की जनसभा में जाने की सूचना मिली थी जिस पर उन्हें रोक लिया गया।



## भारतीय संस्कृति से संबंधित परीक्षा में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के लेक्चर हॉल में सोमवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2023 का आयोजन किया गया। श्री वेद माता गायत्री ट्रस्ट हरिद्वार के दिशा निर्देशन में संपन्न हुई इस परीक्षा में भारतीय संस्कृति से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिसका उत्तर प्रतिभागियों को ओएमआर शीट पर देना था। गायत्री परिवार कानपुर के पर्यवेक्षक उमेश कुमार कटियार ने बताया कि परीक्षा में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा इस संबंध में प्रतिभागियों को पहले से ही संस्कृति भास्कर नामक पुस्तिका अध्ययन सामग्री के रूप में वितरित कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित होने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर व सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाले परीक्षार्थी को कुलपति द्वारा स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया जायेगा। विभागाध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा के लिए कुल 60 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था।



## मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे सपाइयों को पुलिस ने रोका

* सूचना मिलते ही अचलगंज आजाद मार्ग पर सीओ समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने रोक लिया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला, सचिव मिन्टू निषाद समेत तमाम कार्यकर्ताओं के साथ डौंडिया खेड़ा में आये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन देने जा रहे थे। सूचना मिलते ही अचलगंज आजाद मार्ग पर सीओ समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने रोक लिया। ज्ञापन में सभी के द्वारा शुक्लागंज पुराने पुल की मरम्मत करा कर पुनः चालू कराया जानें जो कि सालों से बंद पड़ा है। बताया कि पुल उन्नाव को कानपुर महानगर से जोड़ता है कई बार अधिकारियों व सरकार से मांग के बावजूद यह पुल चालू नही किया गया है जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है अगर सही समय पर निर्माण ना किया गया तो आम नागरिकों को यातायात की समस्या से जूझना पड़ेगा । इसके साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा, शिक्षा मित्रों की बहाली व उनके जीवन स्तर को सुधारने के प्रति संवेदनहीनता के कारण विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर वि0ख0 सि0कर्ण के गाँव बाला कटरी निवासी शिक्षामित्र जगरूप उम्र 46 वर्ष की पत्नी कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही है जिसका प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है आर्थिक परेशानी के कारण से शिक्षामित्र जगरूप को आत्महत्या कर ली गयी आदि समस्याओं से अवगत कराने के लिए ज्ञापन लिखा गया था। सूचना पर पहुंचे सीओ सिटी, गंगाघाट पुलिस और अचलगंज पुलिस ने आजाद मार्ग हाइवे पर रोक लिया। जहां सीओ ने समझाया बुझाया। जिसके बाद मरहला चौकी लाया गया। जहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीओ को सौंपा गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### खेत जा रहे किसान को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** रविवार देर रात खेत जा रहे बाइक सवार किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टामर्टम के लिए भेजा है। औरास थाना क्षेत्र के अलीपुर मिचलौला कटरा मुबारकपुर निवासी राम आसरे पासी (52) पुत्र स्व. मखलू खेती किसानी करता था। देर रात 8 बजे बाइक से खेत जा रह था। तभी गांव से दो किमी दूर माइनर पुलिया के निकट दिलीप की बांस कोठी के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। खेतों की ओर जा रहे अन्य किसानों ने खून से लथपथ पड़ा देख परिजनों को सूचना दी। आनन फानन में परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक किसान के दो बेटों में संजय विवाहित और सरोज अविवाहित है। उसकी मौत पर पत्नी कमला देवी समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

### पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ़ दहेज हत्या का मुक़दमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि कानपुर छावनी दूध मंडी निवासी रईस ने बहन वरिशा फातिमा की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाये जाने का आरोप लगाते हुये कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने पति राजू रहमान, देवर पप्पू, सास, रहमतुल, ननद परवीन के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। रविवार को दरोगा जन्मेदय सिंह हमराहियों के साथ गश्त पर थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रहमत नगर निवासी दहेज हत्या में वांछित राजू रहमान पुत्र स्व0 अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया। जहां उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा गया है।

### मरहला और नेतुआ गांव के सामने तक जाम लगा

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** सोमवार दोपहर करीब तीन बजे ट्रेनें निकलने के कारण क्रासिंग बंद रही। जिस कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक जाम लगा रहा। क्रासिंग खुलने के बाद वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे। क्षतिग्रस्त मार्ग और संकरे मार्ग के चलते जाम और भीषण हो गया। जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम को देख पीआरडी के जवान दौड़े और किसी तरह आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान चार बजे तक राहगीरों को जाम का दंश झेलना पड़ा। वहीं पूरे दिन रूक रूक कर जाम लगने से राहगीरों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी।

### बीमारियों की रोकथाम को लेकर क्षेत्र में साफ सफाई कराई


**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान को देखते हुये एक माह तक पालिका के सभी वार्डों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत गंदगी में पनपने वाली जानलेवा बीमारी डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, दिमागी बुखार समेत अन्य बीमारियों की रोकथाम को लेकर क्षेत्र में साफ सफाई कराई। इसके साथ एंटी लार्वा दवा छिड़काव कराये जाने का निर्देश दिया है। पालिका प्रशासन के निर्देश पर वार्ड नंबर 15, 14, 10, 18 में सफाई कर्मियों ने नाला नाली की साफ सफाई करने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव करने के साथ ही मोहल्ले में रहने वाले लोगों को जागरूक भी किया। वहीं ईओ ने बताया कि इसी तरह अभियान चलाकर पालिका के सभी वार्डों में वृहद स्तर पर साफ सफाई कराई जायेगी।

### बंद पड़े घर को चोरों ने बनाया निशाना लाखों की चोरी

**जन एक्सप्रेस/चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मालौ सराय छितम गांव में चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए नकदी सहित लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। सूत्रों के मुताबिक रमेश गौतम जो कि मूल रूप से रसूलाबाद का रहने वाला है अपने परिवार के साथ शुक्रवार को अपने पैतृक गांव गया हुआ था। बंद पड़ा घर पाकर चोरों ने घर के भीतर रखा हुआ सिलेंडर ,इनवर्टर की बैटरी, जेवरात सहित ढाई हजार रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया है। ग्रामीणों ने 112 नंबर पर डायल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलती है चौबेपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। वहीं रमेश गौतम द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कर लिया गया है।

### आशुतोष द्विवेदी को राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं रोहित तिवारी को प्रांत संयोजक पद की मिली जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** भारत की चारों दिशाओं में चार दिव्य योग धाम की स्थापना व अयोध्या धाम में ब्रम्हर्षि वशिष्ठ योगपीठ की स्थापना में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से भारत योग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी महेश योगी ने बिठूर मे आशुतोष द्विवेदी को राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं रोहित तिवारी को प्रांत संयोजक नियुक्त किया। स्वामी महेश योगी ने बताया कि उनके द्वारा दिव्य योग धाम की स्थापना के लिए अयोध्या से 9000 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए भारत के चारों दिशाओं में पूर्वी भारत मेघालय में (पिगाछ धाम) पश्चिमी भारत गुजरात में (रुद्र धाम) उत्तरी भारत जम्मू कश्मीर में (हनुमत धाम) तथा दक्षिण भारत केरल में (रामेष्ट धाम) की स्थापना होगी। जिससे योग, आयुर्वेद व अध्यात्म की अविरल गंगा प्रवाहित हो सकें।



## पति को बेरहमी से कत्ल करने वाली पत्नी और उसका प्रेमी गिरफ्तार

* पति की हत्या में प्रयुक्त हथियार तो बरामद, लेकिन शव नदारत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

गुजैनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिछले दिनों पति का कत्ल करने के बाद पत्नी और प्रेमी ने शव को नहर में फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए कातिल पत्नी और उसके प्रेमी दोनों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। लेकिन कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के काफी प्रयासों के बाद भी अभी तक शव की बरामद की नहीं की जा सकी है

आपको बताते चलें कि गुजैनी थानाक्षेत्र के अंतर्गत आशनाई में पति की हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने प्रेमिका और प्रेमी को गिरफ्तार भी किया है। डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पत्नी सुमन यादव ने अपने प्रेमी राजेश कुमार के साथ मिलकर बीती 22 सितंबर को पति संजय यादव की चाकू से गोदकर हत्या करने के बाद शव को गुजैनी नहर में फेंक दिया था। दोनों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया। हत्या में प्रयुक्त चाकू, खून से सने कपड़े, मृतक की साइकिल व मोबाइल बरामद भी पुलिस में बरामद कर लिया है। लेकिन अभी तक मृतक पति संजय के शव का कुछ भी पता नहीं चला है।

### यह है पूरा मामला

मूलरूप से फरुर्खाबाद के नगला बहादुर गांव निवासी तुलाराम ने बताया कि उसके बेटे संजय उर्फ अग्रेतरपाल की शादी वर्ष 2004 में छिबरामऊ के बहादुरपुर गांव निवासी सुमन से हुई थी। संजय व सुमन के दो बच्चे बेटी तनु उम्र 13 वर्ष व बेटा देवेश उम्र 16 वर्ष है। संजय चार वर्ष पूर्व पत्नी सुमन व बेटी तनु को लेकर कानपुर आया था, जहां रावतपुर में किराए का मकान लेकर रहना शुरू किया था। संजय गुड़ गांव में प्राइवेट नौकरी करता था, जबकि सुमन दादा नगर स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करती थी। इस दौरान सुमन की मुलाकात गुजैनी मायापुरम निवासी राम उर्फ राजेश से हुई। इस दौरान दोनों के बीच में प्रेम संबंध शुरू हो गया। दो माह पूर्व संजय गुड़ गांव से नौकरी छोड़कर शहर आ गया। संजय के लौटने के बाद दोनों का मिलना-जुलना ब मुश्किल ही हो पता था। इसके बाद सुमन व राजेश ने मिलकर संजय की हत्या की साजिश रच डाली। 26 सितंबर को राजेश संजय को शराब पिलाने के बहाने अपने घर ले गया और संजय के नशे में होने के बाद उसके गले में चाकू से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। संजय की हत्या करने के बाद दोनों साथियों ने लाश को ठिकाने लगाने के लिए गुजैनी नहर में जाकर शव को फेंक दिया। फिलहाल अभी अपनी जिंदगी सलाखों के पीछे ही बिताएंगे।

### समाज व पुलिस को गुमराह करने के लिए पत्नी ने दर्ज कराई थी पति की गुमशुदगी

मृतक संजय यादव की शातिर पत्नी सुमन यादव ने समाज और पुलिस को गुमराह करने के लिए रावतपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी ताकि संजय यादव उर्फ अग्रेतर पाल की हत्या किए जाने का शक पुलिस और समाज सुमन यादव पर ना करें।

### शादी का झांसा देकर युवक ने युवती का किया शोषण

**जन एक्सप्रेस/ कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार जहां एक और नारी सशक्तिकरण की बात कर रही है वहीं दूसरी ओर अभी भी महिलाओं के ऊपर अत्याचार हो रहा है। ऐसा ही एक मामला बीते दिन देखने को मिला जब घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली एक युवती ने गांव के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर कई वर्षो तक लगातार शारीरिक संबंध बनाने को लेकर के प्रार्थना पत्र दिया है। युवती ने यह भी आरोप लगाया है कि कई महीनों से वह थाने के चक्कर लगा रही है लेकिन अभी तक ना तो मुकदमा दर्ज किया गया और ना ही पुलिस ने युवक के खिलाफ कोई कार्रवाई की है। बीते दिन सोमवार को थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने उत्तर प्रदेश पुलिस के ऊपर फिर से सवालिया निशान लगा दिया है। युवती का कहना है कि पिछले 1 महीने से वह लगातार थाने के चक्कर लगा रही है लेकिन अभी तक उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। जब भी घाटमपुर थाने पहुंचती है तो किसी न किसी बहाने से उसे टहला दिया जाता है। युवती का आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने शादी का झांसा देते हुए कई वर्षों तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएं।

## उत्तरी गांव निवासी 6 माह बीत गए शिवराम किसान भटक रहा है वृद्धा पेंशन के लिए

* आरोप हरेंद्र बाबू धक्का देकर कार्यालय से भगा देते हैं

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन के लिए महिलाएं और पुरुष बुजुर्ग बार-बार ब्लॉक बैंक और जिला मुख्यालय के चक्कर लगाते थक गए हैं किसान शिवराम ने बताया 6 माह से अधिक का समय बीत गया है होली के समय खाते में पैसा आया था तब से चक्कर ही लग रहे हैं बाबू लोगों के लेकिन पैसा नहीं आया है वहीं पर कानपुर कार्यालय का बाबू हरेंद्र ने किसान शिवराम उत्तरीपुरा निवासी को धक्का देकर बाहर कर दिया कहा यहां पर बार-बार मत आओ बैंक में जाकर पता करो आखिरकार बुजुर्ग कहां जाएं किससे पूछे कोई कहता है बैंक तो कोई बताता है ब्लॉक कार्यालय जाओ यह समस्या शिवराम की ही नहीं है सैकड़ो की तादाद में ब्लॉक में प्रतिदिन चक्कर लगाने किसान आते हैं किसान भूख प्यास से भटकते किसान वापस घर मायूस होकर लौट जाते हैं कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है हर अधिकारी एक फुटबॉल की तरह से इधर से उधर पाली में कर देते है। खंड विकास अधिकारी ,समाज कल्याण अधिकारी से मिलने के लिए कहते है तो समाज कल्याण अधिकारी बैंक में जाकर पता करने के लिए कहते है। चक्कर काटने के बाद भी अभी तक पेंशन नहीं मिली है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव बाबू सिंह से फोन पर संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि यह आम समस्या हो गई है कि अधिकारी एक दूसरे पर बात को टाल देते हैं और समस्या जस की तस पड़ी हुई है फिरोजाबाद से चलकर लखनऊ मुख्यमंत्री आवास तक पदयात्रा चल रही है 11 तारीख को समापन है मुलाकात मुख्यमंत्री से होने के बाद । बिल्हौर पहुंचकर इस संबंध में तहसील मुख्यालय पर वृद्धा और विधवा पेंशन के लिए सभी पीड़ितों को बुलाकर धरना प्रदर्शन करेंगे जब तक खाते में पैसा नहीं आ जाएगा तब तक धरना जारी रहेगा।

### रजिस्ट्रेशन कर चुके अभ्यर्थी आज प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आईटीआई में प्रवेश के लिए पूर्व में रजिस्ट्रेशन कर चुके अभ्यर्थी अब मंगलवार 10 अक्टूबर तक प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य डॉ.नरेश कुमार ने देते हुए बताया कि आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था और चयनित नही हो सके है वह सभी अभ्यर्थी आज आईटीआई में खाली सीटों पर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

**कार्यालय- सहकारी संघ / पूर्ति भण्डार प्रतापपुर वि0 ख0 चौबेपुर कानपुर नगर**

पत्रांक मेमो0 - 2023-24 दिनाँक: 09/10/23


सहकारी संघ/ पूर्ति भण्डार प्रतापपुर वि0 ख0 चौबेपुर एक सहकारी संख्या है। वर्तमान में संस्था में पूर्ण कालिक कर्मचारी न होने के कारण संस्थायें में उर्वरक ब्यवसाय एवं अन्य कार्य अवरुद्ध है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये संस्था में एक पूर्ण कालीन कर्मचारी की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन दिनांक 24-10. 2023 तक रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से संस्था के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। जिसकी योग्यता निम्नवत है।1- कृषि/रसायन विषय से स्नातक 2- कम्प्यूटर संचालन प्रमाणपत्र / समस्त शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल से स्नातक तक की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं अपनी दो नवीनतम फोटोग्राफ सहित कार्यालय में प्रेषित करे। जिनका चयन उनकी योग्यता /मैरिट के आधार पर किया जायेगा। चमनित अभ्यार्थी को संस्था द्वारा किये गये व्यवसाय से अनुमन्य लाभ प्राप्त होने से श्रमायुक्त द्वारा निर्धारित कुशल श्रमिक को देय पारिश्रमिक के अनुसार देय होगा।

सचिव/अध्यक्ष
सहकारी संघ/ पूर्ति भण्डार
प्रतापपुर वि0 ख0 चौबेपुर

## नानामऊ उप स्वास्थ्य केंद्र पर एक दर्जन मरीज भर्ती, फार्मासिस्ट के सहारे चल रहा








जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या उप स्वास्थ्य केंद्र हो जहां पर जितने सरकार द्वारा डॉक्टरों की ड्यूटी रजिस्टर पर लगी है लेकिन वह मौके पर नदारत है। इस कड़ी मे जन एक्सप्रेस तहसील संवाददाता ने सोमवार 1ः00 बजे नानामऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर हकीकत देखी तो अर्चंभित रह गए वहां पर नर्सिंग होम की तरह हर बेड पर एक-एक मरीज लेटा हुआ था सभी के ड्रिप लगी हुई थी और सभी के साथ एक तीमारदार बैठा हुआ था एक दर्जन मरीज भर्ती मिले जिसमें से तीन मरीज उन्नाव जिले के भार्ती थे । दीपा पुत्री दिनेश कुमार 9 वर्ष, निवासी हनुमानपुरवा, लखना देवी 45 वर्षीय निवासी मोहनपुरवा, शांति देवी पत्नी सुंदरलाल 45 वर्षीय ठाकुरियापुर, शिवदेवी 35 वर्षीय निवासी नौबतगंज, उन्नाव, इशिका 9 वर्ष निवासी बांगरमऊ, उन्नाव, जागेंद्र 30 वर्ष निवासी बांगरमऊ, उन्नाव, कमलेश, निवासी ढाका पुरवा, सर्वेश, रामकुमार, उमाकांती, मिथिलेश कुमारी, जय देवी आदि भार्ती मिले जिनकी देखरेख फार्मासिस्ट गौरव औमर इंजेक्शन मरीज को लगा रहे थे। विदा वर्मा दबा वितरित कर रही थी बताया करीब 300 मरीजो का प्रतिदिन आने का आंकड़ा है। बदलते मौसम के हिसाब से मरीजो की संख्या बढ़ रही है।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

## हिन्द नगर कालोनी नियमित कहलायेगी: पुष्कर

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** सदस्य लखनऊ विकास प्राधिकरण पुष्कर शुक्ला ने बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण की महानगर योजना 2031 में हिंदनगर कालोनी नियमित कहलाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयास जारी है। एलडीए बोर्ड की बैठक में उन्होंने कहा कि हिंद नगर कालोनी नगर निगम को हस्तांतरित है। उन्होंने अनुरोध किया कि कालोनी को महायोजना में चिन्हित अवैध कालोनियों की सूची से हटा दिया जाय। बैठक में विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि हिन्दनगर कालोनी को अनधिकृत कालोनियों की सूची से हटाने सम्बन्ध में मुख्य नगर नियोजक द्वारा अगली बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले मे 80 अभ्यर्थियों को मिला जॉब ऑफर

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजकीय आईटीआई अलीगंज लखनऊ में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले का उद्घाटन प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने किया। मेले में अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया।प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि टाटा मोटर्स लि0, पंतनगर, उत्तराखण्ड एवं जय भारत मारूति लि अहमदाबाद गुजरात मे जॉब लिए 150 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें 80 अभ्यर्थियों को 12,270 से 18,200 रूपये प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार, फ्री कैन्टीन एवं फ्री ट्रांसपोर्ट की सुविधा के साथ जॉब के ऑफर दिये गये।

## हुनरमंद, मेहनतकश और गरीब के साथ हर कदम पर खड़ी है सरकार: केशव प्रसाद मौर्य

**उप मुख्यमंत्री ने सोनभद्र के मनरेगा श्रमिक के बेटे रामबाबू के एशियाई गेम्स में कांस्य पदक जीतने पर दी बधाई**



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

19वें एशियाई खेलों की पैदल चाल स्पर्धा के कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले सोनभद्र के मनरेगा श्रमिक के बेटे रामराबू को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं और विश्वास दिलाया है कि ग्राम्य विकास विभाग से जुड़ी हर उस योजना का लाभ उन्हें उपलब्ध कराएगा ,जिसके वो पात्र होंगे।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि बिना किसी भेदभाव के हर गरीब और पात्र व्यक्ति तक हर योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है। अब प्रदेश में 'गरीबी' किसी के भी विकास में बाधक भी नहीं बन सकती। 19वें एशियाई खेलों की पैदल चाल स्पर्धा के कांस्य पदक विजेता रामराबू की कड़ी मेहनत और धैर्य उनकी इस सफलता की कहानी को बयां कर रही है। एशियाई खेलों में रेस वॉक मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीत कर न केवल देश बल्कि अपने माता-पिता,गांव,जनपद और प्रदेश का भी मान बढ़ाया है। उनके इस संघर्ष और सफलता में सरकार ने भी हर संभव मदद उनके परिवार तक पहुंचाई है। वो चाहें मनरेगा के तहत जॉब कार्ड हो,आवास हो ,शुद्ध पेयजल या फिर भूमि आवंटन हो सभी तरह से योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है।उत्तर प्रदेश के सोनभद्र के राबर्ट्सगंज विकासखंड के बहुअरा गांव के निवासी 23 वर्षीय रामबाबू जिनके पिता का नाम छोटेलाल है।































## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण: 172 करोड़ 66 लाख स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत सामान्य मद अनुदान संख्या 13 मे राज्यांश की अवशेष धनराशि के सापेक्ष रूपये 17266.56 लाख रूपये की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है।इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि योजनान्तर्गत स्वीकृत की गयी धनराशि स्टेट नोडल बैंक एकाउन्ट से पीएफएमएस के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खातें में नियमानुसार अन्तरित की जाय। शासनादेश में निर्देश दिए गए हैं कि समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए स्वीकृत की गयी धनराशि के विरुद्ध निर्धारित लक्ष्यों के प्राप्त होने व उसके परीक्षण सत्यापन समय से किया जाय और धनराशि के नियम संगत आहरण व्यय तथा निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा।यह भी निर्देश दिए गए हैं कि धनराशि के आहरण के संबंध में मितव्ययता संबंधी समय-समय पर निर्गत शासनादेशों एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन किया जाय।ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि स्वीकृत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित किया जायेगा।

